CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक | संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

35 YEARS देशबन्धु

बिलासपुर, शुक्रवार, 9 मई 2025 । वर्ष – 35 । अंक – 9 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 4.00 रु





- हिंद की सेना का जवाब कि, 'हां तुम एक विफल राष्ट्र हो!'
- अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता 9 मई से स्विट्जरलैंड में होगी शुरू

पृष्ठ 4

- सुरक्षित ठिकाने व निकासी योजना तैयार रखें अमेरिकी नागरिक
- अमेरिका के साथ नहीं होगी सीधी बात : ईरान

पृष्ठ 9

सचिन ने रोहित के टेस्ट करियर की सराहना की


पृष्ठ 10


## भारत ने पाकिस्तान पर की जवाबी कार्रवाई

# पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम किया तबाह

**नई दिल्ली**, 8 मई (देशबन्धु)। पहलगाम हमले के जवाब में भारत के मिसाइल हमलों के बाद पाकिस्तान बौखला गया है। अपनी बौखलाहट में उसने भारत के कई अग्रिम स्थानों पर गोलाबारी

- विदेश सचिव मिस्री, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने की प्रेस ब्रीफिंग
- भारत के मिसाइल हमलों से बौखलाया पाकिस्तान
- 15 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की







की है। हालांकि, भारतीय सेनाओं की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान को काफी खामियाजा उठाना पड़ा है। भारत की सीमा से सटे पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर लाहौर में उसे काफी नुकसान पहुंचा है। भारत ने लाहौर में पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। इसी के साथ, पाकिस्तान ने भारत में 15 शहरों में स्थित सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की, जिसे सेना ने नाकाम कर दिया। गुरुवार शाम विदेश सचिव विवेक मिस्री, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने दोबारा प्रेस ब्रीफिंग कर इस जानकारी को दोहराया।

गुरुवार सुबह से पाकिस्तानी मीडिया के हवाले से इस तरह की खबरें सामने आ रही थीं कि लाहौर में कुछ धमाके सुनाई दिए हैं। अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों से भी इसी तरह की खबरें सामने आ रही थीं। इसके बाद सरकार के पत्र सूचना कार्यालय यानी पीआईबी की तरफ से दोपहर 2:34 बजे एक वक्तव्य जारी किया गया। इसमें कहा गया कि माहौल को और तनावपूर्ण बनाने की पाकिस्तान की कोशिशों को नाकाम कर दिया गया है। साथ ही भारत ने पाकिस्तान की हरकतों का माकूल जवाब दिया है।

**उत्तर व पश्चिम भारत के कई क्षेत्रों को निशाना बनाया**–वक्तव्य के मुताबिक, 7 और 8 मई की दरमियानी रात को पाकिस्तान ने उत्तर और पश्चिम भारत के कई क्षेत्रों को निशाना बनाया। इनमें अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, शेष पृष्ठ 2 पर

## ऑपरेशन सिंदूर पर सर्वदलीय बैठक हुई

# सभी दलों ने सरकार व सेना के कदम का समर्थन किया: रिजिजू

**नई दिल्ली**, 8 मई (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने गुरुवार को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट करने की कार्रवाई के संबंध में विभिन्न राजनीतिक दलों को जानकारी देने के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलाई। इस बैठक में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अध्यक्षता की और भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किए गए इस ऑपरेशन की विस्तृत जानकारी सभी दलों के नेताओं के साथ साझा की। बैठक में सभी दलों ने एकजुटता दिखाते हुए सरकार और सेना के इस कदम का समर्थन किया।

'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर सर्वदलीय बैठक के बाद केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, आज सर्वदलीय बैठक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में बहुत अच्छे से हुई है। गंभीर विषय था इसलिए सभी ने गंभीरता से अपने बात रखी। सबसे पहले रक्षा मंत्री ने सभी नेताओं को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। इसके बाद सभी ने अपना मत रखा और सुझाव भी दिए। शेष पृष्ठ 2 पर



### पार्टी ने सरकार को पूर्ण समर्थन दिया है: खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बैठक के बाद कहा कि उनकी पार्टी ने सरकार को पूर्ण समर्थन दिया है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सुझाव दिया कि संसद का विशेष सत्र बुलाकर इस मुद्दे पर चर्चा की जाए, ताकि सांसद अपने विचार रख सकें और इससे जनता का विश्वास बढ़े। हालांकि, सरकार ने इस सुझाव पर कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी।

## सार संक्षेप

### प्रदूषण निकायों के मामले में दिल्ली, उप्र व हरियाणा के मुख्य सचिवों को अवमानना नोटिस

**नई दिल्ली**। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान की सरकारों को फटकार लगाई है। यह फटकार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड्स में रिक्तियों को लेकर लगाई गई। सुप्रीम कोर्ट ने बताया कि दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में 55 प्रतिशत पद खाली पड़े हैं। सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि रिक्तियों की वजह से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड काम नहीं कर पा रहे हैं और लगभग खत्म होने के कगार पर हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के मुख्य सचिवों को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

### 'स्टारलिंक' को सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू करने को मंजूरी

**नई दिल्ली**। भारत सरकार ने अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को देश में सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू करने के लिए हरी झंडी दिखा दी है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने स्टारलिंक को 'लेटर ऑफ इंटेंट' (एलओआई) जारी कर दिया है। इसका मतलब है कि कंपनी अब भारत में अपनी सेवाएं शुरू करने के लिए अगला कदम उठा सकती है। स्टारलिंक की सेवाएं खासकर उन इलाकों के लिए फायदेमंद मानी जा रही हैं, जहां अभी तक ब्रॉडबैंड इंटरनेट नहीं पहुंच पाया है।

### 10 मई तक बंद रहेंगे 27 एयरपोर्ट्स

**नई दिल्ली**। भारत की ओर से 'ऑपरेशन सिंदूर' सफलतापूर्वक किए जाने के बाद गुरुवार को करीब 43 नागरिक उड़ानों को रद्द कर दिया गया है। यह देश की कुल शेड्यूल उड़ानों का करीब 3 प्रतिशत है। इसके साथ ही 27 एयरपोर्ट्स 1 मई तक बंद रहेंगे। जिनमें श्रीनगर, जम्मू, लेह, चंडीगढ़, अमृतसर, लुधियाना, पटियाला, बठिंडा, हलवारा, पठानकोट, भुंतर, शिमला, गग्गल, धर्मशाला, किशनगढ़, जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, मुंद्रा, जामनगर, राजकोट, पोरबंदर, कांडला, केशोद, भुज, ग्वालियर और हिंडन शामिल हैं।

### जयशंकर ने ईरान, सऊदी अरब के मंत्रियों के साथ की बैठक

**नई दिल्ली**। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री सैय्यद अब्बास आरग्ची और सऊदी अरब के विदेश राज्य मंत्री अदेल अलजुबेर के साथ मुलाकात की और उन्हें ऑपरेशन सिन्दूर को लेकर भारत के दृष्टिकोण से परिचित कराया और कहा कि भारत इसे आगे नहीं बढ़ाना चाहता है लेकिन यदि हम पर हमला हुआ तो उसका बहुत सख्त जवाब दिया जाएगा।

# आईईडी ब्लास्ट में तेलंगाना के पांच जवान शहीद

## नक्सलवाद के बड़े कैडर के दो कमांडर की भी मौत, साथ ही 8 नक्सली भी ढेर

**बीजापुर**, 8 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर इलाके में करेगुट्टा ऑपरेशन के बीच तेलंगाना में बड़ा नक्सली हमला हुआ है। नक्सलियों ने एक बार फिर कायराना हमला करते हुए पुलिस बल को निशाना बनाया है। करेगुट्टा ऑपरेशन के दौरान, जब तेलंगाना पुलिस के जवान नक्सल विरोधी अभियान पर निकले थे, तभी नक्सलियों ने वाज़ेड इलाके के पास आईडी ब्लास्ट कर दिया। जानकारी के अनुसार, तेलंगाना और बीजापुर की सीमा पर नक्सलियों से मुठभेड़ के दौरान ढ्धश्ष्ठ ब्लास्ट में अब तक 5 जवान शहीद हुए हैं, जबकि एक जवान गंभीर रूप से घायल है। मुठभेड़ में सीसी मेम्बर चंद्रना और स्ँष्टरूबंडी प्रकाश समेत कुल 8 नक्सलियों के मारे जाने की खबर सामने आई है। बीजापुर के उसूर क्षेत्र के शेष पृष्ठ 2 पर



# उत्तरकाशी में हेलीकॉप्टर क्रेश, छह की मौत

**उत्तरकाशी**, 8 मई (देशबन्धु)। गुरूवार की सुबह जनपद के गंगनानी के समीप एक हेलीकॉप्टर के क्रैश होने से पायलेट सहित उसमे सवार छह लोगों की मौत हो गई। जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल है। घायलों को उपचार के लिए ऋषिकेश एम्स लाया गया है। हेलीकॉप्टर में कुल सात लोग सवार थे। हेलीकॉप्टर ने दून के सहस्त्रधारा हेलीपैड से हर्षिल के लिए उड़ान भरी थी।

- सहस्त्रधारा हेलीपैड से हर्षिल के लिए भरी थी उड़ान
- हेलीकॉप्टर में पायलट समेत कुल 7 लोग सवार थे



गुरुवार की सुबह लगभग आठ बजे हेलीकॉप्टर क्रैश होने की सूचना मिलते ही प्रशासन और राहत–बचाव टीमें मौके की ओर रवाना हो गई। दुर्घटनास्थल पर पहुंचते ही टीमों ने रेस्क्यू शुरू कर दिया। हेलीकॉप्टर में पायलट समेत कुल 7 लोग सवार थे। इनमें से छह लोगों शेष पृष्ठ 2 पर

# प्रदेश के सभी पंचायतों में एक साल के भीतर मिलेगी बैंकिंग सुविधा : मुख्यमंत्री

**रायपुर**, 8 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के सभी 11 हजार से अधिक पंचायतों में एक साल के भीतर बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार नए–नए रिफॉर्म लाकर भ्रष्टाचार के रास्ते बंद कर रही है। भ्रष्टाचार को रोकने भूमि रजिस्ट्री के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव किए गए हैं। वे आज सुशासन तिहार के अंतर्गत सूरजपुर जिले के ग्राम पटना में आयोजित समाधान शिविर को सम्बोधित कर रहे थे।

- सुशासन लाने हम कर रहे भ्रष्टाचार के सभी रास्ते बंद



श्री साय ने इस मौके पर गुमेटी घाट को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने 81.90 करोड़ तथा सरना–देवगुड़ी के विकास के लिए 45.42 लाख रूपए की घोषणा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने विभिन्न सड़कों, पुल–पुलियों के लिए 48 करोड़ 26 लाख रूपए की मंजूरी दी। मुख्यमंत्री ने समाधान शिविर शेष पृष्ठ 2 पर

# केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह प्रदेश को देंगे साढ़े तीन लाख पीएम आवास की सौगात : साय

**रायपुर**, 8 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सूरजपुर के लिए सिविल लाइन हेलीपैड से रवाना हुए। इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा, सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण का आज चौथा दिन है।

जनचौपाल लगाकर जनता से संवाद कर समस्या का समाधान किया जा रहा है। पीएम आवास की मांग सबसे ज्यादा आ रही है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान 13 मई को प्रदेश को साढ़े तीन लाख पीएम आवास की सौगात देने वाले हैं, जिससे आवास की मांगों की पूर्ति हो जाएगी। सीएम साय ने कहा, सुशासन तिहार में कई तरह की मांगें आ रही है। प्रधानमंत्री आवास, गैस कनेक्शन समेत अन्य मांगें शामिल हैं। उन्होंने कहा, 13 मई को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान छत्तीसगढ़ दौरा में आ रहे हैं। वे सूरजपुर के अंबिकापुर में बड़ी आमसभा करेंगे। प्रदेश को साढ़े तीन लाख पीएम आवास की सौगात मिलेगी, जिससे आवास की मांगों की पूर्ति हो जाएगी।

## हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

# मैटरनिटी लीव है मौलिक अधिकार

### गोद लेने वाली मां को भी मिलेगी 180 दिन की छुट्टी

**बिलासपुर**, 8 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने मातृत्व अवकाश को लेकर ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। एक मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा है कि मां बनना किसी भी महिला के जीवन का खूबसूरत पल होता है, ऐसे में मातृत्व अवकाश छूट नहीं, बल्कि यह मौलिक अधिकार है। लीव अप्रूव करते समय जैविक, सरोगेसी और गोद लेने वाली मां में भेदभाव नहीं किया जा सकता। अवकाश से वंचित करना मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। कोर्ट ने अपने फैसले में 2 दिन की नवजात बच्ची को गोद लेने वाली महिला अधिकारी को 180 दिन की चाइल्ड एडॉप्शन लीव देने के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट ने उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें सिर्फ 84 दिन की छुट्टी दी गई थी। मामले की सुनवाई जस्टिस विभू दत्त गुरु की सिंगल बेंच में हुई।

याचिकाकर्ता की वर्ष 2013 में भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रायपुर में नियुक्ति हुई है। वर्तमान में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। उनका 2006 में विवाह हुआ है। विवाह के बाद 20 नवंबर 2023 को उन्होंने दो दिन की एक शेष पृष्ठ 2 पर

## हाई कोर्ट में अहम नियुक्तियां

# मनीष कुमार रजिस्ट्रार जनरल, तो मंसूर अहमद रजिस्ट्रार नियुक्त

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में एक साथ चार अहम पदों पर नियुक्ति की गई है। इसमें रजिस्ट्रार जनरल, रजिस्ट्रार और अतिरिक्त रजिस्ट्रार के अलावा छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी में निदेशक की नियुक्ति शामिल है। छत्तीसगढ़ उच्चा न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के आदेश की गई नियुक्ति में रजिस्ट्रार मनीष कुमार ठाकुर को रजिस्ट्रार जनरल, जशपुर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंसूर अहमद को रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है। इनके अलावा अतिरिक्त रजिस्ट्रार निधि शर्मा तिवारी को छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी, बिलासपुर का निदेशक महासमुंद द्वितीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार पांडे को अतिरिक्त रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है।


KALINGA INSTITUTE OF INDUSTRIAL TECHNOLOGY (KIIT)
Deemed to be University
(Established U/S 3 of UGC Act 1956), Bhubaneswar, Odisha, India

15th nirf Among Indian Universities Ranked by NIRF, Govt. of India
A++ Grade Accredited by NAAC
Tier 1 NBA Re-accredited by NBA All Engineering Programs for 6 Years

KIITEE 2025 PHASE - 2
APPLY ONLINE
through KIIT Websites
www.kiitee.ac.in / www.kiit.ac.in
Last Date to Apply 4th June 2025 | No Examination Fee (Computer-Based Test)
KIITEE 2025 Online Test (Phase -2) starts from
8th June to 12th June 2025

Special Consultative Status by the UN-ECOSOC
ABET (US) Accreditation
THE 601-800 University Ranking World University Rankings
IET The Institute of Engineering and Technology

ACADEMIC PROGRAMMES AVAILABLE

UG (3 years/4 years)/Integrated (5 years) Programmes [All 4 years Programmes are with Honors/Research]

B.Tech Programmes
- Civil
- Construction Technology
- Electrical
- Electrical & Computer Science
- Mechanical
- Mechanical (Automobile)
- Aerospace
- Mechatronics
- Electronics & Telecommunication
- Electronics & Computer Science
- Electronics & Electrical
- Electronics (VLSI Design & Technology)
- Chemical
- Computer Science & Engineering (CSE)
- CSE (Artificial Intelligence & Machine Learning)
- CSE (Artificial Intelligence)
- CSE (Cyber Security)
- CSE (Data Science)
- CSE (Internet of Things & Cyber Security including Block Chain Technology)
- CSE (Internet of Things)
- Information Technology
- Computer Science & System
- Computer Science & Communication

UG Programmes in other Disciplines
- B.Design (Automobile/Graphic/Product)
- B.Design (Fashion / Textile)
- B.Tech & M.Tech Biotechnology (5yrs)
- B.Tech (Lateral Entry)
- B.Arch
- BCA
- BBA
- B.Sc (Hospitality & Tourism)
- Bachelor of Film & Television Production
- Bachelor of Communication & Journalism
- Bachelor of Physical Education & Sports
- BA Economics
- BA Sociology
- BA English
- BA Psychology
- BA French
- BA Spanish
- BA Japanese
- BA German
- B.Com
- B.Sc (Economics & Data Analytics)
- B.Sc Computer Science
- B.Sc Nursing
- B.Pharma
- D.Pharma
- BA LLB/BBA LLB/B.Sc LLB (Hons) 5yrs

PG (1 year/2 years)/Integrated (5 years) Programmes
- M.Tech
- LLM (1yr)
- MCA
- M.Sc Biotechnology
- M.Sc Applied Microbiology
- M.Arch
- MBA
- MBA in Rural Management
- MBA in Agribusiness Management
- MBA-IEV (Innovation, Entrepreneurship and Venture Development)
- Master of Communication & Journalism
- Master in Urban & Regional Planning
- Master in Yoga & Naturopathy
- Master of Hospital Administration
- Master of Public Health
- MA in Fashion Management
- M. Design (Interior)
- M.Sc Computer Science
- MA Economics
- MA Sociology
- MA English
- MA Psychology
- Master in Public Policy
- M.Com
- M.Sc Physics
- M.Sc Chemistry
- M.Sc Mathematics & Data Science
- Master in Library & Information Sciences
- Master in Physical Education & Sports
- M.Sc Nursing
- Integrated M.Tech & Ph.D
- Ph.D

CAMPUS PLACEMENT 2024 HIGHLIGHTS
700+ Companies
5585+ Job Offers
₹53 LPA Highest Salary Offered
₹8.50 LPA Average CTC
1500+ Paid Internships
1000+ Students with multiple job offers

Director, Admissions : Admission Cell, Koel Campus, Po- KIIT, Bhubaneswar-751024, Odisha, India.
Ph: 8080 735 735, Fax : 0674 - 2741465, Email: admission@kiit.ac.in, Website: www.kiitee.ac.in

KIIT (Deemed to be University) has only one permanent campus in Bhubaneswar, Odisha.
It has no other campus / off campus anywhere else in the country and globe.

# अमोरा में समाधान शिविर आयोजित, जिले के प्रभारी मंत्री हुए शामिल

### 14 ग्राम पंचायतों के 04 हजार 182 आवेदनों का हुआ निराकरण






**मुंगेली, 08 मई (देशबन्धु)।** सुशासन तिहार के अंतर्गत पथरिया विकासखण्ड के ग्राम अमोरा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन शामिल हुए। उन्होंने शिविर में 344 शौचालयों की स्वीकृति दी। मनरेगा के अंतर्गत 07 हितग्राहियों को पशु शेड निर्माण के लिए स्वीकृति पत्र, 33 को नवीन जॉब कार्ड, 54 को नवीन राशन कार्ड, 61 को पेंशन स्वीकृति पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 03 को प्रतीकात्मक चाबी, महतारी वंदन योजना के 02 हितग्राहियों को शॉल और नारियल भेंट किए गए इसके अतिरिक्त 02 महिलाओं की गोदभराई, 02 बच्चों का अन्नप्राशन तथा 01 बच्चे को सुपोषण टोकरी प्रदान की गई। शिक्षा विभाग के माध्यम से 09 बच्चों को श्रवण यंत्र, लो विजन किट, ब्रेल लिपि किट, एमआर किट, व्हील चेयर वितरित की गई। फुटकर मत्स्य विक्रय योजनांतर्गत 03 हितग्राहियों को आइस बॉक्स और पंजीयन, 06 कृषकों को पावर स्प्रेयर, 05 कृषकों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि अंतर्गत 1 लाख 80 हजार रुपए का चेक दिया गया। एनआरएलएम अंतर्गत 06 स्व-सहायता समूहों को चेक राशि, 03 हितग्राहियों को लर्निंग लाइसेंस, 10 कृषकों को केसीसी योजना अंतर्गत कुल 9 लाख 34 हजार रुपए का ऋण, 05 को श्रम कार्ड, 06 को पौधा वितरण और 05 को आयुष्मान वय वंदना व आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री देवांगन ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य है आमजन की समस्याओं का तत्काल निराकरण करना। उन्होंने बताया कि शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त हजारों आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया है। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि समाधान शिविरों में विभिन्न विभागों के जनकल्याणकारी स्टॉल लगाए गए हैं, जिनका आम जनता को लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने वर्षा जल संचयन और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर बल दिया।पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने आमजनों से आग्रह किया कि वे समाधान शिविरों में अपनी समस्याएं निःसंकोच रखें क्योंकि इन शिविरों का उद्देश्य ही समस्याओं का त्वरित समाधान है।इस दौरान वनमंडलाधिकारी अभिनव कुमार, अपर कलेक्टर जी. एल. यादव, पथरिया एसडीएम बी. आर. ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय सहित अन्य अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया और योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की।

# प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मिले दुर्गा मंदिर धनपुर ट्रस्ट के पदाधिकारी

**प्रभारी मंत्री को स्मरण कराया-सवा साल बाद भी नहीं मिली तत्कालीन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल द्वारा घोषित 25 लाख रुपए की राशि**

**जिला स्थापना दिवस एवं अरपा महोत्सव कार्यक्रम में हुई थी श्री आदि शक्ति मां दुर्गा देवी मंदिर पब्लिक ट्रस्ट धनपुर को 25 लाख रुपए देने की घोषणा**



**गौरेला पेंड्रा मरवाही 08 मई (देशबन्धु)।** गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से श्री आदिशक्ति मां दुर्गा देवी मंदिर पब्लिक ट्रस्ट धनपुर जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर तत्कालीन मंत्री छत्तीसगढ़ शासन बृजमोहन अग्रवाल द्वारा धनपुर दुर्गा मंदिर के लिए घोषित 25 लाख रुपए देने की मांग की।

ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल के पेंड्रा प्रवास दौरान उनसे मिलकर बताया कि 10 फरवरी 2024 को जिला स्थापना एवं अरपा महोत्सव कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ शासन के तत्कालीन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल द्वारा श्री आदि शक्ति मां दुर्गा देवी मंदिर पब्लिक ट्रस्ट धनपुर के सौंदर्यीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए 25 लाख रुपए की घोषणा की थी जो आज पर्यंत नहीं मिली है जिसके कारण मंदिर का निर्माण कार्य आधा अधूरा पड़ा हुआ है। ट्रस्ट के पदाधिकारीयों ने स्मरण दिलाया कि उपरोक्त कार्यक्रम के दौरान आप भी उपस्थित थे। ट्रस्ट के पदाधिकारीयों के स्मरण पत्र का संज्ञान लेते हुए मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने घोषित राशि 25 लाख रुपए शीघ्र छत्तीसगढ़ शासन से दिलाने का आश्वासन दिया है। प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल से मुलाकात के दौरान ट्रस्ट के पदाधिकारी अक्षय नामदेव ,सुरेश पांडे,भागवत सिंह मार्को, फलपाल सिंह, गोविंद सिंह इत्यादि उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### आर.के पब्लिक स्कूल बरेला में रिजल्ट रहा शत प्रतिशत



**तखतपुर** 08 मई (देशबन्धु)। आर के पब्लिक स्कूल में कक्षा 10वीं और 12वीं बरेला का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा बच्चों ने अपने माता पिता के साथ क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस सत्र से संचालित हो रही जहां कक्षा 12वी तक अंग्रेजी माध्यम बच्चा पढाई कर सकेगा। जिसमें प्रथम स्थान पर 94.16 प्रतिशत के साथ अर्पिता साहू, द्वितीय सौम्या रात्रे 92.66, तृतीय माधुरी मिश्रा 91.33, चतुर्थ अर्पित तिवारी 89.16, एवं पांचवा स्थान अरिहंत शर्मा 85.66 रहा। शाला के संस्थापक रविंद्र तिवारी ने कहा कि हमारा प्रयास आगे भी कक्षा 12वीं तक बच्चों का स्थान इसी तरह बनाए रखना रहेगा। इस वर्ष विज्ञान गणित वाणिज्य एवं कला सभी विषयों की पढ़ाई विद्यार्थी कर सकते हैं। मार्गदर्शक पवन गुप्ता एवं प्राचार्या शारदा गुप्ता उत्तीर्ण परीक्षार्थी के परिणाम पर हर्ष व्यक्त किया है। सुश्री पुष्पांजलि बंजारा,अर्चना सोनी, कामेश पांडे विकास जांगड़े,पिंकी जांगड़े, फातिमा कपासी, नफीशा लक्ष्मीधर,दमयंती कश्यप,रुक्मणी महोबिया, ने विशेष रूप रेखा बनाकर विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए सदैव तत्पर किया जिसके परिणाम स्वरूप सभी शाला परिवार की ओर से सफल हुए विद्यार्थियों को ढेरो शुभकामनाएं दी।

### भाजपा मंडल तखतपुर की कार्यकारिणी गठित



**तखतपुर** 08 मई (देशबन्धु)। भाजपा मंडल के कार्यकारणी का विस्तार विधायक धर्मजीत सिंह के मार्गदर्शन में जिला अध्यक्ष दीपक सिंह व मंडल अध्यक्ष नैनलाल साहू के द्वारा किया गया जिसमें महामंत्री प्रमोद ठाकुर व प्रीतम कश्यप को बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, राजअभिषेकपांडे,मालती यादव , पुष्पलता रात्रे, मंडल मंत्री सरजू यादव, उद्यो साहू,प्रतिभा देवांगन, रमा कश्यप , कोषाध्यक्ष शिव देवांगन व मंडल कार्यसमिति के सदस्यों की कार्यकारणी की घोषणा हुई सभी पदाधिकारी ने संगठन को मजबूत प्रदान करने की बात कही।

### अंशिका सिंह ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में 86.2% अंक प्राप्त किया



**मुंगेली** 08 मई (देशबन्धु)। आत्मानंद स्कूल, की होनहार छात्रा अंशिका सिंह ने 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि स्कूल और जिले का भी नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे परिवार और विद्यालय में हर्ष और उल्लास का माहौल है।जिला शिक्षा अधिकारी ने अंशिका सिंह को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। स्कूल के प्रिंसिपल ने भी अंशिका को बधाई दी और कहा कि उसकी मेहनत, लगन और अनुशासन का परिणाम है कि उसने यह शानदार उपलब्धि हासिल की है।अंशिका सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार, शिक्षकों और खासकर अपनी बड़ी बहन को दिया है। उन्होंने कहा कि नियमित पढ़ाई, समय का सही प्रबंधन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह संभव हो सका।इस उपलब्धि के बाद अंशिका सिंह ने आगे की पढ़ाई के लिए उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश की तैयारी शुरू कर दी है।

### दुपहिया वाहन की चोरी

**तखतपुर** 08 मई (देशबन्धु)। वैवाहिक कार्यक्रम से वापस लौटते समय शौच लगने पर सड़क किनारे दूपहिया वाहन को खड़ा कर शौच कर जब वापस आया तो दूपहिया वाहन मौके पर नही थी पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 303,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जाब कालोनी राजकिशोर नगर सरकंडा बिलासपुर निवासी कपिल कुमार साहू बिलासपुर में कपिल मोटर गैरज के नाम से व्यापार करता है वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुंगेली करही गया था वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वह वापस बिलासपुर लौट रहा था पेट में गड़बड़ होने के कारण शौच के लिए नगोई मोड़ पुल के पास अपने दूपहिया वाहन सीजी 10 एनए 2443 को खड़ा कर चला गया वापस जब दूपहिया वाहन को लेने के लिए आया तो देखा कि उक्त दूपहिया वाहन मौके पर नही थी। रिपोर्ट पर धारा 303,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम...**

कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, उत्तरलाई, नाल, फलौदी और भुज शामिल थे। पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइलों के जरिए इन स्थानों को निशाना बनाया। हालांकि भारत ने इन हमलों को निष्क्रिय कर दिया। हमलों को निष्क्रिय करने के बाद मलबे को बरामद कर लिया गया है।

**एलओसी पर गोलाबारी में 16 लोगों की जान गई**

पाकिस्तान नियंत्रण रेखा स्थित जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, उड़ी, पुंछ, मेंढर और राजौरी सेक्टर में मोर्टार से गोले दाग रहा है, इनमें 16 नागरिकों की जान गई है। इनमें तीन महिलाएं और पांच बच्चे शामिल हैं। यहां भी भारत को पाकिस्तान को करारा जवाब देना पड़ा, जिसके बाद पाकिस्तान को गोलाबारी रोकना पड़ी।

**एस-400 मिसाइल सिस्टम से हमलों को नाकाम किया**

भारतीय वायुसेना ने बुधवार रात भारत की तरफ आ रहे टारगेट्स को वायु रक्षा प्रणाली 'एस-400 सुदर्शन चक्र मिसाइल सिस्टम' से निशाना बनाया। एस-400 से सफलतापूर्वक सभी टारगेट्स को तबाह कर दिया गया। वहीं भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए हार्पी ड्रोन्स से पाकिस्तान के वायु सुरक्षा प्रणाली को निशाना बनाया और लाहौर स्थित रडार सिस्टम को तबाह कर दिया। एस-400 वायु रक्षा प्रणाली उपकरणों का एक नेटवर्क है, जिसे हवाई खतरों से निपटने के लिए किसी विशिष्ट क्षेत्र में तैनात किया जाता है। यह दुश्मन के लड़ाकू विमानों, मिसाइलों और ड्रोन्स को हवा में ही निशाना बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।

**रावलपिंडी स्टेडियम पर हमले के बाद सहमा पाकिस्तान**

भारत के ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान सहम गया है और उसकी हालत लगातार खराब होती जा रही है भारतीय सेना ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला बुधवार तड़के पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमला करके ले लिया था। इसमें दर्जनों आतंकी मारे गए। इसका नाम ऑपरेशन सिंदूर रखा गया है उसके बाद गुरुवार (8 मई) को एक के बाद एक दर्जनों ड्रोन हमलों से पूरा पाकिस्तान दहल उठा है। कराची, लाहौर, इस्लामाबाद और रावलपिंडी जैसे शहरों में भी धमाके हुए हैं। रावलपिंडी स्टेडियम पर हुए हमले के बाद लोग सहम गए हैं।

**सभी दलों ने सरकार व सेना...**

सभी नेताओं ने सेनाओं को बधाई भी दी। कहा कि हम एकजुट हैं और सेना की हर कार्रवाई में साथ देंगे। मैं सभी नेताओं को धन्यवाद करता हूं और ये सकारात्मक बैठक थी।

रिजिजू ने फेक न्यूज के प्रति भी आगाह किया। उन्होंने कहा, कई फेक न्यूज फैलाई जा रही हैं। मैं सभी से अपील करता हूं कि केवल प्रामाणिक सूचनाओं पर भरोसा करें और असत्यापित खबरों से बचें। उन्होंने नेताओं द्वारा दिए गए सुझावों को मूल्यवान बताया और कहा कि सरकार इन पर विचार करेगी।

**आईईडी ब्लास्ट में तेलंगाना के...**

लंकापल्ली क्षेत्र में मुठभेड़ चल रही है। हमले के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव का माहौल है और सुरक्षाबलों ने मोर्चा संभालते हुए इलाके में मुठभेड़ शुरू कर दी है। फिलहाल मुठभेड़ जारी है और सुरक्षाबल नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं।

**उत्तरकाशी में हेलीकॉप्टर क्रेश...**

की दुर्घटनास्थल पर ही मौत हो गई। एक व्यक्ति घायल हुआ हैं। बताया जा रहा है कि यह प्राइवेट कम्पनी का हेलीकाप्टर एयरोट्रांस सर्विस का था। दुर्घटनास्थल पर पुलिस, आर्मी फोर्स, आपदा प्रबंधन, 108 एंबुलेंस वाहन, तहसीलदार भटवाड़ी, एसडीएम भटवाड़ी और राजस्व टीम पहुंचीं और उन्होंने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी के गंगनानी में गुरुवार को हुए हेलीकॉप्टर हादसे पर दुख जताया है और उन्होंने इस पूरी घटना की जांच के लिए निर्देश भी दिए हैं।

**प्रदेश के सभी पंचायतों में...**

में कहा कि भूमि रजिस्ट्री के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव किए गए हैं। अब भूमि के ऑनलाइन रजिस्ट्री के साथ ही नामांतरण भी उसी दिन हो जा रहा है। पहले भूमि के रजिस्ट्री के बाद नामांतरण के लिए महीनों चक्कर काटना पड़ता था। अब रिफॉर्म के बाद एक ओर जहां भूमि की रजिस्ट्री में होने वाली धोखाधड़ी रूकेगी, वहीं लोगों को सुविधा भी मिलेगी। इसी प्रकार पारिवारिक दान और हक त्याग के मामलों को भी आसान किया गया है। अब 500 रूपए के शुल्क के साथ परिवार के सदस्यों को भूमि एवं संपत्ति दी जा सकती है।

उन्होंने कहा कि पंचायतों में बैंकिग सुविधा उपलब्ध कराने पहले चरण में राज्य में 24 अप्रैल राष्ट्रीय पंचायत दिवस के दिन से 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजीटल सेवा केन्द्र (कॉमन सर्विस सेंटर) शुरू किए गए हैं। जिसके माध्यम से ग्रामीणों को राशि के लेन-देन तथा विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं। दूसरे चरण में 6 माह के भीतर 5 हजार ग्राम पंचायतों में यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि आवासहीन लोगों को प्रधानमंत्री आवास दिलाने के लिए आवास प्लस-प्लस के लिए सर्वे किया जा रहा है। सभी आवासहीन इस सर्वे करा लें, जिससे कि उन्हें आवास मिल सके।

**मैटरनिटी लीव है...**

नवजात बच्ची को गोद लिया। इसके बाद, याचिकाकर्ता ने 180 दिनों के लिए बाल दत्तक ग्रहण अवकाश के लिए आवेदन किया। संस्थान ने उनके छुट्टी को यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि संस्थान की मानव संसाधन नीति में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। हालांकि परिवर्तित अवकाश के लिए संस्थान की नीति अधिकतम 60 दिन का प्रावधान करती है। इसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका लगाकर नियम को चुनौती दी। याचिका में जस्टिस बीडी गुरु की कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि महिला के लिए मां बनना जीवन की सबसे स्वाभाविक घटना है। महिला के लिए बच्चे के जन्म को सुविधाजनक बनाने हेतु जो कुछ भी आवश्यक है, जो सेवा में है, नियोक्ता को विचारशील और सहानुभूतिपूर्ण होना चाहिए। उसके प्रति और शारीरिक कठिनाइयों का एहसास होना चाहिए जो एक कामकाजी महिला को होती हैं। कार्यस्थल पर अपने कर्तव्यों का पालन करते समय महिलाओं को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। याचिकाकर्ता दो दिन की एक नवजात बच्ची को गोद लिया है। कोर्ट ने कहा, दत्तक ग्रहण, संतान पालन अवकाश केवल लाभ नहीं है, बल्कि एक ऐसा अधिकार है जो किसी महिला को उसके परिवार की देखभाल करने की मूलभूत आवश्यकता को पूर्ण करता है। हाईकोर्ट ने मातृत्व अवकाश अस्वीकार करने के आदेश को निरस्त कर संस्थान को याचिकाकर्ता को 180 दिन का अवकाश देने कहा है।

# शास. उच्च. माध्यमिक विद्यालय टेमरी, का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट





**10वीं व 12वीं दोनों कक्षाओं में उल्लेखनीय सफलता, विद्यार्थियों ने बढ़ाया विद्यालय का गौरव**

**मुंगेली** 08 मई (देशबन्धु)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टेमरी का वार्षिक बोर्ड परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी अत्यंत सराहनीय रहा। कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्तीर्ण प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। कक्षा 10वीं में कुल 122 विद्यार्थियों में से 120 ने परीक्षा दी, जिसमें से 77 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, 13 पूरक की श्रेणी में और 30 अनुत्तीर्ण रहे। इस वर्ष 10वीं का उत्तीर्ण प्रतिशत 64% रहा, जो कि विगत वर्ष 2024 के 57% से कहीं अधिक है। कक्षा में प्रथम स्थान आकाश कुमार ने 600 में से 559 अंक (93.16%) प्राप्त कर अर्जित किया।कक्षा 12वीं में कुल 74 विद्यार्थियों में से 62 उत्तीर्ण हुए, 9 पूरक की श्रेणी में और 6 अनुत्तीर्ण रहे। यहां का उत्तीर्ण प्रतिशत 84% रहा, जो कि पिछले वर्ष के 64% की तुलना में कहीं अधिक संतोषजनक है। कक्षा की प्रथम छात्रा बीना साहू ने 500 में से 406 अंक (81.2%) अर्जित किए।विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती मीनाक्षी चतुर्वेदी ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी और पूरक व अनुत्तीर्ण छात्रों को आगामी द्वितीय मुख्य परीक्षा की तैयारी हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विद्यालय में प्री-बोर्ड एवं छमाही परीक्षाएं बोर्ड पैटर्न के अनुरूप, क्व ष्ट सेट में आयोजित की गई थीं, जिससे विद्यार्थियों को परीक्षा अनुभव में लाभ मिला। विद्यालय परिवार की इस सफलता पर राजेंद्र शर्मा (परीक्षा प्रभारी), दीनू कुमार मारखंडे, कु. गरिमा यादव (व्याख्याता), दिग्विजय सिंह (शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष), श्रीमती ममता साहू (सरपंच, नवागांव टेमरी) एवं बलदाऊ साहू ने विद्यार्थियों को उनके घर जाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### समाधान शिविर ग्राम भालापुर व नपा लोरमी में आज

**मुंगेली**, 08 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के अंतर्गत 09 मई को मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम भालापुर और नगर पालिका लोरमी के मानस मंच के पास समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा।ग्राम भालापुर में आयोजित होने वाले शिविर में ग्राम पंचायत करूपान, संबलपुर, चकरभाठा, झलियापुर, नारायणपुर, मुड़पार, टेढ़ाधौंरा, भालापुर, लछनपुर अ., टेमरी, डोड़ा, जल्ली, सिंगबांधा, कोहड़िया, भीमपुरी और पौनी सहित कुल 16 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है।इसी प्रकार नगर पालिका लोरमी में आयोजित शिविर में शिव वार्ड, पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड, महामाया वार्ड, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, विवेकानंद वार्ड, हरिविहार वार्ड, जय दुर्गा वार्ड, सुभाषचंद्र बोस वार्ड, महावीर वार्ड और इंदिरा गांधी वार्ड के नागरिकों को शामिल किया गया है।

### निधन

**सतीश भोई**



**बिलासपुर।** विकास नगर 27 खोली आनंद अपार्टमेंट निवासी विद्युत कम्पनी तिफरा में कार्यरत सेक्शन अधिकारी सतीश भोई (ग़ज़लकार,कवि) का लम्बे समय से इलाज उपरांत प्रातः चार बजे निधन हो गया । उनकी अंतिम यात्रा उनके पैतृक निवास कतियापरा जूना बिलासपुर से निकल कर दयालबंद स्थित मुक्ति धाम मधुबन में दिनांक 8 मई को दोपहर 12-00 बजे उनके बड़े पुत्र आकाश भोई ने दाह संस्कार किया। दिवंगत सतीश भोई भाजपा की नेत्री श्रीमती त्रिवेणी भोई के पति एवं आकाश भोई,हिमांशु भोई एवं अंकित भोई के पिता थे।

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, LAXMI CHANDNANI D/O MANOJ CHANDNANI resident of A 1 BUILDING FLAT NO. 606, SHUBHAM VIHAR MANGLA, GWALANI PRIDE, BILASPUR (M CORP.) PO. BILASPUR DISTT. BILASPUR (C.G.) 495001 have changed my old name LAXMI CHANDNANI D/O MANOJ CHANDNANI so in future I should be recognized by my new name that is LAXMI BAJAJ W/O JITENDRA BAJAJ in all Government and other documents.

**LAXMI BAJAJ**
A 1 BUILDING FLAT NO. 606, SHUBHAM VIHAR MANGLA, GWALANI PRIDE, BILASPUR (M CORP.) PO. BILASPUR DISTT. BILASPUR (C.G.) 495001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, R. B. SINGH S/O NARSINGH BAHADUR SINGH resident of H.NO. 162, NEHRU NAGAR, WARD NO. 31, BALCONAGAR, KORBA, (C.G.) 495684 have changed my old name R. B. SINGH S/O NARSINGH BAHADUR SINGH so in future I should be recognized by my new name that is RAJESH SINGH S/O NARSINGH BAHADUR SINGH in all Government and other documents.

**RAJESH SINGH**
H.NO. 162, NEHRU NAGAR, WARD NO. 31, BALCONAGAR, KORBA, (C.G.) 495684

**समक्ष श्रीमान नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**शपथ-पत्र**

मैं दिनेश कुमार अग्रवाल उम्र-67 वर्ष पिता स्व. श्री सीताराम अग्रवाल निवासी-रायपुर राइस मिल तोरवा, बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) का हूं जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करता हू कि- 1. यह कि मैं उक्त पते पर निवासरत हूं तथा मेरा आधार नंबर 933961402699 है। 2. यह कि, मेरी पुत्री दीक्षा अग्रवाल (DIKSHA AGARWAL) के कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12 वीं के अंकसूची में मेरा नाम दिनेश अग्रवाल (DINESH AGRAWAL) दर्ज है जबकि मेरी पुत्री के अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम दिनेश कुमार अग्रवाल (DINESH KUMAR AGRAWAL) दर्ज है और यही नाम मेरे समस्त दस्तावेजों में भी दर्ज है। 3. यह कि, दिनेश अग्रवाल (DINESH KUMAR AGRAWAL) एवं दिनेश कुमार अग्रवाल (DINESH KUMAR AGRAWAL) दोनों नाम एक ही व्यक्ति का नाम है अर्थात मेरा ही नाम है। 4. यह कि, मेरी पुत्री दीक्षा अग्रवाल (DIKSHA AGARWAL) अपने नाम पर पासपोर्ट बनवाना चाहती है। 5. यह कि, मेरी पुत्री दीक्षा अग्रवाल (DIKSHA AGRAWAL) के पासपोर्ट में उसके पिता का नाम (DINESH KUMAR AGRAWAL) दर्ज कराना चाहता हूं। 6. यह कि, मेरे द्वारा दी गई उक्त जानकारी सत्य व सही है किसी भी प्रकार के असत्य कथन के लिए मैं स्वंय जिम्मेदार रहुंगा। 7. यह कि, यह शपथ पत्र में मेरे उपरोक्त कथन के समर्थन में निष्पादित किया गया है, जिसे संबंधित कार्यालय विभाग में प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं दिनेश कुमार अग्रवाल शपथकर्ता शपथ पूर्वक सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र की कंडिका नंबर 1 से 7 तक में वर्णित समस्त कथन सत्य व सही है, जिसे आज दिनांक 07.05.2025 को स्थान बिलासपुर में पढ़कर समझकर सत्य होना जानकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित कर रहा हूं।

शपथकर्ता

**आवश्यकता है**

रायपुर,और राजनांदगांव में ऑनलाइन सामान की डिलिवरी हेतु लड़के चाहिए। बाहर वालो को रहने की सुविधा मिलेगी। अपना वाहन नही होने पर,कम्पनी देगी ।6264826402 में पहले अपना बायोडाटा भेजिये। फिर कम्पनी की तरफ से काल आएगी।

**आवश्यकता है**

रायपुर,भिलाई,बिलासपुर, राजनांदगांव, में चारो जगह ड्राईक्लीन का काम जानने वाले की जरूरत है। बाहर वालो को रहने की व्यवस्था मिलेगी।

सम्पर्क करें।
6264826402

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना संख्याः एनआईटी/81/25/ दिनांकः 06.05.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल निम्नलिखित वस्तुओं के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैंः

| क्र. | निविदा संख्या | निविदा खुलने की तिथि | निविदा खुलने का समय | निविदा पत्र लागत (रु.) | अर्नेस्ट मनी डिपोसिट (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 81251120A | 02/06/2025 | 10:30 | 00 | 66980 |

**विवरणः-** ड्राइवर डिस्प्ले यूनिट, मॉडल संख्या HMI-O-10-TS DCE 4522, BT पार्ट संख्या 3EST000235-7 010 BT मेक प्रोपल्शन 3-फेज लोकोमोटिव के लिए [वारंटी अवधिः डिलीवरी की तारीख से 30 महीने बाद]

"निविदाकर्ता कृपया हमारी वेब साइट https://www.ireps.gov.in जाएं ।
" **नोटः-** विवादास्पद स्थिति में अंग्रेजी पाठ संस्करण प्रमाणिक मानी जाएगी ।

वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक
द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
सीपीआर/10/45

**कार्यालय नगरपालिका परिषद् चांपा जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**// निविदा सूचना //**

क्रमांक/ 455/ जल शाखा/ न.पा./ 2025-26 चांपा, दिनांक 08/05/2025

नगर पालिका चांपा क्षेत्रांतर्गत स्थित नये फिल्टर प्लांट एवं पुराने फिल्टर प्लांट तथा पंप हाउसों के मोटर, स्टाटर पैनल तथा वाल्व मरम्मत कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों/ निर्माताओं/ अधिकृत विक्रेताओं से मैनुअल निविदा दर अनुसूची पर प्रपत्र ''स'' में आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 22/5/2025 सायंकाल 2.00 बजे तक।
2. निविदा प्रपत्र हेतु रसीद कटने एवं प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि 23/05/2025 सायंकाल 5.00 बजे तक।
3. निविदा स्पीड पोस्ट से जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 30/05/2025 सायंकाल 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि दिनांक 30/05/2025 सायंकाल 4.00 बजे से।

| क्र | कार्य का विवरण | मद | अनुमानित लागत (राशि लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा प्रपत्र | समयावधि (कार्यादेश से) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगरपालिका परिषद चांपा क्षेत्रांतर्गत पेयजल व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के एच.पी. का मोटर मरम्म्त कार्य | मरम्मत संधारण या अन्य निधि | 9.00 | 9000.00 | 750.00 | 'स' | 01 माह |

(1) उक्त निविदा के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।(2) पूर्ण होने वाले कार्यों से एस.डी., आई.टी., जी.एस.टी., अन्य कटौती की राशि रोक कर उप अभियंता के मूल्यांकन उपरांत नियमानुसार भुगतान किया जायेगा।(3) कार्यादेश में उल्लेखित समयावधि में कार्य अनिवार्यतः पूर्ण करना होगा।(4) निविदा से संबंधित नियम एवं शर्तें तथा अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा एवं विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखा जा सकता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद चांपा

# देश

उवाच

कांग्रेस में कई नेता हैं। सभी के बयानों पर प्रतिक्रिया तो नहीं दी जा सकती है। कांग्रेस में राहुल गांधी या फिर मल्लिकार्जुन खड़गे बयान देते तो स्वाभाविक है कि टिप्पणी की जा सकती है। लेकिन, कांग्रेस में इतने नेता हैं, सभी के बयानों पर प्रतिक्रिया देना संभव नहीं। उदित राज जैसे कई कांग्रेस में हैं, जो 'बेचैन आत्मा' हैं, उनके बयानों पर क्या प्रतिक्रिया दें: दिलीप जायसवाल, भाजपा नेता




| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 37.3 | 26.6 |
| मुंबई | 32.6 | 24.6 |
| कोलकाता | 38. | 26.4 |
| चेन्नई | 34.6 | 26.2 |

# हमारी सहनशीलता का कोई नाजायज फायदा नहीं उठाए, मुंहतोड़ जवाब मिलेगा : राजनाथ सिंह

■ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ भवन में 'राष्ट्रीय गुणवत्ता सम्मेलन-2025' को संबोधित किया

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को पाकिस्तान को दो टूक संदेश देते हुए कहा कि हमारी सहनशीलता का कोई नाजायज फायदा नहीं उठाए। वरना उसे हमारी क्वालिटी कार्रवाई का सामना करने के लिए भी पूरी तरह तैयार रहना होगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ भवन में 'राष्ट्रीय गुणवत्ता सम्मेलन- 2025' को संबोधित करते हुए कहा कि हमने हमेशा ही, एक जिम्मेदार राष्ट्र होने का रोल, बड़े संयम से निभाया है। हम लगातार इस बात के पक्षधर रहे हैं कि समस्याओं का समाधान बातचीत के जरिए हो। इसका अर्थ यह नहीं है कि हमारी सहनशीलता का कोई नाजायज फायदा उठाए। यदि कहीं, कोई, हमारे इस संयम का फायदा उठाने की कोशिश करता है, तो उसे कल की तरह ही, 'क्वालिटी कार्रवाई' का सामना करने के लिए भी पूरी तरह तैयार रहना होगा।

उन्होंने पाकिस्तान को चेताते हुए कहा कि भारत की संप्रभुता की सुरक्षा में, कोई भी हद हमारे लिए बाधा नहीं बनेगी, इसका मैं देशवासियों को भरोसा देता हूं। ऐसे जिम्मेदार प्रतिक्रियाओं के लिए हम आगे भी पूरी तरह तैयार हैं और यदि हमारी यह तैयारी बनी हुई है, तो इसमें आपका एक बहुत बड़ा रोल है। भारत का यह रक्षा औद्योगिक जगत का विस्तार, भारत को एक अभूतपूर्व संबल प्रदान कर रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ भवन में 'राष्ट्रीय गुणवत्ता सम्मेलन- 202' को संबोधित करते हुए कहा, 'पाकिस्तान और पीओके में जिस तरह से हमारे सुरक्षा बलों ने आतंकी ठिकानों को तबाह किया है, वह हम सबके लिए एक गौरव का विषय है। क्वालिटी की क्या भूमिका होती है, यह क्या रोल अदा करती है, इसका नमूना हमने कल देखा। जिस सटीकता के साथ ऑपरेशन 'सिंदूर' किया गया, वह अकल्पनीय और सराहनीय है। इसमें 9 आतंकी ठिकाने तबाह हुए और इसमें काफी संख्या में आतंकी मारे गए। जिस तरह से इस ऑपरेशन में निर्दोषों को नुकसान पहुंचाए बिना अंजाम दिया गया, वह इसलिए संभव हो पाया है क्योंकि हमारी सेनाओं के पास बेहतरीन क्वालिटी के हथियार थे।' उन्होंने आगे कहा, 'हमें भारतीय रक्षा उद्योग को एक मजबूत और विश्वसनीय ब्रांड बनाना है। आज मैं आपसे एक महत्वपूर्ण अपील करने आया हूं। यह अपील है एक मजबूत, विश्व अग्रणी और अत्याधुनिक 'ब्रांड भारत' बनाने की है, ताकि जब देशों को दुनिया के रक्षा बाजार में उत्पादों के बारे में संदेह हो, तो वे 'ब्रांड इंडिया' को चुनें।



हमने हमेशा ही, एक जिम्मेदार राष्ट्र होने का रोल, बड़े संयम से निभाया है। हम लगातार इस बात के पक्षधर रहे हैं कि समस्याओं का समाधान बातचीत के जरिए हो। इसका अर्थ यह नहीं है कि हमारी सहनशीलता का कोई नाजायज फायदा उठाए : राजनाथ सिंह, केंद्रीय रक्षा मंत्री

## भारत को आंख दिखाने वालों को हम शांत करने में ज्यादा समय नहीं लगाते : मनोज झा

**नई दिल्ली।** 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर हुई सर्वदलीय बैठक के बाद आरजेडी सांसद मनोज झा की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने सेना की तारीफ करते हुए कहा कि पूरा देश एकजुट है और हमें सेना पर गर्व है। सर्वदलीय बैठक पर आरजेडी सांसद मनोज कुमार झा ने कहा, 'यह बहुत जरूरी था। इस ऑपरेशन से पहले और पहलगाम की बर्बर दुर्घटना के बाद भी एक सर्वदलीय बैठक की गई, जिसमें सबने एकजुटता दिखाई। आज की सर्वदलीय बैठक में भी राष्ट्रीय सुरक्षा, अखंडता और आतंकवाद जैसे मुद्दों पर एकजुट होकर आवाज उठाई गई। कोई भी पार्टी इन मामलों पर अलग तरीके से नहीं सोचती है। भले ही हमारे देश में अलग-अलग पार्टियां हैं, लेकिन सभी के विचार एक ही हैं।'

## भारत को छेड़ने वाले लोगों को छोड़ेंगे नहीं, आतंकियों का सफाया करके ही सांस लेंगे : शिवराज



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि भारत किसी को नहीं छेड़ता है, अगर कोई हमें छेड़े तो उसे हम छोड़ते नहीं हैं। ऑपरेशन सिंदूर पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, 'हम सबका कल्याण चाहते हैं और इसलिए हम किसी को छेड़ते नहीं हैं, लेकिन यह भी स्पष्ट है कि कोई हमें छेड़ता है तो उसे हम नहीं छोड़ते। यह अद्भुत देश है। एक साथ कई मोर्चों पर काम चल रहा है। भारत अब दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है' केंद्रीय कृषि मंत्री ने नई दिल्ली स्थित पूसा में आयोजित कृषि आधारित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारत के आतंकवाद विरोधी अभियान का जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'एक तरफ आईपीएल भी चल रहा है, तो दूसरी तरफ आतंकवादियों के सफाए का महाअभियान चल रहा है। हमारी बेटियों की इज्जत को तार-तार करने वालों का सफाया हो चुका है। इन आतंकवादियों और उनके ठिकानों, उन्हें समर्थन देने वालों का सफाया हो चुका है। पीएम मोदी के नेतृत्व में हमारा यही संकल्प है कि आतंकवादियों को जड़ से मिटाकर ही सांस लेंगे।' केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, 'विकास कोई साधारण कार्य नहीं है, यह वास्तव में असाधारण है। हालांकि, मैं इस क्षेत्र में परियोजनाओं और विकास के बारे में अभी विस्तार से नहीं बताऊंगा, लेकिन मैं इतना कहूंगा कि हमारा देश, भारत, 5,000 वर्षों से अधिक पुराने ज्ञात इतिहास वाला एक प्राचीन और महान राष्ट्र है।'

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद कर्नाटक में सुरक्षा बढ़ाई गई : सिद्दारमैया

**बेंगलुरु,** 8 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने गुरुवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के मद्देनजर पूरे राज्य में खास तौर पर बांधों के आसपास सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। श्री सिद्दारमैया ने कहा कि पाकिस्तानी नागरिकों के खिलाफ निर्वासन की कार्रवाई चल रही है। इनमें से अधिकांश को वापस भेजा जा चुका है और कुछ मामले अभी अदालतों में लंबित हैं। उन्होंने मांड्या में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा, 'हमने बांधों समेत प्रमुख बुनियादी ढांचे के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है और सभी एहतियाती कदम उठा रहे हैं। केंद्र ने नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल के लिए निर्देश जारी किए हैं, जो उसी के अनुसार आयोजित किए जा रहे हैं' उन्होंने राज्य में रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मांग पर भी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'उनमें से अधिकांश को पहले ही वापस भेजा जा चुका है। हालांकि, कुछ लोगों ने अदालत का दरवाजा खटखटाया है और उचित प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है।' राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बेंगलुरु में सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए कहा, 'रायचूर, कैगा और केआरएस इंडस्ट्रीज से विशेष पुलिस बल तैनात किए गए हैं, जिन्हें कमांडो प्रशिक्षण मिला है। सभी विभागों में पर्याप्त संख्या में कर्मी मौजूद हैं और अगर और भर्ती की जाती है तो एक साल का प्रशिक्षण कार्यक्रम लागू किया जाएगा।' उन्होंने केंद्र द्वारा निर्देशित मॉक ड्रिल के बारे में कहा, 'कल की मॉक ड्रिल सफल रही। केंद्र सरकार ने हमें तीन जिलों में इसे आयोजित करने का निर्देश दिया था। तैयारियों को मजबूत करने के लिए राज्य ने मैसूरु को भी चुना है।



पाकिस्तानी नागरिकों के खिलाफ निर्वासन की कार्रवाई चल रही है। इनमें से अधिकांश को वापस भेजा जा चुका है और कुछ मामले अभी अदालतों में लंबित हैं: सिद्दारमैया, मुख्यमंत्री कर्नाटक

## कर्नाटक में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर मंदिरों में विशेष पूजा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने भारतीय सशस्त्र बलों के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में राज्य के मंदिरों में विशेष प्रार्थना करने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार ने मुजराई विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी मंदिरों को निर्देश दिया है कि वे पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थनाएं आयोजित करें। परिवहन और मुजराई (धर्मार्थ सम्पत्ति प्रबंधन) मंत्री बी रामलिंगा रेड्डी ने गुरुवार को यहां मीडियाकर्मियों को बताया कि हिन्दू धार्मिक संस्थानों और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग के आयुक्त ने एक परिपत्र जारी किया गया है। परिपत्र में मुजराई विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी मंदिरों को पहलगाम आतंकवादी हमले के प्रतिशोध में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि निर्देश को सख्ती से और बिना किसी अपवाद के लागू किया जाना चाहिए। परिपत्र में कहा गया है कि यह कदम पहलगाम में हुए नृशंस आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सेना की कार्रवाई के लिए एक श्रद्धांजलि के रूप में उठाया गया है जिसमें शिवमोगा के व्यवसायी मंजूनाथ राव सहित कई नागरिकों की जान चली गई थी।

## सार संक्षेप

### मणिपुर में दो उग्रवादियों को किया गिरफ्तार, हथियार बरामद

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने पिछले 24 घंटों के दौरान दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है और एक अन्य स्थान से हथियार बरामद किये हैं। पुलिस ने गुरुवार को यहां बताया कि इंफाल पश्चिम जिले के पटसोई पुलिस थाने के अंतर्गत अवांग खुनौ मायाई लेइकाई से एक उग्रवादी गिरफ्तार किया गया है। एक अन्य अभियान में पुलिस ने इसी जिले के वांगोई थाने के तहत इरमसिपाई लेइराक अशांगबा से केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने थौबल जिले के नोंगपोक-सेकमाई के अंतर्गत बेंगी गांव के पास ग्वारोक हिल रेंज से मैगजीन के साथ एक .33 राइफल, चार हथगोले (बिना डेटोनेटर के) और एक 'पोम्पी गन' (इम्प्रोवाइज्ड मोर्टार) भी बरामद किया।

### स्टालिन ने दो मंत्रियों के विभाग में फेरबदल किया

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने गुरुवार को दो मंत्रियों के विभाग में बदलाव किये। बदलाव के तहत कानून मंत्रालय जो अब तक श्री एस. रघुपति के पास था, उसे जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन को सौंप दिया गया है जबकि खनिज एवं खान विभाग के श्री दुरईमुरुगन से लेकर श्री रघुपति को दे दिया गया है और उन्हें प्राकृतिक संसाधन मंत्री बनाया गया है। राजभवन की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है, 'मुख्यमंत्री की सिफारिश के आधार पर जल संसाधन मंत्री श्री दुरईमुरुगन को कानून विभाग आवंटित किया गया है।

### बीकानेर हादसाः गैस सिलेंडर विस्फोट के बाद गिरी थी इमारत, आठ लोगों की मौत

**बीकानेर।** राजस्थान के बीकानेर में गैस सिलेंडर विस्फोट में अब तक 8 लोगों की मौत हो गई है। बचाव दल ने गुरुवार सुबह घर के मलबे में दबे तीन और शवों को बरामद कर लिया है। मामला बीकानेर के कोतवाली के पास स्थित मदन मार्केट का है। बुधवार को गैस सिलेंडर में विस्फोट के कारण पांच मंजिला इमारत ढह गई थी। हादसे के तुरंत बाद मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने मलबे से 1 लोगों को निकालकर तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया था, इनमें से दो मृत पाए गए थे। बाद में मृतकों की संख्या पांच पहुंच गई, जो गुरुवार सुबह आठ हो गई है। बचाव दल की टीम को संकरी गलियों के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने में काफी परेशानी आई, लेकिन कड़ी मशक्कत के बाद गुरुवार सुबह तीन और शवों को मलबे से निकाला गया है।

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का झारखंड दौरा टला

■ 10 मई को प्रस्तावित पूर्वी क्षेत्रीय अंतरराज्यीय परिषद की बैठक स्थगित

**रांची,** 8 मई (एजेंसियां)। रांची में 10 मई को प्रस्तावित पूर्वी क्षेत्र अंतरराज्यीय परिषद की 27वीं बैठक स्थगित कर दी गई है। यह बैठक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में होनी थी। इसके लिए वह 9 मई को रांची पहुंचने वाले थे। आधिकारिक सूत्रों ने बैठक स्थगित होने की वजह नहीं बताई है, लेकिन यह माना जा रहा है कि भारत-पाकिस्तान के बीच जारी टकराव और तनाव की स्थिति के मद्देनजर यह फैसला लिया गया है। परिषद के सदस्य चारों राज्यों को बैठक स्थगन की सूचना दे दी गई है। बैठक की नई तारीख बाद में तय की जाएगी। इस बैठक में भाग लेने के लिए झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के मुख्यमंत्रियों के अलावा चारों राज्यों के शीर्ष अधिकारी पहुंचने वाले थे। सरकार ने इन्हें राजकीय अतिथि घोषित किया था। बैठक में अंतरराज्यीय समन्वय, केंद्र-राज्यों के बीच परस्पर देनदारियों से संबंधित विषय, उग्रवाद उन्मूलन, परिसंपत्तियों के बंटवारे, नशीले पदार्थों के कारोबार पर नियंत्रण सहित कई मुद्दों पर विमर्श होना था। उल्लेखनीय है कि संसद से पारित राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 के तहत देश को पांच क्षेत्रों उत्तरी, मध्य, पूर्वी, पश्चिमी और दक्षिणी में विभाजित किया गया था तथा प्रत्येक क्षेत्र के लिए एक क्षेत्रीय परिषद का गठन किया गया था। यह एक वैधानिक निकाय है, जिसके पदेन अध्यक्ष देश के गृह मंत्री होते हैं।



# पाकिस्तानी मूल की डिजिटल सामग्री के प्रयोग पर सरकार ने लगाई रोक

सोशल मीडिया, वेबसाइट, ओटीटी या किसी अन्य जन संचार के माध्यम में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सेना की कार्रवाई तथा अन्य कदमों के मद्देनजर पाकिस्तान के मूल की डिजिटल सामग्री का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए : सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के विरुद्ध एक और कडा कदम उठाते हुए पाकिस्तानी मूल की डिजिटल सामग्री के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने गुरुवार को यहां जारी एक परिपत्र में कहा कि सोशल मीडिया, वेबसाइट, ओटीटी या किसी अन्य जन संचार के माध्यम में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सेना की कार्रवाई तथा अन्य कदमों के मद्देनजर पाकिस्तान के मूल की डिजिटल सामग्री का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए।

परिपत्र में कहा गया है कि ऐसी कोई भी जानकारी होस्ट, प्रदर्शित, अपलोड, संशोधित, प्रकाशित, प्रेषित, संग्रहीत, अद्यतन या साझा नहीं की जानी चाहिए जो 'भारत की एकता, अखंडता, रक्षा, सुरक्षा या संप्रभुता, दूसरे देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों या सार्वजनिक व्यवस्था को खतरा पहुंचाती हो।' परिपत्र के अनुसार भारत में कई आतंकवादी हमलों का संबंध पाकिस्तान के सरकारी और गैर सरकारी लोगों के साथ साबित हुए हैं। इसलिए राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में, भारत में संचालित सभी ओटीटी प्लेटफॉर्म, मीडिया स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म और अन्य जनसंचार माध्यमों को सलाह दी जाती है कि वे पाकिस्तानी मूल की वेब-सीरीज, फिल्म, गाने, पॉडकास्ट और अन्य स्ट्रीमिंग मीडिया सामग्री का प्रयोग बंद कर दें।।परिपत्र में कहा गया कि यह परिपत्र सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया, आचार संहिता) नियम, 2021 के अंतर्गत जारी किया गया है। नियमों के अंतर्गत आचार संहिता में यह प्रावधान है कि किसी भी विषय-वस्तु को प्रदर्शित करने, प्रसारित करने, प्रकाशित करने या प्रदर्शित करने का निर्णय लेते समय प्रकाशक या प्रसारक को उचित सावधानी और विवेक का प्रयोग करना चाहिए। ऐसी किसी भी सामग्री का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए जो भारत की संप्रभुता और अखंडता को प्रभावित करती है, विषय-वस्तु जो राज्य की सुरक्षा को खतरा पहुंचाती है और विषय-वस्तु जो अन्य देशों के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण संबंधों के लिए हानिकारक है तथा हिंसा भड़काने या सार्वजनिक व्यवस्था के रखरखाव में बाधा उत्पन्न करने की आशंका रखती है।



# टीआरएफ के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अभियान चले, पाकिस्तान को एफएटीएफ-ग्रे लिस्ट में डाला जाए : ओवैसी

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के अंदर जारी आतंकवादियों के कैंप को तबाह करने के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद गुरुवार को केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में विपक्षी दलों के नेताओं को 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में जानकारी दी गई। सर्वदलीय बैठक के बाद ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने इस पर जानकारी दी। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) के खिलाफ अभियान चलाया जाए और पाकिस्तान को एफएटीएफ-ग्रे लिस्ट में डाला जाए। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि मैंने 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए हमारे सशस्त्र बलों और सरकार की प्रशंसा की है। बैठक में मैंने यह भी सुझाव दिया कि हमें 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) के खिलाफ एक इंटरनेशनल कैंपेन चलाना चाहिए। खासतौर से सुरक्षा परिषद इसकी घोषणा करे। हमें यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका को बताना है कि वह अपने मुल्क में इस संगठन को तुरंत आतंकी संगठन घोषित करे।



## सर्वदलीय बैठक कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार बोले, ' हम सरकार के साथ'

**नागपुर।** पाकिस्तान और पीओके के 9 आतंकी ठिकानों को तबाह करने के बाद गुरुवार को केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस बैठक में 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बारे में बताया जाएगा। इस बैठक से पहले महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा कि अगर सरकार पाकिस्तान को फिर से सबक सिखाना चाहती है तो हमारा पूरा समर्थन रहेगा। गुरुवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में निर्दोष लोग मारे गए।

# कर्नाटक : हावेरी में कार-ट्रक की टक्कर में 6 की मौत, 2 घायल

■ हादसा ब्यादगी तालुक के मोटेबेन्नूर गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर हुआ

■ एक कार ने ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मारी

**हावेरी,** 8 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक के हावेरी जिले में एक भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। यह हादसा ब्यादगी तालुक के मोटेबेन्नूर गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर हुआ, जब एक कार ने ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मारी। पुलिस के अनुसार, हादसा इतना भयावह था कि कार में सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। हादसे में दो लोग घायल हुए हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों को तुरंत नजदीकी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। ब्यादगी थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि कार तेज रफ्तार में थी और संभवत: चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण यह टक्कर हुई। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है और चालक से पूछताछ की जा रही है। ब्यादगी थाने के एक अधिकारी ने बताया, 'हम हादसे के कारणों की गहन जांच कर रहे हैं। सड़क पर मौजूद सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घायलों के बेहतर इलाज के लिए अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं।'

हादसे के बाद राजमार्ग पर कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित रहा, जिसे पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सामान्य किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर अक्सर तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण हादसे होते रहते हैं।



तनाव | *जम्मू कश्मीर समेत कई भारतीय शहरों पर पाक के मिसाइल और ड्रोन हमलों को पछाड़ा गया*

# पाक के कई शहरों पर भारत ने ड्रोन हमले कर बरपाया कहर

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 8 मई (देशबन्धु)। अंततः वही हुआ जिसकी आशंका रात को प्रकट की गई थी। पाक सेना ने जम्मू कश्मीर के कई शहरों समेत देश के दो दर्जन शहरों को अपने मिसाइल हमलों से पाट देने की नापाक कोशिश की गई।

हालांकि इन सभी हमलों को नाकाम बना पाकिस्तान को करारी शिकस्त देते हुए उसके कई शहरों में भारत ने ड्रोन हमले कर कहर तो बरपा दिया। इन हमलों ने जम्मू कश्मीर के लोगों में माहौल को और दहशतजदा कर दिया है जो पहले ही उस पार से होने वाली गोलाबारी से त्रस्त हैं।

भारतीय सरकार ने इसे माना है कि पाकिस्तान ने देर रात और आज तड़के जम्मू कश्मीर के कई शहरों समेत देश के कई इलाकों को अपने मिसाइल हमलों से पाट देने का दु:साहस किया था। भारतीय अधिकारियों के बकौल, इन सभी ना'पाक मिसाइल व ड्रोन हमलों को भारत की रक्षा प्रणाली ने नाकाम बना दिया। इतना जरूर था कि भारत ने जवाबी कार्रवाई में एस-400 मिसाइलरोधी सिस्टम समेत कई प्रकार के इसरायली ड्रोनों को इस्तेमाल कर पाकिसतान के कई शहरों में त्राहि त्राहि मचा दी। दोनों मुल्कों में इस हवाई लड़ाई के उपरांत जम्मू कश्मीर में इंटरनेशनल बार्डर और एलओसी पर माहौल जबरदस्त गर्माया हुआ है। इंटरनेशनल बार्डर पर अधिकतर गांवों में भुतहा सन्नाटा है तो एलओसी पर पाक तोपखाने भारतीय नागरिक और सैन्य ठिकानों पर गोलों की बरसात को जारी रखे हुए थे। इतना जरूर था कि भरतीय पक्ष की जवाबी कार्रवाई में एलओसी पर सिर्फ सैनिक ठिकाने ही निशाने पर थे।

इस जवाबी कार्रवाई के प्रति एक रक्षा सूत्र के दावानुसार, एलओसी के पार पाक सेना के एक तोपखाना रेजिमेंट बैटरी को पूरी तरह से तबाह कर दिया गया है। रक्षा सूत्रों का दावा था कि पाक सेना की 6 के करीब 155 एमएम की तोपें तबाह कर दी गई हैं और साथ ही उसके तीन अफसरों समेत 16 जवान मार दिए गए हैं।



■ अंततः वही हुआ जिसका डर था

■ एलओसी के पार पाक सेना के एक तोपखाना रेजिमेंट बैटरी को पूरी तरह से तबाह किया गया

बिलासपुर, शुक्रवार 9 मई 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# युद्ध जैसे हालात में सरकार से अपेक्षा

मंगलवार की आधी रात को पाकिस्तान पर किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीमा पर स्थित जम्मू-कश्मीर के पुंछ में पाकिस्तान की तरफ से भयंकर गोली बारी शुरु की गई, जिसमें कम से कम 16 लोगों के मारे जाने की खबर है, साथ ही लांस नायक दिनेश कुमार शहीद भी हुए हैं। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक पाकिस्तान ने इसके अलावा भारत के अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नल, फलौदी, उत्तरलाई और भुज सहित उत्तरी और पश्चिमी भारत में कई सैन्य ठिकानों पर हमला करने की कोशिश की। हालांकि पाकिस्तान के इन हमलों को एकीकृत काउंटर यूएएस ग्रिड और एयर डिफेंस सिस्टम ने बेअसर कर दिया। भारत के रक्षा मंत्रालय के बयान में कहा गया कि पाकिस्तानी ड्रोनों के मलबे अब कई स्थानों से बरामद किए जा रहे हैं जो इस बात को साबित करते हैं कि पाकिस्तान ने हमला किया था।

जाहिर है हमारी सेना और मजबूत रक्षा तंत्र ने इस तरह देश की रखवाली की कि व्यापक तौर पर नागरिकों को पाकिस्तान की तरफ से हुए हमलों का पता ही नहीं चला। इस साहसिक कृत्य के लिए सेना की जितनी सराहना की जाए, कम है। इस समय सारा देश यही कर भी रहा है। गुरुवार को जब सरकार ने सभी दलों की बैठक फिर से बुलाई, तब भी तमाम दलों ने एकजुटता का भरोसा सरकार को दिलाया।

युद्ध के मुहाने पर खड़े इस कठिन दौर से गुजरते हुए भारत का हर विपक्षी दल और नागरिक अपने परस्पर विरोधों को भुलाकर सरकार और सेना के साथ खड़ा है लेकिन यह बेहद दुखद और आश्चर्यजनक बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो देश का नेतृत्व करते हैं, इस विषय पर गुरुवार को दिल्ली में बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में पुन: अनुपस्थित रहे। 'पुन:' शब्द का इस्तेमाल इसलिये किया जा रहा है क्योंकि पहलगाम हमले के बाद 24 अप्रैल को बुलाई गई ऐसी ही बैठक में मोदी नहीं आये थे। हालांकि उन्होंने आतंकवादियों को धरती के आखिरी छोर से भी पकड़ लाने का वादा देश से किया था। सेना ने संयुक्त ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देकर पाकिस्तान व पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में दहशतगर्दों द्वारा चलाये जा रहे आतंकी कैंपों को उड़ा दिया। लेकिन इस दौरान सरकार को कम से कम सीमावर्ती इलाकों से नागरिकों को सुरक्षित जगहों पर ले जाने का इंतजाम कर लेना चाहिए था। अगर ऐसा होता तो शायद पुंछ में जो नुकसान हुआ, वह न होता। पुंछ इलाके में मारे गये नागरिक ज्यादातर किसान हैं। एक तरह से देखें तो ये सर्जिकल स्ट्राइक हो या सीमा के आर-पार की बम वर्षा के कारण लगभग युद्ध की स्थिति है।

ऐसे में सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री का न आना यह बतलाता है कि वे लोगों से मिल रहे जनसमर्थन के कारण विपक्ष ही नहीं, नागरिकों व यहां तक कि संसद को भी काफी हल्के में ले रहे हैं। याद हो कि 22 अप्रैल को हुए बैसरन कांड के वक्त मोदी सऊदी अरब के दौरे पर थे जिसे छोड़कर वे भारत लौटे थे। इससे यह महसूस किया गया था कि वे स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए लौटे हैं। इसके विपरीत उन्होंने न तो राष्ट्र के नाम संदेश दिया और न ही कोई ऐसा बड़ा कदम उठाया जिससे महसूस हो कि वे किसी बड़े फैसले को लेने या उसे क्रियान्वित करने के लिये उद्धत हैं। वे बिहार चले गये जहां उन्होंने वहां के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ एक रैली की। यहां इस साल के अंत तक विधानसभा के चुनाव होने हैं। मंच पर उनकी और नीतीश बाबू के बीच होती हंसी-ठिठौली की तस्वीरें व वीडियो लोगों को चकित करते रहे। उन्होंने सर्वदलीय बैठक में हिस्सा नहीं लिया और न ही सरकार ने संसद का विशेष सत्र बुलाया जिसकी सम्पूर्ण विपक्ष मांग कर रहा था। जनता को भी इसकी अपेक्षा थी।

मोदी वही कहानी दोहराते नज़र आ रहे हैं- न तो सर्वदलीय बैठक में जाना, न राष्ट्र के नाम संदेश प्रसारित करना और न ही संसद का विशेष अधिवेशन बुलाने की पेशकश को सुनना। गुरुवार की बैठक में शामिल लगभग सभी दलों ने एक बार फिर से इस बात की घोषणा की कि वे पूरी तरह से सरकार के साथ हैं और वह जो भी कदम उठाये, वे उसका समर्थन करते हैं। सेना से जुड़ी गोपनीय बातों का जिक्र नहीं करना है, इसलिए बैठक से बाहर आकर किसी नेता ने कोई ऐसा बयान नहीं दिया, जिससे असुविधा हो। अलबत्ता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री नहीं आए, हालांकि हम अभी इस बात के लिए उनकी आलोचना नहीं करेंगे, क्योंकि यह वक्त आलोचना का नहीं है। वहीं राहुल गांधी ने जरूर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग उठाई, ताकि दुनिया के सामने अच्छा संदेश जाए। पहले भी विपक्ष इस आशय की मांग कर चुका है। बैसरन घाटी की घटना के बाद जब राहुल पहलगाम गये थे, उन्होंने साफ किया था कि वे किसी तरह की खामी या चूक की बात इस समय नहीं करेंगे। वे बाद में कई प्रभावित परिवारों से भी मिले थे, तब भी उन्होंने किसी भी प्रकार से सरकार की आलोचना नहीं की थी। ऐसे में जब विपक्ष बेहद जिम्मेदारी व संजीदगी के साथ सरकार को साथ दे रहा है, तब मोदी द्वारा सर्वदलीय बैठक में, वह भी दूसरी बार न आना दुखद ही कहा जायेगा। बेशक, बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्थिति की जानकारी दी। गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू भी इसमें मौजूद थे।

अलबत्ता महाराष्ट्र में कुछ भारतीय जनता पार्टी नेता के 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के पोस्टर भी लगने शुरू हो गये हैं जो बतलाता है कि किस प्रकार से भाजपा इस मुद्दे का राजनीतिक लाभ लेने के लिए आमादा है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को चाहिये कि वे अपने नेताओं व कार्यकर्ताओं को इससे बाज आने के लिये कहे वरना माना जायेगा कि सरकार इस सारी कवायद का सियासी फायदा लेने की फिराक में है। यह शर्मनाक भी है कि सेना की सफलता का श्रेय पार्टी ले- चाहे वह सत्तारुढ़ ही क्यों न हो। ऐसे में जब समझिये कि लड़ाई लगभग छिड़ ही गयी है, सभी को अपने तमाम मतभेद व क्षुद्र हितों को छोड़कर एक-दूसरे के साथ कंधा से कंधा मिलाकर खड़ा होना होगा।

# हिंद की सेना का जवाब कि, 'हां तुम एक विफल राष्ट्र हो!'

पाकिस्तान एक विफल राष्ट्र है क्योंकि इसका जन्म ही नफ़रत की बुनियाद पर हुआ है। अंग्रेजों से आज़ाद होते ही भारत का बंटवारा हुआ और मानवता ने जिस वीभत्स मंज़र को देखा, उसकी मिसाल कम मिलती हैं। कई कलाकार, लेखक और पॉलिटिशियन मज़हब के आधार पर बंटे पाकिस्तान में चले तो गए लेकिन उम्र भर सिर्फ हिंदुस्तान को ही याद करते रहे, अपने दोस्तों से मिलने के लिए तड़पते रहे जैसे उन्हें यह अहसास हो गया था कि गलती हो चुकी है और समय का पहिया अब पीछे नहीं खींचा जा सकता। जो लिख सकते थे, उनके शब्दों में यह दर्द बयां हुआ और बाक़ी अपने दिलों में इस टीस के साथ ज़िंदा रहे। मशहूर और बेहतरीन कहानीकार सआदत अली हसन 'मंटो' (दो दिन बाद उनकी सालगिरह है) उन्हीं में से एक थे। उन्होंने विभाजन के समय हुए दंगों की त्रासदी को भीतर तक उतारा और फिर पन्नों पर। 'टोबा टेकसिंह' और 'खोल दो' उनकी ऐसी ही महान रचनाएं हैं। मंटो दोस्तों को अक्सर लिखा करते थे कि, च्यार मुझे वापस बुला लो !ज्उन्होंने खुदकुशी की कोशिश भी की थी। वे बहुत कम (43 साल) जी पाए। जैसे चिंता और जीवन का कोई गहरा रिश्ता हो। यूं तो मंटो के बारे में कहने को इतना कुछ है कि मंटो पढ़ाई-लिखाई में कुछ ख़ास नहीं थे, कि मंटो कॉलेज में उर्दू में ही फ़ेल हो गए थे, कि शायर फैज़ अहमद फ़ज़ मंटो से केवल एक साल बड़े थे, कि उन्हें भी चेखोव की तरह टीबी था, कि वे बेहद निडर थे, कि उनकी कई कहानियों पर अश्लीलता के मुक़दमे चले और उनकी कहानियां तो बस इंसान को चीर के ही रख देती हैं। विभाजन से पहले के बॉम्बे में उनके किस्से-कहानियां फिल्म इंडस्ट्री की जान हुआ करते थे। बेशक मंटो का फिर पैदा होना मुश्किल है लेकिन अफ़सोस यह भी कि एक बेहतरीन कथाकार नफ़रत की भेंट चढ़ गया और असमय मौत की नींद सो गया।

ऐसे ही एक शायर रईस अमरोही थे जो जॉन एलिया के बड़े भाई थे। वे भी बंटवारे को बर्दाश्त नहीं कर पाए। उनका परिवार उत्तर प्रदेश के अमरोहा का था जो 1947 में पाकिस्तान चला गया। उनकी मेटाफिजिक्स, ध्यान और योग पर कई किताबें प्रकाशित हुईं। उनका भी दिल केवल भारत के लिए धड़कता रहा। वे लिखते हैं-

हिन्द की बहारों, तुम को सलाम पहुंचे
बिछड़े हुए नज़ारों, तुम को सलाम पहुंचे
भारत के चांद तारों, तुम को सलाम पहुंचे
बरसों के बाद यारों तुम को सलाम पहुंचे
ये नामा-ए -मोहब्बत यारों के नाम ले जा
ओ हिंद जाने वाले मेरा सलाम ले जा।

उनकी ऐसी कई नज़्मों का ज़िक्र और प्रकाशन विदेश सेवा के अधिकारी और सांसद रहे मणिशंकर अय्यर ने अपनी किताब 'पाकिस्तान पेपर्स' में किया है। रईस अमरोही की 1988 में एक कट्टरपंथी समूह ने उनकी लाइब्रेरी में ही हत्या कर दी। कट्टरपंथी केवल किसी धर्म के ख़िलाफ़ नहीं होते। वे हर उस व्यक्ति के ख़िलाफ़ होते हैं जो उदारता की बात करता है, तरक्क़ी की बात करता है, शांति की बात करता है। वे खुद में एक ज़िंदा बम होते हैं। ऐसे बीमार जिन्हें ताज़ा हवा कभी छूकर भी नहीं गुज़री होती। शक और डर में जीने वाले हैवानों का कुनबा जो निर्दोषों का खून बहाना जानता है। वे ही 22 अप्रैल को पहलगाम आए थे और कई स्त्रियों के सिंदूर उजाड़ गए। खुद मोहम्मद अली जिन्ना, जिन्हें पाकिस्तान का जनक और क़ायदे आज़म बताया जाता है, वे भी अपनी ज़िन्दगी में ही अनुभूत कर चुके थे कि पाकिस्तान का बनाना उनकी ग़लती थी। वे पाकिस्तान बनने के बाद केवल एक साल ज़िंदा रहे। मज़हब के आधार पर एक देश बनाने वाले ने कहा था- 'पाकिस्तान कोई ईश्वर शासित राज्य नहीं होगा जहां पीर-पुज्जे किसी खास मक़सद से राज करेंगे। देश में कई गैर मुस्लिम भी हैं जिन्हें समान अधिकार होंगे और वे मिलकर पाकिस्तान की तरक्की में शामिल होंगे।' अफ़सोस ऐसा हो न सका क्योंकि बुनियाद ऐसी नहीं थी।



वर्षा भम्भाणी मिर्जा

> पिछले दिनों पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर का द्वि-राष्ट्रवाद के सिद्धांत का उल्लेख भी यही बताता है कि कैसे एक विफ़ल राष्ट्र को जब-तब अपने किए-धरे को उचित बताने की नाकाम कोशिश करनी पड़ती है। इससे पहले मुनीर ने एक अन्य कार्यक्रम में कश्मीर को पाकिस्तान के 'गले की नस' बताया था।

पिछले दिनों पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर का द्वि-राष्ट्रवाद के सिद्धांत का उल्लेख भी यही बताता है कि कैसे एक विफ़ल राष्ट्र को जब-तब अपने किए-धरे को उचित बताने की नाकाम कोशिश करनी पड़ती है। इससे पहले मुनीर ने एक अन्य कार्यक्रम में कश्मीर को पाकिस्तान के 'गले की नस' बताया था। इस बार वे खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के काकुल इलाके में पाकिस्तान सैन्य अकादमी में कैडेट की 'पासिंग आउट परेड' को संबोधित कर रहे थे। मुनीर ने कहा- ''द्वि-राष्ट्र सिद्धांत इस बुनियादी मान्यता पर आधारित था कि मुसलमान और हिंदू दो अलग-अलग मुल्क हैं, एक नहीं। मुसलमान जीवन के सभी पहलुओं- धर्म, रीति-रिवाज, परंपरा और सोच में हिंदुओं से अलग हैं।'' तब सवाल यही है कि बांग्लादेश क्यों पाकिस्तान से अलग हुआ? पाक सेना के प्रमुख यहां बुरी तरह फेल हुए हैं और फ़ेल हुआ है उनका मज़हब के आधार पर दो राष्ट्र बनाने का सिद्धांत। अगर जो भारत के सियासी दल धर्म को सियासत में शामिल करते रहे तब पाकिस्तान ज़रूर बांग्लादेश से सांठगांठ कर बड़ा नुकसान पहुंचा सकता है।

साफ़ है कि एक विफल राष्ट्र का सेनाध्यक्ष कैसे अपनी सोच को सही बताने के इरादे से कुतर्क का सहारा लेने लगता है, जबकि भारत का सच दुनिया के सामने है। इसकी वजह जिन्ना के समकालीन हमारे नेताओं की दृष्टि और सोच है। पाकिस्तान के मज़हबी आधार पर निर्माण के बावजूद उन्हें कोई दुविधा नहीं थी कि वे भविष्य में कैसा भारत बनाएंगे। उन्होंने विश्व का बेहतरीन संविधान गढ़ा। देश जहां हर वर्ग, धर्म के नागरिक समान और मौलिक अधिकारों के दायरे में होंगे। कोई भेदभाव नहीं होगा। आज भारत और पाकिस्तान दोनों कहां खड़े हैं? उसके पीछे 1947 की भीषण त्रासदी के बावजूद हमारे नेताओं की सर्वधर्म समभाव की सोच रही। इस सोच का परिचय भारतीय सेना ने बुधवार को तब भी दिया जब दो महिला अधिकारियों ने ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दुनिया से साझा की। उन्होंने भारतीय सेना और वायु सेना की संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग की। विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कर्नल सोफिया कुरैशी ने विदेश सचिव मिस्त्री के साथ ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देते हुए मंगलवार रात एक बजे से डेढ़ बजे तक पाकिस्तान में निशाना बनाए गए ठिकानों के नाम और विवरण साझा किए। सिग्नल कोर की अधिकारी सोफिया कुरैशी ने हिंदी में बात की, जबकि विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने अंग्रेजी में बात कही। कर्नल सोफिया ने 2016 में बहुराष्ट्रीय क्षेत्र प्रशिक्षण अभ्यास में सेना के प्रशिक्षण दल का नेतृत्व भी किया था। उनके परिवार की पृष्ठभूमि सेना में सेवा देने की रही है। सोफिया कुरैशी के पिता ताज मोहम्मद कुरैशी ने कहा- 'हमें बहुत गर्व है। हमारी बेटी ने हमारे देश के लिए बहुत बड़ा काम किया है। पाकिस्तान को नष्ट कर देना चाहिए। मेरे दादा, मेरे पिता और मैं सभी सेना में थे। अब वह भी सेना में है।' ऑपरेशन सिंदूर के साथ यह काफ़ी है पाकिस्तान को भारत के अब तक के सफर और सोच को बताने के लिए।

उधर पाकिस्तान की सूचना मंत्री और पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी खर ने कई विदेशी चैनलों को साक्षात्कार दिए लेकिन आतंकवादियों को पनाह देने के ख़िलाफ़ उनके पास कोई जवाब नहीं था क्योंकि पूरी दुनिया जानती है कि अमेरिका ने ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान में घुसकर मारा था। भारत के ख़िलाफ़ आतंक का प्रयोग पाकिस्तान की सेना और शासन दोनों के लिए खाद-पानी का काम करता रहा। उनका लोकतंत्र हमेशा सेना की बैसाखियों पर सवार रहा। पहलगाम नरसंहार के बावजूद भारतीय सेना ने सुरक्षात्मक रवैया अपनाया है। कोई सैनिक और नागरिक ठिकानों को निशाना नहीं बनाया क्योंकि युद्ध खुद एक मसला होता है किसी मसले का हल नहीं।

**(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता 9 मई से स्विट्जरलैंड में होगी शुरू

■ **नित्य चक्रवर्ती**

अब यह आधिकारिक हो गया है। डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा चीन के लिए अमेरिकी टैरिफ दरों को कम करने, वार्ता के लिए अपने इरादे की घोषणा करने, और उसके बाद कुछ दिनों तक प्रतीक्षा करने के बाद, चीन ने बुधवार की सुबह पुष्टि की कि एक उच्च स्तरीय चीनी वार्ता दल 9 मई से चार दिनों के लिए स्विट्जरलैंड का दौरा करेगा, जहां वह ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट के नेतृत्व में अमेरिकी उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता करेगा। यह राष्ट्रपति ट्रम्प और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के दो कार्यालयों द्वारा पिछले कुछ दिनों में की गयी बैक चैनल चर्चाओं का परिणाम था।

अमेरिका और चीन के बीच चल रहे टैरिफ युद्ध में, राष्ट्रपति ट्रम्प ने पिछले महीने के अंत में सबसे पहले तब कदम उठाया जब उन्होंने कुछ चीनी वस्तुओं पर दरें कम कीं और कहा कि वह राष्ट्रपति शी से बात करेंगे और मामले को सुलझा लेंगे। इसके तुरंत बाद उन्होंने कहा कि उन्होंने चीनी राष्ट्रपति से बात की। उन्हें बढ़ा-चढ़ाकर बात करने की आदत है। उन्होंने सीधे राष्ट्रपति शी से बात नहीं की, लेकिन उनके सलाहकार चीनी राष्ट्रपति के अधिकारियों के संपर्क में थे। इस तरह से ट्रंप ने शी के साथ अपनी बैठक के बारे में जो कहा, वह आधा सच था। दोनों राष्ट्रपतियों के अधिकारी बात कर रहे थे।

> चीनी स्त्रोतों ने घोषणा के बाद कहा कि चीन की स्थिति सुसंगत है। चाहे टकराव हो या बातचीत, चीन का अपने विकास हितों की रक्षा करने का संकल्प कभी नहीं डगमगायेगा, न ही अंतरराष्ट्रीय निष्पक्षता और न्याय तथा वैश्विक आर्थिक और व्यापार व्यवस्था को बनाये रखने में उसका रुख और उद्देश्य कभी डगमगायेगा।

अब कुछ बुनियादी बातों पर चर्चा के बाद, दोनों प्रतिनिधिमंडल चार दिनों के लिए तीसरे देश स्विट्जरलैंड में बैठक करेंगे, ताकि विस्तार से चर्चा की जा सके। व्यापार वार्ता इस बार निर्णायक नहीं हो सकती है, लेकिन इससे आगे की बैठकें आयोजित करने की प्रक्रिया आसान हो जायेगी, ताकि ट्रंप और शी आखिरकार मिल सकें और समझौते पर हस्ताक्षर कर सकें। यह याद रखना होगा कि व्यापार वार्ता उस समग्र समझौते का केवल एक हिस्सा है, जिसे ट्रंप अपने वैश्विक आख्यान के हिस्से के रूप में शी जिनपिंग के साथ करने की कोशिश कर रहे हैं। इसमें समय लगेगा और अगर जरूरत पड़ी तो इसे अलग-अलग हिस्सों में बांटा जायेगा, ताकि अन्य क्षेत्र प्रभावित न हों।

चीनी स्त्रोतों ने घोषणा के बाद कहा कि चीन की स्थिति सुसंगत है। चाहे टकराव हो या बातचीत, चीन का अपने विकास हितों की रक्षा करने का संकल्प कभी नहीं डगमगायेगा, न ही अंतरराष्ट्रीय निष्पक्षता और न्याय तथा वैश्विक आर्थिक और व्यापार व्यवस्था को बनाये रखने में उसका रुख और उद्देश्य कभी डगमगायेगा। अगर हमें लड़ना होगा तो हम लड़ेंगे। अगर अमेरिका बात करना चाहता है तो हमारे दरवाजे खुले हैं। संवाद और बातचीत समानता, सम्मान और आपसी लाभ पर आधारित होनी चाहिए, प्रवक्ता ने आगे कहा।

सेंटर फॉर चाइना एंड ग्लोबलाइजेशन के वरिष्ठ फेलो ही वेइवेन ने बुधवार को ग्लोबल टाइम्स को बताया कि स्विट्जरलैंड में चीनी और अमेरिकी अधिकारियों के बीच होने वाली आगामी बैठक एक सकारात्मक विकास को दर्शाती है। 'यह तथ्य कि दोनों पक्ष मिलेंगे, एक अच्छा संकेत है, लेकिन कुंजी अमेरिकी पक्ष में है,' ही वेइवेन ने कहा, इस बात पर जोर देते हुए कि कोई ठोस परिणाम निकलता है या नहीं, यह वाशिंगटन की अपनी अन्यायपूर्ण और अवैध टैरिफ नीति को सही करने की इच्छा पर निर्भर करेगा-चीन पर बिना किसी पूर्व शर्त के या किसी मांग के। उन्होंने कहा, 'केवल तभी सार्थक बातचीत हो सकती है जब अमेरिका अपनी गलतियों को बदल दे।'

वैश्विक व्यापार विशेषज्ञों ने उल्लेख किया है कि ट्रम्प जल्दी बातचीत में अधिक रुचि रखते थे क्योंकि उनके सलाहकारों ने उन्हें बताया था कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अमेरिका के कई व्यापार भागीदारों से बात कर रहे हैं और यदि ट्रम्प अभी भी चीन और अन्य देशों पर अपने मजबूत टैरिफ रुख पर कायम रहते हैं, तो शी जिनपिंग इस समय का उपयोग कुछ और देशों को अमेरिका के खिलाफ खड़े होने के लिए प्रभावित करने के लिए करेंगे। अमेरिका के 180 देशों के साथ व्यापार भागीदारी है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण 50 से 75 देश हैं, जिनके साथ अमेरिकी राष्ट्रपति 90 दिन के विराम के भीतर व्यापार वार्ता शुरू करने की उम्मीद करते हैं, जो इस साल जुलाई के पहले सप्ताह में समाप्त हो रहा है।

केवल कुछ ही दिन पहले 4 मई को इटली के मिलन में आयोजित 28वीं आसियान प्लस थ्री वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की बैठक के दौरान, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया सहित आसियान सदस्यों ने जारी एक संयुक्त बयान में बढ़ती संरक्षणवाद और अस्थिर वैश्विक वित्तीय स्थितियों सहित बढ़ती अनिश्चितताओं को दूर करने के लिए क्षेत्रीय एकता और सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया था।

संयुक्त बयान, जिसमें अमेरिका का नाम नहीं लिया गया था, ऐसे समय में आया जब अमेरिका द्वारा लगाये गये नये टैरिफ दक्षिण पूर्व एशिया को बुरी तरह प्रभावित करने का खतरा पेश कर रहे हैं, निक्केई एशिया ने रिपोर्ट की। चीनी वित्त मंत्री लैनफोआन ने बैठक में भाग लिया और कुछ सत्रों की सह-अध्यक्षता की। लैन ने जोर देकर कहा कि- वैश्विक अर्थव्यवस्था गहन समायोजन से गुजर रही है, वैश्वीकरण के सामने चुनौतियां हंक और एकतरफावाद और संरक्षणवाद बढ़ रहा है। अस्थिरता और अनिश्चितताएं उल्लेखनीय रूप से बढ़ी हैं। 10+3 क्षेत्रीय अर्थव्यवस्थाएं मजबूत लचीलापन प्रदर्शित करती हैं और उनमें महत्वपूर्ण विकास क्षमता है, लेकिन वे जटिल और गंभीर आंतरिक और बाहरी चुनौतियों का भी सामना करती हैं।

लैन ने कहा कि चीन 10+3 ढांचे में सभी पक्षों के साथ काम करने के लिए तैयार है ताकि खुलेपन और समावेशिता को बनाये रखा जा सके, एकजुटता और सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके और इस क्षेत्र की स्थिरता और निश्चितता के साथ वैश्विक अस्थिरता और अनिश्चितता को संबोधित करने के लिए क्षेत्रीय वित्तीय सहयोग को लगातार गहरा किया जा सके। बैठक के बाद आसियान वेबसाइट पर जारी संयुक्त बयान में कहा गया कि 'बढ़ते व्यापार संरक्षणवाद से वैश्विक व्यापार पर भार पड़ता है, जिससे वैश्विक अस्थिरता और अनिश्चितता को बढ़ावा मिलता है। आर्थिक विखंडन के कारण व्यापार, निवेश और पूरे क्षेत्र में पूंजी प्रवाह प्रभावित हो रहा है। निकट भविष्य की संभावनाएं अन्य बाहरी जोखिमों से भी प्रभावित हो सकती हैं, जिसमें सख्त वैश्विक वित्तीय स्थितियां, प्रमुख व्यापारिक साझेदारों में विकास में मंदी और निवेश प्रवाह में कमी शामिल है।'

अमेरिका जापान और आसियान देशों के साथ सबसे अधिक मित्रवत है, फिर भी शिखर सम्मेलन के बाद जारी किये गये बयान के लहजे से पता चलता है कि ट्रंप के एकतरफा टैरिफ वृद्धि कदम के खिलाफ उसे दिशा देने में चीन का प्रभाव है। व्यापार कूटनीति में अमेरिका को मात देने के लिए चीन अब जो कर रहा है, वह यह है कि राष्ट्रपति शी खुद को अमेरिका के घोर संरक्षणवाद के खिलाफ नियम आधारित वैश्वीकरण के नायक के रूप में पेश कर रहे हैं। अमेरिकी सलाहकारों ने इस पर ध्यान दिया है और ट्रंप से कहा है कि वे चीन को व्यापार वार्ता में शामिल करें ताकि अन्य देश भी इसका अनुसरण करें।

वैश्विक टैरिफ युद्ध ने कुछ क्षेत्रों में चीन को भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया है। हालांकि चीन यह स्वीकार नहीं करता है कि कुछ क्षेत्रों में उत्पादन पैमाने को कम किया गया है, जो नवीनतम टैरिफ युद्ध में अत्यधिक प्रभावित हुए हैं। चीनी अर्थव्यवस्था में लचीलापन है, लेकिन यह अमेरिकी बाजार को निर्यात पर इतना अधिक निर्भर है कि अगर ट्रंप अपनी दरों में बदलाव नहीं करते हैं तो उसके पास बहुत सीमित विकल्प हैं। इसी तरह ट्रम्प के पास भी चीन के साथ जल्द से जल्द व्यापार समझौता करने की मजबूरी है। लेकिन भू-राजनीति भी इसमें बहुत बड़ी भूमिका में है क्योंकि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं वर्चस्व के लिए लड़ रही हैं। 9 मई से होने वाली स्विटजरलैंड वार्ता दोनों देशों के बीच विकसित हो रहे व्यापार संबंधों के रुझान का संकेत देगी।

## आपके पत्र

### लगातार आतंकी हमलों के विरोध में उठाया गया कदम

140 करोड़ भारतीय जनमानस की भावनाओं के अनुरूप भारत की जांबाज सेना ने पाकिस्तान के आतंकी अड्डों पर सैन्य कार्रवाई करते हुए आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिलाकर पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दी है। भारत ने सैन्य कार्रवाई करते हुए केवल आतंकी ठिकानों पर सैन्य कार्रवाई करके विश्व को यह भी संदेश दिया है कि हम भारतीय गांधी और बुद्ध के शांतिपूर्ण एवं न्याय की अवधारणा से जुड़े हैं। भारत एक शांतिप्रिय देश है और भारत का यह कदम पाकिस्तान के द्वारा लगातार आतंकी हमलों के विरोध में उठाया गया जरूरी कदम है, जिसको विश्व समुदाय जरूर समझेगा। भारत के प्रधानमंत्री ने सैनिक कार्रवाई के बाद महामहिम राष्ट्रपति से मुलाकात करके स्थिति से अवगत कराया जो भारत की सर्वोच्च कमांडर भी है। बसपा अध्यक्ष मायावती ने इस कार्रवाई को गौरवमय एवं सराहनीय कदम बताया है। इस घटना के बाद सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों ने एक स्वर में केंद्र सरकार के द्वारा उठाए गए कदमों का पूर्ण समर्थन किया है। भारत की यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या के विरोध मे की गई है। इस आतंकी घटना के बाद देशभर में उत्तेजना और आक्रोश का माहौल बन गया था और भारत सरकार से यह अपेक्षा थी कि भारत की सरकार आतंकी हमलों के बाद पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देगा जिसकी परिणति अब देखने को मिली है। यह पाकिस्तान के लिए चेतावनी है कि जितनी जल्दी हो सके आतंकवादी गतिविधियों को अपने देश से समाप्त कर दे और किसी तरह का भी संरक्षण और सहयोग ना करे। आतंकी घटनाओं के कारण पाकिस्तान बेनकाब हो चुका है। यदि समय रहते ऐसा नहीं किया तो पाकिस्तान की तबाही निश्चित है।

**-वीरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली**



## ललित सुरजन की कलम से

### वियतनाम: विश्व शांति के लिए एक पहल

*'चीन, भारत, जापान, वियतनाम ये सब एशियाई देश हैं। याने एक-दूसरे के पड़ोसी हैं। यह हर शांतिप्रिय नागरिक चाहेगा कि एशिया में शांति का वातावरण बना रहे। इस दृष्टि से यह आवश्यक हो जाता है कि हिन्द महासागर हो या प्रशांत महासागर, लाल सागर हो या बंगाल की खाड़ी या दक्षिण चीन समुद्र या मलक्का जल डमरूमध्य- इस पूरे जल क्षेत्र में किसी तरह की कोई सैनिक हलचल न हो। यदि दो महाशक्तियों की प्रतिद्वंद्विता के बीच एशिया के समुद्रों में सैनिक अड्डे आदि बनते हैं तो उससे इन एशियाई देशों के अनिष्ट की आशंका हमेशा बनी रहेगी। इस परिदृश्य पर गौर करते हुए कार्यशाला में एकमतेन स्वीकार किया गया कि ये जलराशियां मानवता की साझी धरोहर हैं और इनमें किसी भी तरह की सामरिक गतिविधियां होना अवांछित है तथा इन्हें सदा के लिए शांति का क्षेत्र बने रहना चाहिए।'*

*'तीन दिवसीय कार्यक्रम में इन दो प्रमुख मुद्दों के अलावा परमाणु निशस्त्रीकरण, आतंकवाद, अमेरिका की बढ़ती हुई दादागिरी जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। दूसरी ओर दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया के बीच तनाव कम करने के जो प्रयत्न हो रहे हैं इन पर संतोष व्यक्त किया गया।'*

**(देशबन्धु में 21 जून 2018 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2018/06/blog-post_20.html

## पावन प्रसंग

### सबसे बड़ा संतोष धन

जीवन में असंतोष का अपना ही महत्व है। यदि व्यक्ति या समाज अपनी यथास्थिति से संतुष्ट होकर हाथ पर हाथ रखकर बैठ जाए तो उसकी सभ्यता, संस्कृति के विकास का मार्ग ही अवरुद्ध हो जाए। इस संदर्भ में असंतोष उचित माना जा सकता है। जहां इसके द्वारा जीवन की उन्नति, प्रगति एवं उत्कर्ष का मार्ग प्रशस्त होता है, लेकिन जब असंतोष के प्रेरक तत्व लोभ अनावश्यक प्रतिद्वंद्विता और ईर्ष्या, द्वेष जैसे नकारात्मक भाव हो जाएं तो यह जीवन की सुख-शांति को चौपट कर देता है।

आज चारों ओर ईर्ष्या-द्वेष और अस्वस्थ होड़ का बोलबाला है। जीवन मूल्यों के क्षरण और नैतिक पतन के कारण इंसान प्रतिद्वंद्विता की अंधी दौड़ में शामिल है। जो सहज रूप से उपलब्ध है, उसमें संतुष्ट नहीं, जबकि उससे जीवन की मूलभूत आवश्यकताएं पूरी हो रही हैं, सामान्य जीवनयापन चल रहा हो लेकिन जब दूसरों से तुलना करने का, उनकी तरह ठाठ-बाट, महंगे शौक और वैभव प्रदर्शन का सिलसिला प्रारंभ हो जाता है तो फिर इसका कोई अंत नहीं।

असंतोष से जुड़ी समस्या यहीं से प्रारंभ हो जाती है। इस अंधी दौड़ में यह भी नहीं सूझ पड़ता कि दूसरे का जो वैभव या चमक-दमक दिख रही है, उसका यथार्थ क्या है? क्या वह ईमानदारी की कमाई है। यदि बेईमानी, भ्रष्टाचार या चापलूसी से रौब-दाब, प्रभाव या संपत्ति अर्जित की है तो उसका क्या मोल? ऐसे में दूसरों की चिकनी-चुपड़ी रोटी से तो अपनी रूखी-सूखी ही श्रेष्ठ है, जिसमें मन की शांति संतोष साथ में रहें और जीवन की सद्गति भी सुनिश्चित हो।

यदि दूसरे की कमाई ईमानदारी की है तो उसके वैभव. पद या प्रभाव के पीछे निहित अथक श्रम, त्याग- बलिदान और समर्पण से सीख लेने की आवश्यकता है। भाग्यवश कोई फल-फूल रहा है तो वह भी अनायास ही नहीं होता। किसी पुण्य कर्मों का सुफल वह भोग रहा है। ऐसे में उस व्यक्ति से तो प्रेरणा लेने की आवश्यकता है, जिसके आधार पर आप भी उचित कर्म एवं पुरुषार्थ के बल पर अभीष्ट उपलब्धि की ओर कदम बढ़ा सकें।वास्तव ईश्वर ने पहले ही इंसान को सब कुछ देकर ही धरती पर भेजा है। इतना क्षमतावान शरीर, कल्पनाशक्ति से युक्त मन, निर्णय लेने व योजना बनाने में सक्षम बुद्धि, परिस्थितियों को देखकर संवेदित आंदोलित होने वाला हृदय, जिसके केंद्र में दैवी संभावनाएं लिए स्वयं परमेश्वर विराजमान है।

इनके साथ इंसान अपनी संवेदनशक्ति के साथ मनचाही सृष्टि की रचना कर सकता है। बीज रूप में वह सारी क्षमताएं ईश्वर ने दे रखी हैं, जिनके आधार पर वह महामानव, देवमानव बन सकता है और दैवी संपति का उचित अधिकारी बन सकता है। इस पृष्ठभूमि में नश्वर सांसारिक वैभव संपत्ति के लिए किसी से प्रतिद्वद्विता में अपना समय और ऊर्जा नष्ट करने में कौन सी समझदारी है? जीवन की वास्तविक संपदा अंदर छिपी है, उसको प्राप्त करने के लिए किससे प्रतिद्वंद्विता? आदर्शों का, श्रेष्ठता का सेवा साधना का, त्याग, बलिदान का वह मार्ग तो खाली पड़ा है जिसमें प्रतिदिन स्वयं के ही कीर्तिमान तोड़ने हैं और नित्यप्रति आंतरिक विकास के पथ पर ही अग्रसर होना है।

**-अखंड ज्योति**

उल्टा पुल्टा

चिंटू- मम्मी...मुझे स्कूल से निकाल दिया गया है.

मम्मी- क्यों?

चिंटू- मैंने तो बस एक मच्छर मारा था.

मम्मी- इतनी सी बात पर कोई नहीं निकालता है। चिंटू- मच्छर टीचर के गाल पर बैठा था।

# सुशासन तिहार कार्यक्रम में शासकीय योजनाओं की दी गई प्रभावी जानकारी

## नगर निगम क्षेत्र में हितग्राहियों ने साझा किए अनुभव, मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार

## लोकनर्तक दल की प्रस्तुति ने बांधा समां, स्थानीय कलाकारों ने दी मनोरंजक प्रस्तुति




**बिलासपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम ने लोगों में शासन की योजनाओं के प्रति विश्वास को और मजबूत किया। कार्यक्रम में युवाओं ने उत्साह से भागीदारी की और प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में चल रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली। इस आयोजन का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना, योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद स्थापित करने के साथ ही प्रदेश में चल रहे सुशासन तिहार को जनसामान्य में प्रसारित करना था।

अरपा रिवर व्यूज साइड में आयोजित कार्यक्रम में विविध मनोरंजक और खेल गतिविधियाँ आयोजित की गईं,इसके साथ ही शासकीय योजनाओं पर आधारित प्रश्नोत्तरी खेल प्रतियोगिता, मनोरंजक खेल, पारंपरिक लोकनृत्य एवं स्थानीय कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं।

कार्यक्रम में नगर निगम बिलासपुर क्षेत्र के हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सुशासन तिहार के तहत आवेदन करने पर उनकी समस्या का त्वरित निराकरण किया गया, कुछ लोगों को जहां राशन कार्ड मिला वहीं कुछ हितग्राहियों को पेंशन का लाभ दिया गया। कार्यकम में हितग्राहियों ने बताया कि किस तरह शासन की योजना का लाभ लेकर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। सरकंडा निवासी पुरुषोत्तम दास ने बताया कि मुख्यमंत्री नोनी सुरक्षा योजना के तहत उन्हें एक लाख की राशि मिली है जो उनके लिए एक बड़ी मदद है। इसी तरह राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के हितग्राही कपिल शाह, प्रकाश और इंद्रजीत कश्यप ने बताया कि उन्हें योजना के तहत लोन प्राप्त हुआ है जिससे उन्होंने अपना रोजगार शुरू किया है। कौशल प्रशिक्षण योजना और स्वरोजगार के लिए ऋण प्राप्त करने वाले हितग्राही प्रकाश ने भी अपने विचार रखे। सुशासन तिहार के तहत आवेदन करने पर त्वरित रूप से मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन योजना, पीएम स्वनिधि योजना और राशन कार्ड हितग्राहियों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए सुशासन तिहार के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताया। कार्यक्रम में बाल कलाकार तनिष्क वर्मा, प्रकाश, अदिति द्वारा गीत ,नृत्य और भरथरी की प्रस्तुति दी गई,वहीं युवा छात्र अंबुज द्वारा ओज पूर्ण कविता का पाठ किया गया।

कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी,खेल प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों और स्थानीय कलाकारों को अपर संचालक जनसंपर्क श्रीमती इस्मत जहां दानी, उपसंचालक संभागीय जनसंपर्क कार्यालय बिलासपुर श्री एम डी पटेल द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य समन्वयक श्री मनोज सिन्हा और कार्यक्रम अधिकारी और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## संपादकीय

# जल्दी लगें हाई सेक्यूरिटी नंबर प्लेट

*वैसे तो पूरे देश की तरह छत्तीसगढ़ में भी 1 अप्रैल, 2019 के पहले खरीदे गये वाहनों पर हाई सेक्यूरिटी नंगर प्लेट लगाने की अनिवार्यता 1 अप्रैल, 2025 से लागू कर दी गयी थी, परन्तु जिन एजेंसियों को प्रदेश में इस कार्य का ठेका दिया गया है, उन दोनों का काम इतना धीमा है कि अब तक कुछ ही लोग अपने वाहनों पर ये नंबर प्लेट लगवा पाये हैं। बताया जाता है कि लाखों वाहन ऐसे हैं जिन पर अनिवार्य किये गये नंबर प्लेट नहीं लग पाये हैं। इसमें तेजी लाये जाने की ज़रूरत है। जो लोग ये नंबर प्लेट लगवाना चाहते हैं उन्हें लम्बा इंतज़ार करना पड़ रहा है।*

*प्रदेश के परिवहन विभाग के उच्चाधिकरियों ने बुधवार को इस बाबत वर्चुअल बैठक लेकर जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने अनुबन्धित एजेंसियों को काम में तेजी लाने के लिये कहा। इसके लिये सभी जिलों में शिविर लगाने की सलाह दी गयी जहां आरटीओ व डीटीओ अधिकारियों के साथ अनुबन्धित कम्पनियों के प्रतिनिधि मौजूद हों। उन शिविरों और फिटमेंट केन्द्रों में सभी तरह की ज़रूरी जनसुविधाएं- यथा बैठने के स्थान, जल आदि उपलब्ध हों। यह भी कहा गया कि फिटमेंट सेंटरों में स्टाफ की कमी न हो। ज़रूरी हो तो ठेका कम्पनियां इन केन्द्रों की संख्या भी बढ़ाये ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को यथाशीघ्र ये नंबर प्लेट मिल सकें।*

*उल्लेखनीय है कि राज्य में हाई सेक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाने के लिये सरकार ने दो कम्पनियों के साथ अनुबन्ध किया है। रियल मेजोन (फोन क्रमांक +911 2645752 एवं +911 2645753) और रोजमेटा (मोबाइल क्र. 9818188721) से सम्पर्क किया जा सकता है।*

*इस कार्य में विलम्ब के कई कारण हैं। पहला तो यह है कि सरकार द्वारा एजेंसियां मुकर्रर करने और फिर शुल्क आदि को लेकर शर्तें तय करने में खासा विलम्ब हुआ था। यह भी हो जाने के बाद अनुबन्धित एजेंसियों ने भी अपना काम बहुत विलम्ब से शुरू किया। उन्हें विभिन्न जिलों तथा शहरों में अपना नेटवर्क बनाने में भी समय लगा। कायदे से यह काम काफी पहले हो जाना चाहिये था। सरकार ने जो तारीख निर्धारित की थी, तब तक अधिकांश वाहनों में ये नंबर प्लेट लग जाने चाहिये थे। ऐसा न होने से शासकीय आदेश का पावित्र्य कम होता है साथ ही लोग उनकी उपेक्षा करते हैं। इस कार्य में हुए विलम्ब को समझते हुए फिलहाल यातायात पुलिस व आरटीओ दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है जिससे लोग नंबर प्लेट लगवाना टाल रहे हैं।*

*सरकार को चाहिये कि एजेंसियों पर दबाव डालकर यथाशीघ्र नंबर प्लेट लगवाने का कार्य पूरा कराए। जरूरी है कि जनसामान्य के बीच, खासकर ग्रामीण इलाकों में इसका पर्याप्त प्रचार भी हो। लोगों को हाई सेक्यूरिटी नंबर प्लेट की महत्ता बताई जाये और उन्हें लगवाने के लिये प्रेरित किया जाये।*

## सार-संक्षेप




### आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा की सुचारू रूप से संचालन के लिए हुई बैठक

**बिलासपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा की एक आवश्यक संगठनात्मक बैठक आहूत की गई । बैठक में महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रेखेन्द्र तिवारी, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राकेश तिवारी एवं महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्षा श्रीमती शोभा त्रिपाठी विशेष रूप से उपस्थित थे।

बैठक में सर्वप्रथम राष्ट्रीय संगठन मंत्री रेखेन्द्र तिवारी एवं अन्य सभी पदाधिकारियो एवं सदस्यों ने भारतीय सेना के शौर्य एवं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बधाई देते हुए करतल ध्वनि के साथ हर्ष व्यक्त किया एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भारतीय सेना के प्रति आभार व्यक्त किया । तत्पश्चात रेखेंन्द्र तिवारी ने संगठन के सुचारू रूप से संचालन हेतु सभी पदाधिकारियो से संगठन की नियमावली का पालन करते हुए उसके अनुसार संगठन के कार्यों एवं विस्तार को गति देने की बात कही। महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष श्रीमती दिव्या चतुर्वेदी ने संगठन की गतिविधियों एवं कार्यक्रमों से उपस्थित सभी वरिष्ठ पदाधिकारियो को अवगत कराया। तत्पश्चात कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राकेश तिवारी ने भी संगठन के विस्तार हेतु अन्य जिलों में किए गए संगठनात्मक दौरे एवं किए गए कार्यों की जानकारी दी इसी कड़ी में महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती शोभा त्रिपाठी श्रीमती राजश्री मिश्रा प्रदेश उपाध्यक्षा श्रीमती प्रिया शर्मा एवं जिला अध्यक्ष श्याम सुंदर तिवारी ने भी अपने विचार एवं सुझाव बैठक में रखें। बैठक में प्रमुख रूप से महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रेखेन्द्र तिवारी कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राकेश तिवारी महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती शोभा त्रिपाठी प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार द्विवेदी महिला प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती प्रिया शर्मा प्रदेश सचिव मीनू दुबे , मुख्य सलाहकार समिति जिला बिलासपुर राजेश्वरी मिश्रा, जिला अध्यक्ष श्याम सुंदर तिवारी शलभ चतुर्वेदी रीता तिवारी, नंदिनी दुबे, अर्चना शुक्ला , जिला सचिव शशि तिवारी इत्यादि उपस्थित थे। बैठक का सफल संचालन श्रीमती दिव्या चतुर्वेदी ने किया एवं आभार प्रदर्शन श्री शलभ चतुर्वेदी ने किया।

### नांदेड़-सांतरागाछी सुपर फास्ट साप्ताहिक एक्सप्रेस में 1 स्लीपर एवं 1 एसी-3 कोच की सुविधा




**बिलासपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधाओं में निरंतर वृद्धि करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में रेलवे प्रशासन द्वारा अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 12767/12768 नांदेड़-सांतरागाछी-नांदेड़ सुपर फास्ट साप्ताहिक एक्सप्रेस में 01 स्लीपर एवं 01 एसी-3 कोच की सुविधा स्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा गाड़ी संख्या 12767 नांदेड़-सांतरागाछी सुपर फास्ट में 12 मई 2025 से तथा गाड़ी संख्या 12768 सांतरागाछी-नांदेड़ सुपर फास्ट एक्सप्रेस में 14 मई 2025 से उपलब्ध रहेगी। इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे।

### वीसीपी चयन के लिए 14 तक आवेदन आमंत्रित

**बिलासपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। उप संचालक कृषि विभाग द्वारा नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल-ऑयलसीड्स योजना के अंतर्गत वीसीपी चयन के लिए 14 मई 2025 तक आवेदन (रूचि की अभिव्यक्ति) आमंत्रित किए गए हैं। योजना के अंतर्गत जिले में कार्यरत एफपीओ एवं बीज सहकारी समिति योजना का लाभ उठाने के लिए अर्हता रखते हैं। तिलहन फसल को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग द्वारा यह पहल की जा रही है। इस संबंध में और विस्तृत जानकारी उप संचालक कृषि एवं विकासखण्ड स्तर पर एसएडीओ कार्यालय से ली जा सकती है।

# शराब भट्ठी के कर्मचारियों के साथ मारपीट करने वाले कोरबा के 3 आरोपी गिरफ्तार

## आरोपियों द्वारा शराब भट्ठी में घुसकर किया गया था तोड़फोड़

**बिलासपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। बुधवार रात्रि लगभग 09.30 बजे ग्राम लखराम शराब भट्ठी में कुछ लोग जल्दी शराब नही देने की बात पर शराब भट्ठी के अंदर घुसकर तोड़फोड़ व शराब भट्ठी के कर्मचारियों के साथ मारपीट कर रहे थे सभी आरोपी कोरबा के थे ।घटना की सूचना पर थाना प्रभारी रतनपुर के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुये थाना रतनपुर से पुलिस टीम रवाना कर ग्राम लखराम शराब भट्ठी के पास से कर्मचारियों के साथ मारपीट



कर शराब भटठी में तोड़फोड़ करने वाले बदमाशों को पकड़कर थाना लाया गया। मारपीट के आहत की रिपोर्ट पर कार्यवाही कर, उक्त आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार चौहान, सउनि पवन सिंह, प्र.आर. बलदेव सिंह, आर. संजय यादव, पवन ठाकुर का विशेष योगदान रहा।

### गिरफ्तार आरोपी

विकास चौहान पिता उदय चौहान उम्र 26 वर्ष निवासी शांतिनगर बाल्को थाना बाल्को कोरबा ,रोहित चौधरी पिता बारेलाल चौधरी उम्र 26 वर्ष निवासी शांतिनगर बाल्को थाना बाल्को कोरबा, दीपक यादव पिता रामसेवक यादव उम्र 26 वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बाल्को थाना बाल्को।

# एकाग्रता मतलब मन-बुद्धि को जब, जहां और जितनी देर तक स्थिर करना चाहे उतनी देर स्थित कर सकें-बीके स्वाति

**बिलासपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। भोजन का हमारे शरीर और विचारों पर बहुत प्रभाव पड़ता है। कहा जाता है जैसा अन्य - वैसा मन और जैसा पानी- वैसी वाणी। हम जो भोजन स्वीकार करते हैं उसके तीन प्रकार होते हैं। सात्विक भोजन, राजसिक भोजन और तामसिक भोजन।



उक्त वक्तव्य प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बिलासपुर की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में आयोजित 6 दिवसीय बाल संस्कार शिविर के तीसरे दिन सेवाकेंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने बच्चों को बताया। दीदी ने सात्विक भोजन का महत्व बताते हुए कहा कि सात्विक भोजन एक ऐसा भोजन है जो शरीर और मन दोनों के लिए संतुलित और स्वस्थ होता है। यह भोजन सात्विक गुणों से भरपूर होता है। हम अपने देश के राष्ट्रीय ध्वज से सात्विक भोजन को समझ सकते हैं। हमारा राष्ट्रीय ध्वज तीन रंगों से बना है। केसरिया, सफेद और हरा। लाल और पीले रंग के मिलने से केसरी रंग बनता है। भोजन में हमें इन सभी रंगों वाली चीज ग्रहण करनी चाहिए। लाल रंग में गाजर, टमाटर, अनार, पपीता, चकुंदर आते है। पीले रंग में नींबू, मौसम्बी, आम आदि आते है। सफेद रंग में दूध, दही, मक्खन, छाछ, पनीर आदि आते है तथा हरे रंग में हरी सब्जियां, सलाद, दालें आदि शुद्ध या सात्विक भोजन है। जिन चीजों को हम देवताओं और परमात्मा को भोग नहीं लगाते उन चीजों को हमें भी नहीं खाना है। राजसिक भोजन ज्यादा तेल, नमक, मिर्च मसाला आदि आता है। राजसिक भोजन हमारे मन और शरीर को भारी करता है। आलस्य और मोटापा को बढ़ाता है। तामसिक भोजन में अंडे, मांसाहार, नशीले पदार्थ, प्याज-लहसुन आदि आते है। यह हमारे मन को चंचल, करते है। हमारी एकाग्रता को कम करते है। दीदी ने एकाग्रता का महत्व बताते हुए कहा कि किसी भी कार्य को करने के लिए एकाग्रता की आवश्यकता होती है। यदि एकाग्रता न हो तो किसी भी कार्य में सफलता नहीं मिल पाती। एकाग्रता अर्थात मन और बुद्धि को जब, जहां और जितनी देर के लिए स्थिर करना चाहे उतनी देर स्थित कर सकें उसे ही एकाग्रता कहते है। प्रतिदिन सुबह उठते ही और रात को सोते समय अपने आप को सकारात्मक संकल्प दें कि मैं पीसफुल एनर्जी हूं, मैं प्योर एनर्जी हूं, मैं पावरफुल हूं, मैं बहुत पोसिटिव हूं, मैं सक्सेसफुल हूं, मैं बहुत इंटेलिजेंट हूं...।

# कलेक्टर की अगुवाई में विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली

## जिला अस्पताल में चाइल्ड वार्ड का किया निरीक्षण, बच्चों का जाना हालचाल

**बिलासपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर हर वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी लोगो को रेडक्रास के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं अध्यक्ष रेडक्रास सोसाइटी संजय अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में रैली निकाली गयी। यह रैली देवकीनंदन चौक से प्रारम्भ होकर सदर बाजार, गोल बाजार, तेलीपारा से पुराना बस स्टैंड होते हुए जिला चिकित्सालय में समाप्त में हुई। रैली समापन पश्चात जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को कलेक्टर द्वारा फल वितरित किया गया तथा रेडक्रास द्वारा गोद लिया हुआ चाइल्ड वार्ड का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं अधिकारी एवं सचिव रेडक्रास डॉ. प्रमोद तिवारी, सिविल सर्जन डॉ. अनिल गुप्ता, चेयरमैन रेडक्रास डॉ. बी. एल. गोयल, कोषाध्यक्ष



अमरजीत सिंह दुआ, राज्य प्रतिनिधि बृजेंद्र शुक्ला, डॉ राजीव अवस्थी, सुरेंद्र गुंबर, जफर अली, श्रीकांत सहारे, अरुण सिंह चौहान, नोडल ऑफिसर डॉ. एम. ए. जीवनी, जिला समन्वयक सौरभ सक्सेना, प्रभारी रेडक्रास मेडिकल शॉप आदित्य पांडे, प्रभारी लेखापाल संजय मिश्रा, लक्ष्मीनारायण मिश्रा, सुशील राजपूत, मनीष मिश्रा उपस्थित थे।

# देर रात चला अभियान,300 से अधिक अवैध बैनर पोस्टर निकाले गए

## एमआइसी के निर्णय के बाद,तत्काल शुरू किया गया अभियान

## तीन क्लिनिक समेत एक अन्य ने लगाया अवैध बैनर, 80 हजार का जुर्माना

## निगम कमिश्नर का निर्देश,जारी रखें अभियान

## इधर प्रिंटर्स,टेंट व्यावसायी और राजनीतिक दलों को दी गई जानकारी

**बिलासपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। सड़कों में अवैध बैनर पोस्टर को प्रतिबंधित करने के निर्णय के बाद देर रात नगर निगम ने पूरे शहर में अभियान चलाते हुए लगभग 300 से अधिक अवैध बैनर पोस्टर को निकाला। ज्ञात है की मंगलवार को एमआइसी की बैठक में सड़क,डिवाइडर और बिजली पोल समेत सभी शासकीय संपत्तियों पर बिना अनुमति के बैनर पोस्टर को प्रतिबंधित करते हुए तत्काल निकालने का निर्णय लिया गया। जिसके बाद निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर रात में एक साथ पूरे शहर में अभियान चलाया गया। निर्देश के बावजूद सड़क,डिवाइडर और शासकीय संपत्ति में अवैध बैनर पोस्टर लगाया गया, जिसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए नगर निगम ने तीन क्लिनिक और एक अन्य के खिलाफ कुल 80 हजार रूपये जुर्माना लगाया गया है।




मंगलवार को एमआइसी की बैठक में प्रस्ताव पास किया गया की सड़क, चौक-चौराहे डिवाइडर और विद्युत खंभों समेत किसी भी शासकीय संपत्ति पर फ्लेक्स,बैनर,पोस्टर लगाने वालों के खिलाफ नगर निगम कड़ी कार्रवाई करते हुए प्रति फ्लेक्स पांच हजार रूपये जुर्माना वसूलेगी और वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी ,साथ ही प्रिंटिंग करने वाले का नाम अब हर फ्लेक्स में मुद्रक के रूप में देना होगा,अवैध लगाए पाये जाने जुर्माना राशि का 50 प्रतिशत मुद्रक से वसूला जाएगा और 50 प्रतिशत फ्लेक्स छपवाने और लगाने वाले से। इसके अलावा दुकानों के बाहर दुकानदारों द्वारा सड़क पर बोर्ड स्थायी रूप से लगाया गया है,उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। देर रात निगम कमिश्नर ने सभी जोन और अतिक्रमण की संयुक्त टीम बनाकर सभी जोन क्षेत्रों के मुख्य मार्गों में कार्रवाई के निर्देश दिए,जिसके बाद टीम द्वारा अभियान चलाते हुए अवैध बैनर पोस्टर और बोर्ड को जब्त किया गया। आज मंगला,वेयर हाउस और कोनी रोड में प्रचार प्रसार के लिए डिवाइडर पोल में अवैध बैनर पोस्टर लगा दिए गए, जिसके बाद कार्रवाई करते हुए लोटस चिल्ड्रन हॉस्पिटल, मैक्स क्लिनिक,युक्ति लिवर एंड गैस्ट्रो केयर के खिलाफ 60 हजार जुर्माना लगाते हुए अवैध प्रचार सामग्री को हटाया गया,इसी तरह कोनी रोड में भी डिवाइडर में जन्मदिन का बैनर पोस्टर तड़के लगाया गया था,जिस पर कार्रवाई करते हुए पोस्टर को जब्त किया गया और संबंधित के खिलाफ 20 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया।

### राजनीतिक दल और व्यावसायियों की बैठक

एमआइसी की बैठक में लिए गए निर्णय के बाद निगम प्रशासन ने आज शहर के सभी प्रिंटर्स,टेंट व्यावसायी और राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर,निर्णय की जानकारी दी और सड़क, डिवाइडर - बिजली पोल समेत अन्य स्थान जहां आवागमन बाधित होता है,ऐसे स्थानों पर बैनर पोस्टर या बोर्ड नहीं लगाने की अपील करते हुए सहयोग करने की बात कही। इसके अलावा निगम प्रशासन ने सभी प्रतिनिधियों से कहा की भविष्य में ऐसा करने पर बैनर पोस्टर समेत सभी सामान जब्त किए जाएंगे एवं वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### आचर्य इंस्टीट्यूट ने 50 हजार जुर्माना

डिवाइडर पोल समेत अन्य शासकीय संपत्ति में अवैध रूप से बैनर पोस्टर लगाकर संस्था का प्रचार प्रसार करने पर मंगलवार को आचार्य इंस्टीट्यूट पर 50 हजार का जुर्माना लगाया गया था और 24 घंटे के भीतर भुगतान करने के निर्देश दिए गए थे। जिसके फलस्वरूप आज आचार्य इंस्टीट्यूट द्वारा 50 हजार रूपये का भुगतान जुर्माने के तौर पर किया गया।

# मनमानी का मिला दंड, 7 शिक्षकों को किया बर्खास्त

## 6 कर्मियों पर चल रही जांच, 2 में फाइल बढ़ी आगे




कोरबा, 08 मई (देशबन्धु)। सरकारी स्कूलों के प्रदर्शन को बेहतर करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। शिक्षकों को बेहतर वेतन के साथ सुविधाएं दी जा रही है। इसके बावजूद अनेक मामलों में शिक्षकों की मनमानी इस कदर है कि अधिकारी परेशान हो गए हैं। इसी वजह से जिले में शिक्षा विभाग के अंतर्गत 7 कर्मियों को सेवामुक्त कर दिया गया है जो मनमाने व्यवहार को लेकर चर्चित थे। 6 मामलों को जांच की प्रक्रिया में शामिल करते हुए आगे भेजा गया है। दो प्रकरणों में जांच लंबित है। एक लापता शिक्षक और एक चिकित्सकीय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने वाले कर्मचारी के संबंध में अगली कार्यवाही की जा रही है।

कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि अनुशासनहीनता को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह कार्रवाई सभी अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए चेतावनी और व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखने की दिशा में उठाया गया कदम है। इसके पालन में जिला कोरबा के विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर अनुपस्थित पाए गए अधिकारियों/कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर विभागीय जांच संस्थित की गई थी। जांच उपरांत प्राप्त रिपोर्ट और कलेक्टर के अनुमोदन के पश्चात इन अधिकारियों/कर्मचारियों को सेवा से पदच्युत किया गया।

इनमें श्रीमती अनिता साहू, सहायक शिक्षक एल.बी.प्रा.शा. बरभांठा, कटघोरा, संतोष कुमार तंवर, सहायक शिक्षक एल.बी., प्रा.शा. कारीमाटी, पोड़ी उपरोड़ा, श्रीमती श्वेता पोर्ते, सहायक शिक्षक एल.बी., प्रा.शा. छिरहुट, कटघोरा, दिनकर सिंह चेताम, सहायक ग्रेड-3, सेजेस पोड़ी लाफा, पाली, अनंत सिंह पैकरा, सहायक ग्रेड-3, हाई स्कूल तानाखार, पोड़ी उपरोड़ा, संतोष कुमार यादव, भृत्य, शा.उ.मा.वि. बोतली, करतला, लक्ष्मीकांत राज, भृत्य, वि.खं. शिक्षा अधिकारी कार्यालय, पाली शामिल हैं। इसके अलावा राम बिलास सिंह, व्याख्याता (गणित), शा.उ.मा.वि. मोरगा, पोड़ी उपरोड़ा का प्रकरण लोक शिक्षण संचालनालय, नया रायपुर, श्यामलाल यादव, शिक्षक एल.बी., मा.शा. हरदेवा, पोड़ी उपरोड़ा एवं प्रभात कुमार पाल, उ.व.शि., मा.शा. सरईपाली, बोईदा, पाली का प्रकरण संयुक्त संचालक, कु. पुष्पा नेताम, सहायक शिक्षक पंचायत, प्रा.शा. कोलिहामुड़ा, कोरबा का प्रकरण जनपद पंचायत कोरबा को अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया है। जबकि श्रीमती निकत खान, व्याख्याता एल.बी., हाई स्कूल तिलाईडांड़ के लापता होने व किताब सिंह तंवर, सहायक शिक्षक एल.बी. के मामले में मेडिकल सर्टिफिकेट की वजह से लंबित है।

# 60 से 90 दिन के भीतर पेश करना होगा चालान

## नवीन आपराधिक कानूनों के बारे में हुई बैठक



कोरबा, 08 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन के संबंध में कलेक्टर नवीन सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन के संबंध में कलेक्टर द्वारा विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये।

जिला कोरबा अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग में अन्य जिलों से स्थानांतरण पर आये डॉक्टर्स एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों को न्यायालय के अनुमति से वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से साक्ष्य के लिए उपस्थिति होने हेतु निर्देशित किया गया। तत्संबंध में सभी डॉक्टर को सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिये गये। कोई भी डॉक्टर साक्ष्य या न्यायिक कार्य के लिए बाहर जाने हेतु कलेक्टर से अनुमति प्राप्त कर मुख्यालय से बाहर जाने के निर्देश दिये गये।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को वीडियो कान्फ्रेसिंग कक्ष स्थापित कर प्रारंभ करने के लिए निर्देशित किया गया। उन्हें व्ही.सी. में साक्ष्य के लिए उपस्थित होने वाले डॉक्टर/अधिकारी/कर्मचारी की उपस्थिति पंजी संधारित करने हेतु निर्देशित किया गया। डॉक्टरों को साक्ष्य हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थिति हेतु संबंधित न्यायालय से जारी नोटिस में उल्लेखित करवाने के लिए जिला लोक अभियोजन अधिकारी को निर्देश दिया गया। पुलिस विभाग / जिला लोक अभियोजन अधिकारी को 60 से 90 दिवस के भीतर स्थगित चालान पेश करने हेतु निर्देश दिये गये हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला लोक अभियोजन अधिकारी को ई साक्ष्य में पंजीयन एवं तत्संबंध में प्रशिक्षण प्रदाय करने हेतु निर्देशित किया गया। नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन के संबंध में आगामी साप्ताहिक बैठक में सभी अधिकारियों को व्ही. सी. के माध्यम से उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये।

# सार-संक्षेप

## मेधावी छात्रों को जिलाधीश ने दिया टेबलेट



कोरबा, 08 मई (देशबन्धु)। हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा 10 वी में टॉप टेन में स्थान प्राप्त करने वाले जिले के मेधावी विद्यार्थियों से कलेक्टर श्री अजीत वसंत मिले। कलेक्टर ने आस्था, डिंपल और निखिल को पुष्प गुच्छ और टेबलेट देकर सम्मानित किया। कलेक्टर ने विद्यार्थियों के श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी टी पी उपाध्याय, सहायक आयुक्त श्रीकांत कसेर, विद्यार्थियों के अभिभावक, शिक्षक उपस्थित थे।

## टॉप टेन में आई आस्था की इच्छा डॉक्टर बनने की



कोरबा, 08 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा में 9वें स्थान पर आई आस्था केशरवानी आगे मेडिकल क्षेत्र की पढ़ाई के साथ डॉक्टर बनना चाहती है। उन्होंने 97 प्रतिशत अंक के साथ 10वीं की परीक्षा में नाम रौशन किया। आस्था के पिता, लक्ष्मी प्रसाद, मेडिकल स्टोर चलाते हैं. उन्होंने अपनी दोनों बेटियों को शिक्षा के प्रति हमेशा प्रेरित किया है, आस्था की इस सफलता से न केवल उनका परिवार बल्कि पूरा कोरबा जिला गौरवान्वित है। उन्होंने कहा कि वह आगे डॉक्टर बनना चाहती हैं और अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए पूरी कोशिश करेंगी. आस्था ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और दोस्तों को दिया, जिन्होंने उन्हें हमेशा प्रोत्साहित किया और उनका समर्थन किया।

## आदर्श विद्या मंदिर के तनिषा व आस्था अव्वल



कोरबा, 08 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं और 12वीं के परिणामों में आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय, कटघोरा के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है।

विद्यालय के कक्षा 12वीं का कुल परिणाम 94 प्रतिशत रहा, जिसमें वाणिज्य संकाय की छात्रा तनीषा दुहलानी ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वहीं कक्षा 10वीं का परिणाम 91 प्रतिशत रहा, जिसमें आस्था जायसवाल ने 93त्न अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सरोज मिश्रा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी तथा इस उपलब्धि के लिए शिक्षकों के समर्पण और परिश्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनके कठिन परिश्रम और अनुशासन का परिणाम है, जो विद्यालय के लिए गौरव की बात है। विद्यालय प्रबंधन, अभिभावकगण एवं शिक्षक समुदाय इस उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहे हैं और सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है।

# सुशासन तिहार में 4938 आवेदन निराकृत हुए



कोरबा, 08 मई (देशबन्धु)। हाई स्कूल भवन कोरकोमा में सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। यहां पर 4938 आवेदन निराकृत किए गए। इसके अलावा हितग्राहियों को राशन कार्ड, वोटर आईडी सहित अन्य प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

श्रीमती कौशाम्बी गबेल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोरबा द्वारा सुशासन तिहार के सभी चरणों की जानकारी देते हुए कोरकोमा कलस्टर में प्राप्त आवेदन की निराकरण की जानकारी देते हुए जनपद पंचायत कोरबा में प्राप्त आवेदन का विवरण दिया गया। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुष्मिता अनंत ने शिविर में ग्रामीणजनों की भागीदारी की सराहना की, वहीं श्रीमती रेणुका राठिया ने सभी विभागीय अधिकारियों से त्वरित निराकरण की प्रक्रिया को पारदर्शिता से पूर्ण करने का आह्वान किया। सभी विभागों द्वारा प्राप्त आवेदनों के निराकरण एवं अपने विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रेणुका राठिया, श्रीमती सुष्मित कमलेश अनंत, जनपद सदस्य श्रीमती डोलेश्वरी राठिया, तेजराम राठिया सरपंच कोरकोमा, श्रीमती मंदाकनी कंवर सरपंच पंण्डरीपानी, हरिश सिंह राठिया सरपंच रजगामार, इंद्रजीत राठिया सरपंच गोड़मा, देवराज सिंह सरपंच केरवां, श्रीमती भुनेश्वरी राठिया सरपंच केराकछार, श्रीमती प्रमिला सरपंच पतरापाली, उमेश्वर सोनी जनप्रतिनिधी कोरकोमा, शिविर नोडल अधिकारी सरोज कुमार महिलांगे, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोरबा, सहायक नोडल श्रीमती कौशाम्बी गबेल जनपद कोरबा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# मौसम की मार के बावजूद 'हरा सोना' बटोरने में जुटे ग्रामीण



कोरबा, 08 मई (देशबन्धु)। जिले के कोरबा और कटघोरा वनमंडलों में 'ग्रीन गोल्ड' यानी तेंदूपत्ता संग्रहण का काम शुरू हो गया है। वैशाख की तपती गर्मी और मौसम की प्रतिकूलता के बावजूद 99,300 संग्राहक परिवार इस कार्य में जुटे हैं। कोरबा वनमंडल में 34,500 और कटघोरा में 64,800 परिवार तेंदूपत्ता बटोरकर अपनी आजीविका को मजबूत कर रहे हैं।

जंगल में तेंदू के पेड़ों पर हरे पत्तों की बहार छाई है, जो न केवल जंगल की सुंदरता बढ़ा रही है, बल्कि ग्रामीणों के लिए आय का प्रमुख स्रोत भी बनी हुई है। तेंदूपत्ता, जिसे 'हरा सोना' कहा जाता है, को संग्रहित करने के लिए ग्रामीणों ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। संग्रहण से पहले नीलामी की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। ग्रामीण बलराम रठिया बताते हैं कि तेंदूपत्ता बांधने के लिए अटायन वृक्ष की छाल से खास रस्सी तैयार की जाती है, जो पत्तों को सुरक्षित रखती है और इसमें दीमक का खतरा नहीं होता। शासन ने इस वर्ष तेंदूपत्ता की कीमत 5,500 रुपये प्रति मानक बोरा तय की है, जो पिछले वर्ष के समान है। हालांकि, संग्राहक महिलाओं के लिए चरण पादुका देने का निर्णय लिया गया है। कुछ इलाकों में कीमतों को लेकर असंतोष की खबरें भी हैं, जिसके चलते अवैध संग्रहण की आशंका जताई जा रही है। जिले का 60 प्रतिशत हिस्सा जंगलों से आच्छादित है, जहां तेंदूपत्ता के अलावा महुआ, चार, चिरौंजी जैसे वनोपज भी ग्रामीणों की आय का स्रोत हैं। संग्राहक और वन अधिकारी मौसम की चुनौतियों के बावजूद अच्छे संग्रहण की उम्मीद जता रहे हैं।

# रनवे में विभिन्न राज्यों की संस्कृति दिखाएंगे बच्चे टैलेंट



कोरबा, 08 मई (देशबन्धु)। 3 से 19 वर्ष तक के बच्चों को स्थानीय लोग विभिन्न राज्यों की संस्कृति के साथ देख सकेंगे कोरबा में। इसका नाम होगा किड्स टैलेंट रनवे 2025। दीनदयाल पीली कोठी में यह आयोजन 11 मई को होगा। इसमें मातृ वंदना सम्मान को भी शामिल किया गया है।

नवप्रभा सेवा समिति की अध्यक्ष कविता सोनी एवं राकेश सोनी ने बताया कि उद्घाटन सत्र में कटघोरा विधायक प्रेमचंद्र पटेल एवं पंडित दुर्गेश उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के समापन सत्र में मुख्य अतिथि लखन देवांगन कैबिनेट मंत्री, मुख्य वक्ता डॉ. वर्णिका शर्मा अध्यक्ष राज्य बाल संरक्षक आयोग, विशिष्ट अतिथि श्रीमती संजू देवी राजपूत महापौर, विशिष्ट अतिथि गोपाल मोदी जिला अध्यक्ष भाजपा कोरबा, विशिष्ट अतिथि हितानंद अग्रवाल पार्षद पूर्व नेता प्रतिपक्ष, अशोक मोदी समाजसेवी, राजकुमार अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम से पहले दो दिवसीय ग्रूमिंग वर्कशॉप 9 और 10 मई को आयोजित की जाएगी। कविता ने बताया कि वे पिछले 5 सालों से इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करती आ रही हैं और दिल्ली के साथ पिछले साल रायपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में मंच संचालन कोरबा के रविंद्र साहू, ज्योति चोपड़ा एवम जज रीना साहू, मिताली यदुवंशी, ईशा दास शर्मा, पूर्णिमा सोनी, राहुल अग्रहरि बच्चों के प्रदर्शन का आकलन करेंगे। कार्यक्रम में सहयोगी कार्यकर्ता जयेश सोनी, आकांक्षा गुप्ता, मारिया संगीता इक्का, मोनिका गुप्ता आदि है।

# भाजपा ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर जश्न मनाया



कोरबा, 08 मई (देशबन्धु)। पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकानों की तबाही और सेना की शह पर आतंकवाद को बढ़ावा दे रहे काले चेहरों को भारत ने बर्बाद कर दिया है। ऑपरेशन सिंदूर से ऐसा संभव हुआ। भारत की बड़ी कार्यवाही पर भाजपा ने टीपी नगर चौक में जश्न मनाया। आतिशबाजी के साथ लोगों का मुंह मीठा कराया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा की ऑपरेशन सिंदूर भारत की सामरिक शक्ति, नेतृत्व की दृढ़ता और सैनिकों के अदम्य साहस का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने आतंकवाद को जवाब देने की जो नीति अपनाई है, उसने भारत को विश्व पटल पर मजबूती से खड़ा किया है। यह उत्सव हमारे वीर जवानों के सम्मान में एक छोटा सा प्रयास है। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, भाजपा वरिष्ठ नेता नगर निगम पूर्व नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, नवीन पटेल, रामनारायण सोनी, विकास अग्रवाल, नवीन अरोरा सहित महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, किसान मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए और सभी ने एक स्वर में देश की अखंडता व सैनिकों के सम्मान की शपथ ली।

# 8039 बुजुर्गों की हुई स्क्रीनिंग, दी गई निःशुल्क दवा

कोरबा, 08 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय वयोवृद्ध देखभाल कार्यक्रम के अन्तर्गत जिले के शहरी और ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 60 वर्ष से अधिक उम्र के वयोवृद्ध व्यक्तियों के वृद्धावस्था में होने वाली विभिन्न बिमारियों की स्क्रीनिंग हेतु शिविर लगाया जा रहा है। जांच में विभिन्न बिमारियों से ग्रस्त मरीजों का निःशुल्क उपचार किया जा रहा है एवं उन्हें दवाईयाँ दी जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले में 5, 6 एवं 7 मई को हुए स्वास्थ्य शिविर में आठ हजार 39 वयोवृद्ध व्यक्तियों का स्क्रीनिंग किया गया है जिसमें 22 लोगों का आभा आईडी, 22 लोगों का आयुष्मान कार्ड एवं 65 लोगा वयवंदन कार्ड बनाया गया। एक हजार 867 लोग बीपी एवं 1146 लोग शुगर से पीड़ित पाये गए। इन शिविरों में 1225 लोगों में हीमोग्लोबिन 11 ग्राम से कम, 309 मोतियाबिंद के मरीज, 168 नाक, कान एवं गला के मरीज तथा 311 मरीज गठिया तथा जोड़ों की बिमारी के मरीज मिले। जिनका निःशुल्क उपचार किया गया एवं दवाइयां दिया गया।

## 10 गांवों में समाधान शिविर आज

कोरबा, 08 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तृतीय चरण अन्तर्गत जिले के विकासखंडों के क्लस्टर ग्रामों में समाधान शिविर आयोजन कर ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही प्राप्त आवेदनों के निराकरण की भी जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में 9 मई को विकासखंड पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम पिपरिया कलस्टर अंतर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायत पिपरिया, सिर्री, पोंड़ीकला, कुम्हारीदर्री, कोडगार, अमझर प, दुल्लापुर, जल्के और पनगंवा हेतु शासकीय हाई स्कूल पिपरिया में समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा।

# भट्ठी में गांजा और नशे का सामान नष्ट हुआ बालको की



कोरबा, 08 मई (देशबन्धु)। एनडीपीएस एक्ट के तहत कोरबा जिले के विभिन्न थाना-चौकी क्षेत्र में जब्त किए गए मादक पदार्थों का विधिवत नष्टीकरण कर दिया गया। नष्टीकरण के दौरान 4 थाना क्षेत्रों कुसमुण्डा, दर्री, कोतवाली और बांकीमोंगरा में जब्त कुल 13.424 किलोग्राम गांजा, 692 नग टेबलेट, 1032 नग कैप्सूल एवं 75 नग गांजा पौधों सहित अन्य मादक सामग्री को नष्ट किया गया। यह कार्रवाई जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल समिति की निगरानी में 08 मई को बालको पावर प्लांट के भट्ठी में जलाकर एवं रोलर से दबाकर संपन्न हुई। इनमें से कुछ मामले अभी न्यायालय में लंबित हैं, जबकि कुछ में दोष सिद्धि अथवा दोषमुक्ति का निर्णय प्राप्त हो चुका है। समिति के अध्यक्ष पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, सदस्य अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश ठाकुर, जिला आबकारी अधिकारी आशा सिंह एवं क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी की उपस्थिति में यह कार्यवाही पूर्ण की गई।

# भक्तों ने पदयात्रा कर खाटू श्याम मंदिर में निशान चढ़ाया



कोरबा, 08 मई (देशबन्धु)। मोहिनी एकादशी पर भगवान खाटू श्याम के भक्तों ने कोयलांचल बांकीमोंगरा से पदयात्रा की और 6वीं बार कोरबा स्थित मंदिर में निशान चढ़ाया। गुरुवार को सुबह 04 बजे बॉंकीमोंगरा में चौक स्थित वीर हनुमान के दरबार में सभी श्रद्धालु इकट्ठे हुए। उन्होंने हनुमान जी की पूजा-अर्चना के साथ यात्रा शुरू की। वे 3 घंटे में कोरबा के श्याम मंदिर पहुंचे जहां पर निशान अर्पण के बाद आरती में शामिल हुए। पदयात्रा में विकास अग्रवाल, वीर बहादुर केसरी, बंटी अग्रवाल, राम साहु, अरविन्द सिंह, महेश चौहान, गौरव गुप्ता, रोहित केवट, अभीषेक सिंह, लखेश्वर सिंह, मिहिर पालीवाल, युवराज अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, यश श्रीवास, अनिल श्रीवास, विमल सिंह ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## सार-संक्षेप

### प्रत्येक ग्राम पंचायत में मनाया गया रोजगार दिवस

**अम्बिकापुर,** 8 मई (देशबन्धु)। जिला स्तर पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत प्रत्येक माह की 7 तारीख को मनाए जाने वाले रोजगार दिवस का आयोजन जिले की सभी ग्राम पंचायतों एवं मनरेगा कार्यस्थलों पर किया गया।

इस अवसर पर निर्माण कार्यों में लगे श्रमिकों को मनरेगा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया गया। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि 1 अप्रैल 2025 से मनरेगा की मजदूरी दर बढ़ाकर ?261 प्रतिदिन कर दी गई है, जिससे श्रमिकों को आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बनाया जा सके। इसके अतिरिक्त मनरेगा जॉब कार्ड में नए सदस्यों के नाम जोड़ने की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से बताया गया। श्रमिकों को जानकारी दी गई कि प्रत्येक पात्र परिवार को 100 दिनों का रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित है, और सभी को इस दिशा में प्रेरित किया गया। प्रोजेक्ट उन्नति के अंतर्गत विभिन्न व्यवसायिक ट्रेडों में दिए जाने वाले निशुल्क प्रशिक्षण की जानकारी दी गई, जिससे श्रमिक अपने कौशल का विकास कर वैकल्पिक आजीविका के अवसर प्राप्त कर सकें। इस दौरान श्रमिकों को जन मनरेगा मोबाइल एप्लिकेशन के बारे में भी जानकारी दी गई, जिसके माध्यम से वे कार्य की स्थिति, भुगतान, जॉब कार्ड की जानकारी आदि सीधे अपने मोबाइल पर प्राप्त कर सकते हैं। एंड्रॉयड मोबाइल रखने वाले श्रमिकों को एप के उपयोग हेतु प्रोत्साहित किया गया। रोजगार दिवस के आयोजन ने श्रमिकों में योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाई और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रोत्साहित किया।

### 37 वी मासिक निशान यात्रा एवं श्री श्याम अखण्ड ज्योति पाठ

#### आज बटेगा खीर,चुरमा,चांवल सब्जी, खिचडी का भोग



**खरसिया,** 8 मई (देशबन्धु)। नगर की धार्मिक संस्था श्री श्याम कुटुम्ब द्वारा श्री श्याम अखण्ड ज्योति पाठ 09 मई को अखण्ड ज्योत जलाई जाएगी एवं खीर,चूरमा, चांवल सब्जी, खिचड़ी का प्रसाद श्याम बिहारी मंदिर में भोग के रूप में लगाया जाएगा। नगर की धार्मिक संस्था श्री श्याम कुटुम्ब द्वारा वैशाख शुक्ल एकादशी 08 मई को प्रातः 06 बजे श्री सुरेश बंसल जी, मे. रानी सती फैंसी स्टोर्स के निवास स्थान पंजाब नेशनल बैंक के पीछे खरसिया से निशान यात्रा प्रारंभ होकर 7:30 बजे मंदिर पहुचने के पश्चात आरती की जावेगी । श्री श्याम कुटुंब के संस्थापक मुकेश मित्तल ने जानकारी देते बताया कि संस्था द्वारा नगर के श्याम प्रेमियों के घर घर से बाबा श्याम के पूजन करने के पश्चात शुक्ल पक्ष की ग्यारस के दिन निशान यात्रा प्रारंभ की जावेगी बाबा श्याम को निशान अर्पण करने का एक विशेष महत्व है एवं बाबा श्याम के प्रेमियों के लिए शुक्ल पक्ष की ग्यारस के पावन दिन के अवसर पर प्रत्येक शुक्ल पक्ष की ग्यारस को घर घर से निशान यात्रा प्रारंभ करने का बीड़ा उठाया है मासिक निशान यात्रा नगर के श्याम प्रेमियों के निवास स्थान से प्रारंभ कर श्री श्याम बिहारी मंदिर प्रत्येक शुक्ल पक्ष की ग्यारस के दिन निकाली जावेगी नगर के जो भी भक्त अपने निवास से निशान यात्रा के लिए नाम आरक्षित करा सकते हैं। दोप. 1 बजे से श्रीश्याम अखंड ज्योति पाठ एवं दुसरे दिन प्रातः 7:30 बजे बाबा की ज्योत एवं उसके पश्चात दोपहर 12:30 बजे चांवल सब्जी एवं रात्रि 7:30 बजे बाबा के आरती के पश्चात खिचड़ी का भोग लगाया जाएगा। श्याम कुटुम्ब के अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने बताया कि श्याम कुटुम्ब द्वारा विगत 15 वर्षो से प्रत्येक शुक्ल पक्ष की एकादशी को श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का वाचन श्री श्याम कुटुम्ब द्वारा किया जाता रहा हैं।

### केलो नदी को प्रदुषण से बचाने के लिए कलेक्टर से मिला प्रतिनिधि मंडल

#### केलो मैया के लिए मॉनिटरिंग के लिए समिति बनाने की मांग

**रायगढ़** 08 मई (देशबन्धु)। रायगढ़ जिले की जीवन दायिनी,किसानों,जिले के निवासियों की सदैव पूज्यनीय केलो नदी के प्रदूषण मुक्त होने के लिए जन -जन चिंतित और प्रयासरत है पूरे रायगढ़ जिले के शत प्रतिशत विधानसभा से इसका प्रवाह निरन्तर है।इसको प्रदूषित करने वालों से बचाने के लिए अब ठोस प्रयास अतिआवश्यक है।

रायगढ़ बचाओ - लड़ेंगे रायगढ़ के विनय शुक्ला ने बताया कि रायगढ़ जिले के लिए सदैव पूज्यनीय ष्केलो नदीष् जिसे जिले की जनता हमेशा केलो महतारी के स्वरूप में मानते है का प्रवाह लेलुंगा ब्लॉक से प्रारंभ होकर घरघोड़ा ब्लॉक, तमनार ब्लाक, खरसिया ब्लाक, रायगढ़ ब्लाक से पुसौर ब्लॉक होते हुए केलो महतारी अपने प्रवाह को महानदी और मांड नदी के सामान हीराकुंड डेम में शमा जाती है इसी के साथ इसके उद्गम स्थल के जल को अर्पण करना मानो अमृत सा है पर इसके तमनार पहुंचते ही इसमें कोयला खदान का अपशिष्ट तदोपरांत घरघोड़ा और रायगढ़ ब्लॉक के उद्योगों अपशिष्ट खुले मिला दिया जाता रहा है,चूंकि उद्गम स्थल शुरू होने वाला हिस्सा कार्यपालन यंत्री सिंचाई,धर्मजयगढ़ के अंतर्गत फिर डैम का हिस्सा कार्यपालन यंत्री,केलो परियोजना, रायगढ़ फिर उसके बाद का हिस्सा कार्यपालन यंत्री,सिंचाई, रायगढ़ के कार्यक्षेत्र में आता है जिसके कारण इस पर सिंचाई विभागों और पर्यावरण विभाग की कार्यवाही शून्य है।

रायगढ़ बचाओ - लड़ेंगे रायगढ़ संस्था का जत्था जिले के नव पदस्थ युवा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी से भेंट कर केलो है तो कल है के विषय पर ज्ञापन प्रस्तुत किया जिसमें निवेदित किया कि केलो नदी को बचाने के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन हो क्योंकि केलो नदी का हिस्सा सिंचाई विभाग के 3 अलग-अलग विभागों के अंतर्गत विभाजित है और इसका फायदा इसको प्रदूषित करने वालों को मिल रहा है जिसमें सिंचाई और पर्यावरण विभाग इन दोनों विभागों के अधिकारियों की कार्यवाही खामोश है।

इसी कारण से अब जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी का गठन हो जिसमें स्थानीय संसद,जिले के समस्त विधायक,समस्त केलो प्रवाहित क्षेत्र के राजस्व एसडीएम,कार्यपालन यंत्री,सिंचाई धर्मजयगढ़,कार्यपालन यंत्री केलो परियोजना, रायगढ़,कार्यपालन यंत्री सिंचाई, रायगढ़,सामाजिक संगठनों के सदस्य, महाविद्यालय के रासायनिक विज्ञान के प्राध्यापक आदि की समिति बना कर इसके आगामी समय की कार्ययोजना बना कर इसे प्रदूषित होने से रोकने के सारगर्भित प्रयास की परिस्थिति बने।

नवपदस्थ कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने संस्था के सदस्यों की बातें सुनी और इस हेतु हर संभव कार्य को अंजाम देना प्रथम प्राथमिकता बताया इस अवसर पर संस्था के विनय शुक्ला,किशन कुमार,ऋषभ मिश्रा, सूरज यादव, विनोद श्रीवास, कृष्णा शर्मा, प्रीति केरकेट्टा,हरि मिश्रा,डी डी शुभंकर, सुरेंद्र पटेल, राजू, इनाम सिद्दीकी, रविकांत यादव और अनिल चीकू उपस्थित रहे।

# अंतर्राज्यीय साइबर ठग गिरोह का भंडाफोड़

## रायगढ़ पुलिस ने उत्तराखंड से पकड़े 3 आरोपी

## 91 लाख की धोखाधड़ी का खुलासा




**रायगढ़** 08 मई (देशबन्धु)। पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज डॉ. संजीव शुक्ला के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक रायगढ़ दिव्यांग पटेल के नेतृत्व में साइबर ठगी के एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए रायगढ़ पुलिस ने उत्तराखंड के देहरादून से प्रशिक्षु आईपीएस हर्षित मैहर थाना प्रभारी खरसिया की टीम ने इंटर स्टेट साइबर फ्राड गैंग के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। खरसिया क्षेत्र के बोतल्दा निवासी एक प्लांट कर्मचारी से करीब 91 लाख रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले में ये कार्रवाई की गई, जिसमें आरोपियों द्वारा श्समारा ट्रेडिंग एपश् के नाम पर फर्जी निवेश के बहाने भारी रकम ठगी गई थी।

जानकारी के अनुसार 22 फरवरी 2024 को पीड़ित राजेश गबेल को एक वॉट्सऐप लिंक के जरिए एक ग्रुप में जोड़ा गया, जहां शेयर ट्रेडिंग में 5 से 7 प्रतिशत तक लाभ का प्रलोभन दिया गया। आरोपियों ने पीड़ित से समारा प्रो एप डाउनलोड कराकर उसमें निवेश शुरू कराया और कुल 91 लाख रुपये निवेश करा लिए। बाद में जब निवेशित शेयरों को बेचना संभव नहीं हुआ, तब ठगी का अहसास हुआ। प्रकरण में खरसिया थाना में धारा 420 भादंवि के तहत मामला दर्ज किया गया। एसपी दिव्यांग पटेल ने स्वयं इस केस की निगरानी करते हुए साइबर सेल व खरसिया पुलिस की संयुक्त टीम बनाई। जांच में यह सामने आया कि पीड़ित की रकम देहरादून स्थित बैंक खातों में ट्रांसफर हुई है। प्रशिक्षु आईपीएस हर्षित मैहर थाना प्रभारी खरसिया के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने देहरादून पहुंचकर खाता धारक शेखर थपलियाल का पता उठाया और हिरासत में लिया। पूछताछ में उसके जॉइंट अकाउंट होल्डर कुलदीप सिंह रावत और मुख्य सरगना आशीष अग्रवाल का नाम सामने आया। पुलिस ने दोनों को भी स्थानीय पुलिस की मदद से दबोच लिया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आशीष अग्रवाल विभिन्न लोगों से बैंक अकाउंट और लिंक्ड मोबाइल नंबर पर कमीशन लेकर प्राप्त करता था और फर्जी ट्रेडिंग कंपनी के नाम पर निवेश कराकर ठगी करता था। इस गिरोह द्वारा उपयोग किये गये मोबाइल नंबरों के खिलाफ उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों में कुल 55 ऑनलाइन धोखाधड़ी की शिकायतें दर्ज हैं, जिनमें करीब 6 करोड़ रुपये के लेन-देन का रिकॉर्ड सामने आया है। आरोपियों के खिलाफ खरसिया, जिला रायगढ़ के अलावा 3 और अपराध आजमगढ़ और बलिया (उत्तर प्रदेश) में पंजीबद्ध हैं। गिरफ्तार तीनों आरोपियों को देहरादून से ट्रांजिट रिमांड पर रायगढ़ लाया गया है। उनके पास से 3 मोबाइल फोन, आईडीएफसी बैंक का संयुक्त खाता चेकबुक और सील जब्त की गई है। न्यायालय में प्रस्तुत कर सभी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। मामले में विवेचना जारी है।

# रायगढ़ जिले के पांच छात्रों ने मेरिट लिस्ट में बनाई जगह



## 10 वीं के तीन छात्र ने टॉप टेन में पाया स्थान

## 12 वीं में दो छात्रों ने मेरिट लिस्ट में दर्ज करवाया नाम

**रायगढ़** 08 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। जिसमें जिले के पांच छात्रों ने मेरिट लिस्ट में स्थान बनाकर रायगढ़ जिले को गौरवान्वित किया है। इनमें कक्षा 10 वीं की मेरिट लिस्ट में तीन छात्रों ने स्थान बनाया है। वहीं कक्षा 12 वीं में दो छात्रों ने टॉप टेन में जगह हासिल की है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जिले के सभी सफल छात्रों पूरे जिला प्रशासन की ओर से बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपेक्षा अनुरूप परिणाम नहीं आने वाले छात्रों से कहा कि आप हतोत्साहित न हो बल्कि दुगुने जोश से आगे कड़ी मेहनत करें, सफलता अवश्य मिलेगी।

कक्षा 10 वीं के मेरिट लिस्ट में स्थान बनाने वालों में सेंट माईकल इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल लैलूंगा की छात्रा हेमलता पटेल ने 98.83 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया है। इसी तरह गुड्स वैली हाईस्कूल कसडोल तमनार की छात्रा आयुषी कुमारी ने 98.17 प्रतिशत अंक के साथ सातवां स्थान एवं स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल कोतरा के छात्र रौनित चैहान ने 97.83 प्रतिशत अंक पाकर नौंवा स्थान बनाया है। कक्षा 12 वीं के मेरिट लिस्ट में शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल कोड़ातराई की छात्रा कृतिका यादव ने 96.60 प्रतिशत अंक के साथ पूरे प्रदेश में छठवां स्थान हासिल किया है। वहीं एम.पी.शालिनी हायर सेकेण्डरी स्कूल बोईरदादर, रायगढ़ के छात्र तरंग अग्रवाल ने 96.20 प्रतिशत अंक के साथ मेरिट लिस्ट में आठवें स्थान पर रहे है।

# जल एवं भूमि संरक्षण को बढ़ावा देने चलाया जा रहा जल शक्ति अभियान

## खरसिया के बोतल्दा में जल जागृति शिविर एवं श्रमदान कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**खरसिया,** 8 मई (देशबन्धु)। जिले मे जल एवं भूमि संरक्षण को बढ़ावा देने के लिये जल शक्ति मंत्रालय द्वारा चलाये जा रहे जल शक्ति अभियान पलन के अंतर्गत जल संकल्प अभियान प्रारंभ किया गया है इसके तहत जिला प्रशासन के तत्वाधान मे बुधवार को खरसिया विकासखंड के ग्राम बोतल्दा मे जल जागृति शिविर एवं श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे ग्रामीणो को जल सरंक्षण के महत्व को उजागर करते हुये कहा गया कि जल एक अनमोल संसाधन है, आने वाले पीढ़ियो के उज्जवल भविष्य के लिये जल को संरक्षण करना जरूरी है। इसी परिपेक्ष्य मे इस तरह का आयोजन कर जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के महत्व को बताया जा रहा है। उन्होने जल स्त्रोतो के साथ साथ पानी के स्त्रोतो के रिचार्ज करने वाली नालो, जल वितरिकाओ, तालाबो, झिरिया, नालिकाओ को भी स्वच्छ रखने का संदेश दिया ताकि जल स्तर बना रहे इस अवसर पर भारत सरकार के जल शक्ति, मंत्रालय द्वारा वाटर हीरो के रूप में सम्मानित जल पहरी नीरज वानखेड़े द्वारा मनोरंजक तरीको से भूमि एवं जल संचयन के तरीको से ग्रामीणों को अवगत कराया गया। इसमे उन्होने वीडियो खेल एवं मॉडल के माध्यम से ग्रामीणो को जल संरक्षण के तरीको को जानकारी दी। उन्होने लाइव मॉडल के माध्यम से जल संरक्षण की आवश्यकता को प्रदर्शित कर लोगो को इसके महत्व को दर्शाया। उन्होने सोख्ता गडड़ा, बोर रिचार्ज, वाटर हार्वेस्टिंग, डिप सीसीटी, गेबियन स्ट्रक्चर, एलबीएस, मेढ़ बंधान आदि जल संरक्षण के तरीको की ग्रामीणो को जानकारी दी। इस कार्यक्रम मे जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या मे स्कूली बच्चे एवं ग्रामीण जन शामिल हुये। इस कार्यक्रम के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रविंद्र गबेल जिला पंचायत सदस्य बलदेव कुर्रे जनपद उपाध्यक्ष डॉ हितेश गबेल ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार देवांगन जनपद पंचायत अधिकारी दीपक पटेल को जनपद पंचायत वीरेंद्र डनसेना की गरिमामय उपस्थिति रही।



# वनवृत्त सरगुजा अंतर्गत वर्ष 2025 में तेंदूपत्ता संग्रहण हेतु तैयारी पूर्ण

## 3.63 लाख से अधिक मानक बोरा का लक्ष्य निर्धारित, 5500 रुपए प्रति मानक बोरा के दर से होगी खरीदी

**अम्बिकापुर,** 8 मई (देशबन्धु)। सरगुजा वनवृत्त के मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन मुख्य महाप्रबंधक ने बताया कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष 2025 में भी वनवृत्त सरगुजा अंतर्गत जिला यूनियन सरगुजा, सूरजपुर, बलरामपुर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़ एवं जशपुरनगर में शासन के निर्देशानुसार तेंदूपत्ता संग्रहण किया जाना प्रस्तावित है।

तेंदूपत्ता जिसे हरा सोना भी कहते है, वनवृत्त के वनक्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों के आय का प्रमुख साधन है। इस वर्ष छत्तीसगढ़ शासन द्वारा तेंदूपत्ता 5500 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से किया जावेगा। जिसके कारण संग्राहक या वनवासियों में अधिक उत्साह, लगन और मेहनत से तेंदूपत्ता संग्रहण करने की संभावना है। इस वर्ष वृत्त के 6 जिला यूनियनों में 165 लॉट के माध्यम से 144 समितियों में तेंदूपत्ता संग्रहण हेतु अग्रिम निवर्तन कर क्रेता नियुक्ति हुए हैं।

इस वर्ष भी वृत्त के 3 लाख 63 हजार 600 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण लक्ष्य निर्धारित है। गत वर्ष 2024 में 3 लाख 69 हजार 493 मानक बोरा संग्रहण किया गया, जो लक्ष्य का 1.62 प्रतिशत अधिक है।

तेन्दूपत्ता संग्रहण 2024 कार्य में वृत्त के 3,12,389 संग्राहक परिवारों को राशि रूपये 203 करोड़ का भुगतान पेमेंट सॉफ्टवेयर के माध्यम से ऑनलाईन किया गया है।

जिससे संग्राहकों में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी अतिरिक्त आय होने की संभावना से खुशी एवं उत्साह है।

# सुशासन तिहार बना जनसमस्याओं के निराकरण का प्रभावी माध्यम

## परसा में आयोजित समाधान शिविर में 3766 आवेदन हुए निराकृत, हितग्राहियों ने घंटी बजाकर जताई खुशी

**अम्बिकापुर,** 8 मई (देशबन्धु)। शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसेवा के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अभिनव पहल पर आयोजित सुशासन तिहार के माध्यम से आमजन की समस्याओं के समाधान हो रहा है। जिले के विभिन्न विकासखंडों में आयोजित समाधान शिविरों में नागरिकों की मांगों व शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण किया गया। समस्याओं के निराकरण से संतुष्ट हितग्राहियों द्वारा सुशासन की घंटी बजाकर अपनी खुशी का इजहार किया गया।

अम्बिकापुर जनपद के ग्राम पंचायत परसा में 11 ग्राम पंचायतों को मिलाकर एक वृहद समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभागवार कुल 3816 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 3766 का प्राथमिकता से निराकरण किया गया। विशेष रूप से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत प्राप्त 2661 शिकायतों और मांगों का शत-प्रतिशत समाधान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लुण्ड्रा विधायक श्री प्रबोध मिंज ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सुशासन तिहार के माध्यम से लोगों की समस्याओं का शत-प्रतिशत समाधान सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि यह तिहार हितग्राही मूलक योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन की दिशा में एक सराहनीय पहल है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह ने समाधान शिविर में प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण के लिए प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के सुशासन में योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता लाई जा रही है, जिससे वंचित पात्र परिवारों को लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर कलेक्टर विलास भोसकर, पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती दिव्या भारत सिंह सिसौदिया, जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव, जनपद पंचायत सभापति विजय व्यापारी, ग्राम पंचायतों के सरपंच-पंच सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# कुकरी झरिया नाला में बनेगा स्टॉप डेम व पुलिया

**कोरिया,** 8 मई (देशबन्धु)। सोनहत विकासखंड के ग्राम किशोरी, बलसिंगा पारा से करगीबारी पारा मार्ग पर स्थित कुकरी झरिया नाला में अब बरसात में आवागमन की समस्या नहीं रहेगी। इस नाला पर स्टॉप डेम सह पुलिया निर्माण के लिए जिला खनिज संस्थान न्यास से 43 लाख 38 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस कार्य को जल संसाधन विभाग के माध्यम से कराया जाएगा।

इस महत्वपूर्ण स्वीकृति से ग्राम किशोरी, बलसिंगा पारा और आसपास के ग्रामीणों में हर्ष की लहर है। बरसात के मौसम में पुलिया न होने के कारण बच्चों को स्कूल जाने और ग्रामीणों को राशन व अन्य आवश्यक वस्तुएं लाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इस समस्या के समाधान के लिए ग्रामीणों ने सुशासन तिहार के दौरान आवेदन प्रस्तुत किया था, जिस पर जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को ग्राम किशोरी के श्री हंसराज, रंगलाल, देवराज, मन्धुराम, बृजलाल, मनराज सिंह, सुरेंद्र सिंह, सुचेन्द्र सिंह, मनेजर व नेवल साय ने पत्र लिखकर आभार जताया है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया कि सरकार की संवेदनशीलता और त्वरित निर्णय से ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो रही है, जिससे जनजीवन को बड़ी राहत मिलेगी। यह निर्णय सुशासन तिहार की सफलता और जनसुनवाई के प्रभावी कार्यान्वयन का प्रत्यक्ष उदाहरण बन गया है।

# देवराहा बाबा मेला परिसर में सीसी रोड होगी चौड़ीकरण

## लगेगी हाईमास्क सोलर लाइट-सुशासन तिहार में मिला समाधान

**कोरिया,** 8 मई (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर के प्रेमाबाग स्थित देवराहा बाबा मेला परिसर के विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृति हुई है। अब इस क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण और हाईमास्क सोलर लाइट की स्थापना की जाएगी। इस कार्य के लिए प्रशासन ने 30 लाख 26 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

'ओम देवराहा बाबा सेवा समिति प्रेमाबाग' के अध्यक्ष शैलेष शिवहरे ने 9 अप्रैल को सुशासन तिहार में उक्त मांगों को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया था। उन्होंने अपने आवेदन में बताया कि देवराहा बाबा मंदिर परिसर एक प्रमुख धार्मिक स्थल है, लेकिन वहां प्रकाश की समुचित व्यवस्था न होने से श्रद्धालुओं को असुविधा होती है। साथ ही वार्ड क्रमांक 17 स्थित गुरुद्वारा के पास कन्या स्कूल के समीप संकीर्ण पुलिया और गड्ढों के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि इस सम्बंध में वे पूर्व में भी आवेदन दिए थे।

जिला प्रशासन ने इन मांगों को गंभीरता से लेते हुए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को कार्य एजेंसी नियुक्त किया गया। इस निर्णय के बाद स्थानीय लोगों ने खुशी व्यक्त किया है शिवहरे ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, 'विष्णु जी के सुशासन ने जनभावनाओं का सम्मान किया है। वर्षों से लंबित मांगों को स्वीकृति मिलना हम सभी के लिए बड़ी राहत है।' इस पहल से न सिर्फ क्षेत्र के धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों को नई पहचान मिलेगी, बल्कि सुरक्षा और सुविधाओं में भी बड़ा सुधार होगा।

# छिंदिया गांव में मुख्यमंत्री का आकस्मिक दौरा

## चौपाल में ग्रामीणों से सीधा संवाद

**कोरिया,** 8 मई (देशबन्धु)।, 7 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कोरिया जिले के ग्राम छिंदिया का आकस्मिक दौरा कर ग्रामीणों से आत्मीय संवाद स्थापित किया। मुख्यमंत्री का हेलिकॉप्टर जैसे ही गांव के प्राथमिक शाला परिसर में उतरा, ग्रामीणों में उत्सव जैसा माहौल बन गया। पारंपरिक स्वागत के साथ मुख्यमंत्री को कोसम पेड़ की छांव में चौपाल में आमंत्रित किया गया।

चौपाल के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा दर्शन योजना और धान बोनस जैसी योजनाओं की जानकारी दी और ग्रामीणों से इनका लाभ व प्रभाव जाना। ग्रामीणों ने भी खुलकर अपनी समस्याएं और ज़रूरतें रखीं। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही कई घोषणाएं कीं।

छिंदिया में उप-स्वास्थ्य केंद्र, दो सीसी सड़कों, एक सामुदायिक भवन तथा वार्ड क्रमांक 17 में पुलिया निर्माण की स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने कहा कि, हमारी सरकार गांव-गांव जाकर समस्याओं को सुन रही है, ताकि शासन और जनता के बीच की दूरी पूरी तरह समाप्त हो। मुख्यमंत्री की इस अनौपचारिक चौपाल से ग्रामीणों में विशेष उत्साह दिखा।

उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब राज्य का कोई मुख्यमंत्री सीधे खाट पर बैठकर उनकी बात सुनने आया है।



इस अवसर पर बैकुण्ठपुर विधायक भईया लाल राजवाड़े, भरतपुर- सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, सचिव बसव राजू, कलेक्टर कोरिया श्रीमती चन्दन त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### कालिंदी पटेल को टापटेन में 5वां स्थान मिला




डभरा, 8 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड परीक्षा में कामधेनु पब्लिक स्कूल की छात्रा कुमारी कालिंदी पटेल कक्षा दसवीं में 98.5 प्रतिशत लाकर टॉप 10 की सूची में पांचवा स्थान प्राप्त किए हैं वे बचपन से ही मेधावी छात्रा रही है मुलाकात के दौरान कालिंदी पटेल ने बताया कि वे भविष्य में आईएएस अफसर बनना चाहती है वह अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को देती है इनके पिता जगनारायण पटेल कृषि उद्यानिकी के क्षेत्र में महारत हासिल है उनकी मम्मी विनीता पटेल सफल हाउसवाइफ है टॉप 10 में आने पर समाज के क्षेत्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश पटेल महासचिव ओम प्रकाश पटेल क्षेत्रीय सचिव विनोद कुमार पटेल विजय पटेल राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी इंद्र कुमार पटेल क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी स्कूल संचालक हेमंत कुमार पटेल गोपाल पटेल जगनारायण पटेल ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनकी उज्जवल भविष्य की शुभकामना प्रेषित किए हैं

### 92 प्रतिशत से दसवीं उत्तीर्ण कर सोनाली जायसवाल ने बढ़ाया मान



सारंगढ़, 8 मई (देशबन्धु)। शाम 5 बजे 10 का परिणाम घोषित हुआ जिसमें पीकरी की छात्रा सोनाली जयसवाल ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किया क्षेत्र के जनपद पंचायत सभापति मुकेश साहू ने छात्रा व परिवार का उत्साहवर्धन किया।

### शादी का सामान लेने जा रहे युवक की बाइक टकराई

**जीभ कटी हालत गंभीर, दूसरा चालक हादसे के बाद मौके से फरार**



जांजगीर, 08 मई (देशबन्धु)। जिले के पंतोरा गांव में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें छातापाली निवासी युवक श्रवन गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा रविवार दोपहर पंतोरा चौकी थाना क्षेत्र में हुआ, जब श्रवन शादी का सामान लेकर लौट रहा था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि श्रवन बाइक से उछलकर दूर जा गिरा। उसके सिर पर गंभीर चोट आई और जीभ कट गई, जिससे वह बोलने में असमर्थ हो गया है। दुर्घटना के तुरंत बाद दूसरा बाइक चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल श्रवन को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे कोरबा के 100 बेड अस्पताल रेफर किया गया। परिजनों ने बताया कि उसकी हालत गंभीर बनी हुई है और इलाज जारी है। पुलिस फरार बाइक चालक की तलाश में जुट गई है। मामले की जांच की जा रही है।

### 10 से अधिक अधिकारी, कर्मचारी होने पर आंतरिक परिवाद समिति का होगा गठन




जांजगीर, 08 मई (देशबन्धु)। महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के क्रियान्वयन हेतु ऐसे सभी विभाग, संगठन, उपक्रम, प्रतिष्ठान, उद्यम, संस्थान, कार्यालय, शाखा अथवा इकाई जो प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से सरकार, स्थानीय प्राधिकरण, सरकारी कम्पनी, निगम, सहकारी सोसाइटी द्वारा प्रदत्त निधियों द्वारा स्थापित, स्वामित्वाधीन, नियंत्रणाधीन अथवा वित्त पोषित हो। निजी क्षेत्र का संगठन, उपक्रम, उद्यम संस्थान, प्रतिष्ठान, सोसाईटी, न्यास, गैर-शासकीय संगठन, इकाई अथवा सेवा प्रदाता जो वाणिज्य, व्यावसायिक, शैक्षिक, मनोरंजन, औद्योगिक, स्वास्थ्य सेवाएं अथवा वित्तीय क्रियाकलाप कर रहा हो जिसमें उत्पादन, आपूर्ति, विक्रय, वितरण, अस्पताल अथवा नर्सिंग होम, खेलकूद का संस्थान, स्टेडियम, खेल परिसर, प्रतियोगिता अथवा खेल का स्थान आदि निजी क्षेत्र जहां 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है वहां महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के धारा 04 (1) के अनुसार आंतरिक परिवाद समिति का गठन किया जाना अनिवार्य है।

#### महिला पीठासीन अधिकारी होगी

समिति में महिला जो कार्यस्थल के कर्मचारियों में से वरिष्ठ स्तर के हो पीठासीन अधिकारी होगी। पीठासीन अधिकारी उस कार्यस्थल/कार्यालय में कार्यरत वरिष्ठ स्तर की महिला अधिकारी/कर्मचारी होगी नहीं होने की दशा में अन्य कार्यालयों या प्रशासनिक इकाइयों से मनोनित किया जावेगा, यदि वहां भी वरिष्ठ स्तर की महिला कर्मचारी नहीं होने की दशा में उसी नियोक्ता के किसी अन्य कार्यस्थल या अन्य विभाग या संगठनों से मनोनित किया जायेगा। समिति में 02 सदस्य जिन्हें समाज सुधार का अनुभव या विधिक ज्ञान हो तथा 01 सदस्य गैर सरकारी संगठनों, संगमों से जो महिलाओं की समस्याओं के प्रति प्रतिबद्ध हो या कोई लैंगिक उत्पीड़न से संबंधित विवादों से परिचित हो।

# आरटीई के तहत 1003 सीटें खाली, फिर भी 1682 बच्चे वंचित

**436 निजी स्कूलों में कुल 4463 सीटों के लिए 7116 आवेदन हुए प्राप्त**




जांजगीर, 08 मई (देशबन्धु)। शिक्षा के अधिकार आरटीई अधिनियम के तहत गरीब और वंचित वर्ग के बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा दिलाने की सरकार की मंशा को जिले में झटका लगा है। जिले के 436 निजी स्कूलों में कुल 4463 सीटों के लिए 7116 आवेदन प्राप्त हुए, लेकिन पहली लॉटरी के बाद भी 1682 पात्र बच्चे स्कूल में प्रवेश पाने से वंचित रह गए, जबकि 1003 सीटें अब भी खाली हैं।

प्रथम चरण की लॉटरी में सत्यापन के बाद 5142 आवेदन पात्र पाए गए थे, जिसमें से केवल 3460 बच्चों को ही स्कूल आवंटित हुआ। 1682 बच्चे प्रतीक्षा सूची में चले गए। चौंकाने वाली बात यह है कि एक ओर इतने बच्चे वंचित हैं, वहीं दूसरी ओर जिले में अब भी 1003 सीटें खाली हैं। इसका कारण आरटीई के नियमों की जटिलता है। जब अभिभावक आवेदन करते हैं, तो वे सीमित स्कूलों का चयन कर सकते हैं। यदि चयनित स्कूलों में सीटें पहले ही भर चुकी होती हैं, तो वंचित बच्चों को अन्य स्कूलों में मौका नहीं मिल पाता, भले ही वे पात्र हों और कहीं और सीटें खाली हों।

#### दूसरे चरण में फिर से मौका

अब इन खाली सीटों को भरने के लिए जुलाई माह में आरटीई पोर्टल दोबारा खोला जाएगा। अभिभावकों को फिर से आवेदन करना होगा, लेकिन दूसरा मौका भी सीमित रहेगा। क्योंकि आवेदन केवल उन्हीं स्कूलों के लिए किया जा सकेगा जो उनके निवास क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं और जहां सीटें खाली हैं। प्रथम चरण में चयनित बच्चों को 7 मई से 30 मई के बीच संबंधित स्कूलों में दाखिला कराना अनिवार्य है। यदि निर्धारित समय तक दाखिला नहीं हुआ, तो उस बच्चे का आवंटन रद्द कर दिया जाएगा। 1682 से अधिक गरीब अभिभावकों को अब सरकारी स्कूलों का रुख करना पड़ सकता है या फिर निजी स्कूलों में फीस भरकर पढ़ाई करवानी होगी। अभिभावक व्यवस्था की जटिलताओं से परेशान हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि दूसरे चरण में उनके बच्चों को मौका मिले।

# कलेक्टर ने प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित



जांजगीर, 08 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बोर्ड परीक्षा में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से मुलाकत कर सम्मनित किया। उन्होंने खुशी देवांगन, अदिती देवांगन, उपेन्द्र साहू व भाविक द्विवेदी की इस सफलता के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। कलेक्टर ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि इसी प्रकार परिश्रम और समर्पण के साथ आगे बढ़ते रहें, तो जीवन में नई ऊंचाइयों को अवश्य प्राप्त करेंगे और भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए, जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने उन विद्यार्थियों को भी संबोधित किया जो इस बार परीक्षा में सफल नहीं हो पाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा का परिणाम चाहे जैसा भी हो, उसे लेकर तनाव या निराशा की भावना न रखें, बल्कि इसे आत्ममंथन का अवसर मानें। कलेक्टर ने छात्रों को सलाह दी कि वे यह जानने का प्रयास करें कि कहां कमी रह गई और पूरे मनोयोग व मेहनत के साथ पुन: प्रयास करें जिससे आपको निश्चित सफलता प्राप्त होगी।

उल्लेखनीय है कि कक्षा 12वीं में खुशी देवांगन ने 96 प्रतिशत अंक के साथ पूरे प्रदेश 9 वां स्थान एवं कक्षा 10वीं में अदिती देवांगन ने 97.83 प्रतिशत व उपेन्द्र साहू ने 97.83 प्रतिशत अंक के साथ पूरे प्रदेश 9 वां स्थान व भाविक द्विवेदी ने ने 97.67 प्रतिशत अंक के साथ पूरे प्रदेश 10 वां स्थान प्राप्त कर जिले को गौरन्वित किया। खुशी देवांगन शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल पंतोरा, अदिती देवांगन स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल पामगढ़ व उपेन्द्र साहू जीएलडी पब्लिक हाई स्कूल खैरताल, भाविक द्विवेदी लायंस इंगलिश हायर सेकेण्डरी स्कूल चांपा के छात्र-छात्राएं हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले का हाई स्कूल परीक्षा का औसत परिणाम 71.98 तथा हायर सेकण्डरी स्कूल परीक्षा का औसत परिणाम 72.45 प्रतिशत उत्तीर्ण है। राज्य में जिला हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में 25वें स्थान और हायर सेकण्डरी स्कूल परीक्षा परिणाम 29वें स्थान पर है। कक्षा 10वीं कुल 14558 परीक्षार्थी में 10261 उत्तीर्ण हुए है। जिसमें प्रथम श्रेणी 5220 (बालक 1768, बालिका 3452), द्वितीय श्रेणी 4843 (बालक 2284, बालिका 2559) व तृतीय श्रेणी 398 (बालक 262, बालिका 136) उत्तीर्ण हुए है। इसी प्रकार कक्षा 12वीं कुल 10264 परीक्षार्थी में से 7432 उत्तीर्ण हुए है। जिनमें प्रथम श्रेणी 3448 (बालक 1176, बालिका 2272), द्वितीय श्रेणी 3786 (बालक 1652, बालिका 2134) व तृतीय श्रेणी 198 (बालक 147, बालिका 51) उत्तीर्ण हुए है।

## खराब सड़कों की मरम्मत एवं निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

**आरईएस, सेतु निगम तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की कलेक्टर ने ली बैठक**



जांजगीर, 08 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आरईएस, सेतु निगम तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में जारी एवं प्रस्तावित निर्माण कार्यों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों से प्रगतिरत कार्यों की विस्तृत जानकारी ली और निर्देशित किया कि प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्यों के स्वीकृति प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर फाइल प्रस्तुत करें। कलेक्टर श्री महोबे ने जिला मुख्यालय से विकासखंड मुख्यालयों तथा प्रमुख संपर्क मार्गों पर स्थित क्षतिग्रस्त एवं गड्ढा युक्त सड़कों की मरम्मत को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करने कहा। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर चेतावनी संकेतक, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था तथा रेडियम रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रमुख चौराहों एवं व्यस्त मार्गों के आसपास अतिक्रमण हटाने हेतु कार्रवाई करने को भी कहा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# ज्ञानभारती स्कूल का बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन



जांजगीर, 08 मई (देशबन्धु)। ज्ञानभारती स्कूल, जांजगीर ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को कायम रखते हुए 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है। स्कूल के छात्रों ने हिंदी और अंग्रेजी माध्यम दोनों में उल्लेखनीय अंक प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया है। 10वीं (हिंदी माध्यम) में अंकिता नामदेव ने 89.16प्रतिशत , मनोज मीरी ने 88.33, ओम साव ने 87, हिमांशी कश्यप ने 86, शुभम खूंटे ने 85.3, दिव्या साहू ने 83, अंजली थवाईत ने 82.3, विद्या ने 81.5, प्रभा खूंटे ने 80.16प्रतिशत माही कुर्रे ने 78.16, ध्रुव पटेल और देवेश ने 77.6, कविता ने 72.5, आराधना ने 70.8 और अंजली भवानी ने 67.3प्रतिशत अंक प्राप्त किए। 12वीं (हिंदी माध्यम) में प्राची लाठिया ने 74प्रतिशत, साहिल कुमार ने 70.2, श्वेता रानी कश्यप ने 70, सुषमा पटेल और सत्य प्रकाश पटेल ने 69.2, आशीष राठौर ने 68.8, दिव्यानी कपूर और तानिया कंवर ने 68.6, और भगवती कश्यप ने 65 अंक अर्जित किए।

10वीं (अंग्रेजी माध्यम) में लता कौशिक ने 92.16प्रतिशत, श्रुति जांगड़े ने 90.66त्न, ज्योति रत्नाकर ने 87.16, साक्षी साव ने 86.16, चंद्रमणि टंडन ने 69.8, श्रेया सिंह ने 68.3, आफरीन खान ने 67, प्रिया ने 66.5 प्रतिशत और खुशी टंडन ने 65.6 अंक प्राप्त किए। 12वीं (अंग्रेजी माध्यम) में यशवर्धन आहूजा ने 71.6 प्रतिशतऔर उत्कर्ष पाण्डेय ने 67.2प्रतिशतअंक प्राप्त किए। संस्था के संचालक डॉ. आर. सी. पाण्डेय, हिंदी माध्यम की प्राचार्य सीमा कश्यप, अंग्रेजी माध्यम के प्राचार्य गणेशराम जांगड़े, प्रबंधक देवेंद्र राठौर और सहायक प्रबंधक गीतेश राठौर सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. आर. सी. पाण्डेय ने कहा कि आज के बच्चे ही कल का भविष्य हैं। उन्होंने आने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए छात्रों को अभी से तैयारी शुरू करने की प्रेरणा दी।

# बोड़सरा में आयोजित समाधान शिविर में पहुंचे कलेक्टर

**कलेक्टर ने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण कर प्राप्त आवेदनों के निराकरण की ली जानकारी**



जांजगीर, 08 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार अंतर्गत आज जिले के चार स्थान ग्राम बोड़सरा, साजापाली, नगर पालिका जांजगीर-नैला व नगर पंचायत शिवरीनारायण में समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम बोड़सरा में आयोजित शिविर का कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने औचक निरीक्षण किया और विभागीय स्टॉलों का अवलोकन कर प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी ली। बोड़सरा में आयोजित शिविर में पाली, सिवनी, करमंदी, तेन्दुभांठा, मरकाडीह, हाथीटिकरा, कन्हाईबंद, खोखसा बनारी और सरखों के नागरिक उपस्थित रहे। कलेक्टर ने शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने सुशासन तिहार में मांग एवं शिकायत के प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी ली। उन्होंने उप स्वास्थ्य केन्द्र बोड़सरा में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को मुख्यालय में निवास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों से कहा कि केसीसी के शतप्रतिशत ई-केवाईसी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जनपद सीईओ नवागढ़ एवं मत्स्य विभाग के अधिकारियों को तालाब के पट्टे की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने एवं राजस्व प्रकरणों से संबंधित प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। शिविर में विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। समाधान शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया गया था स्वास्थ्य जांच कर आवश्यकतानुसार दवाई भी उपलब्ध कराया गया। स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें स्वास्थ्य विभाग की ओर से आवश्यकता अनुसार दवाईयों का वितरण किया गया। वही आयुर्वेद विभाग के स्टॉल में जनसामान्य को मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाईयों का वितरण किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, मछली पालन, पशुधन विकास, लोक निर्माण, विद्युत विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, शिक्षा विभाग, जिला सहकारी, श्रम विभाग, आयुर्वेद विभाग, खाद्य विभाग सहित अन्य विभागों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। विभागीय अधिकारियों ने निराकरण का वाचन किया। शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत सामग्री वितरण कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल रावटे, एसडीएम जांजगीर श्री सुब्रत प्रधान, जनपद पंचायत नवागढ़ सीईओ अनिल कुमार सहित जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। निर्माण एवं प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा बैठक ली।

## मोबाइल चोरी कर फोन पे से निकाले 16 हजार रुपए

**नदी में फेंका फोन, आरोपी गिरफ्तार**



जांजगीर, 08 मई (देशबन्धु)। पामगढ़ थाना क्षेत्र में डिजिटल धोखाधड़ी का एक मामला सामने आया है, जहां एक युवक ने चोरी किए गए मोबाइल से फोन पे के माध्यम से 16,700 रुपए निकाल लिए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना गत 2 मार्च की है। रामसत्ता मेड नामक व्यक्ति मारुति चौक पर अपने साथी के साथ बैठा था। जब वह घर पहुंचा, तो उसे मोबाइल फोन गायब मिला। अगले दिन सिम चालू कराने पर उसे पता चला कि उसके नंबर से फोनपे के जरिए पैसे निकाले गए हैं। थाना प्रभारी मनोहर सिन्हा के नेतृत्व में जांच शुरू की गई। पुलिस ने पाया कि रकम एक ग्राहक सेवा केंद्र से निकाली गई थी। केंद्र संचालक की मदद से आरोपी की पहचान संजीव उर्फ संजू भास्कर (32 वर्ष) के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने मोबाइल चोरी कर पैसे निकाल लिए और सब कुछ खाने-पीने में खर्च कर दिया। साक्ष्य छिपाने के लिए उसने मोबाइल फोन को नदी में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी से 1,000 रुपए की नकद राशि बरामद की है। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2), 318 और 238 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

### ऑपरेशन सिंदूर का सर्व मुस्लिम समाज ने किया समर्थन

रायगढ़ 08 मई (देशबन्धु)। भारतीय सेना द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए निर्दोषों की हत्या का बदला ऑपरेशन सिंदूर के जरिये लिया गया. सर्व मुस्लिम समाज रायगढ़ ने ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन किया है।

सर्व मुस्लिम समाज रायगढ़ के सरपरस्त शेख कलीमुल्लाह वारसी सदर हाजी अशरफुद्दीन चिश्ती नायब सदर हाजी शेख मुबस्सिर हुसैन, मोहम्मद जावेद,शब्बीर भाई, भोलू अली जाफरी, सेक्रेटरी अब्दुल कदीर साबरी खज़ांची मोहम्मद मतीन कुरैशी .प्रवक्ता सैय्यद शाहबाज रिजवी, इमरान आलम खान रहेंगे,कानूनी सलाहकार एडवोकेट असलम खान, एडवोकेट डॉ मुशर्रफ अली, संगठन सचिव शब्बीर अहमद साबरी, शमशुल कादरी प्रचार सचिव सैयद असग़र साबरी सह सचिव सैय्यद साबीर, मुमताज आलम,हिदायत खान फिरोज अली ईरानी आदि ने कहा कि देशवासी इस कार्यवाही का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।

### 41 पाव देशी अंग्रेजी शराब जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

**काटाहरदी में अवैध शराब बिक्री पर पुलिस की दबिश**

रायगढ़ 08 मई (देशबन्धु)। एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा-निर्देशन में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतरारोड़ पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने 6 मई को ग्राम काटाहरदी में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब की बिक्री कर रहे एक आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा।

मुखबिर से सूचना मिलने पर ग्राम काटाहरदी में दबिश दी गई, जहां मोहन पटेल नामक व्यक्ति द्वारा दुकान में अवैध रूप से शराब बेचे जाने की पुष्टि हुई। पुलिस के पहुंचते ही मौके पर शराब खरीदने आए लोग भाग निकले, जबकि एक अधेड़ व्यक्ति हाजिर मिला जिसने पूछताछ में अपना नाम मोहन लाल पटेल पिता स्वर्गीय सेत कुमार पटेल उम्र 58 वर्ष, निवासी काटाहरदी थाना कोतरारोड़ बताया। पहले तो उसने टालमटोल की, लेकिन फिर पूछताछ पर अवैध शराब बेचने की बात स्वीकार कर ली। उसके कब्जे से एक प्लास्टिक बोरी में रखी गई 20 नग देशी प्लेन शराब और 21 पाव अंग्रेजी शराब कुल कीमत 4220 रुपये की जब्त की गई।

# देश विदेश

## ग्रीनलैंड के खिलाफ कथित जासूसी रिपोर्ट को लेकर डेनमार्क फिक्रमंद

**ओस्लो,** 8 मई (एजेंसियां)। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने कहा है कि वह डेनमार्क में अमेरिकी राजदूत को समन करेंगे। ये फैसला उन्होंने मीडिया में ऐसी खबरें प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद लिया है जिसमें कहा गया कि वाशिंगटन, ग्रीनलैंड को निशाना बनाकर जासूसी गतिविधियां बढ़ा रहा है। यह कदम उस रिपोर्ट के बाद लिया गया जो वॉल स्ट्रीट जर्नल ने मंगलवार को छापी गई। जिसमें कहा गया था कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को ग्रीनलैंड और डेनमार्क में ऐसे व्यक्तियों की पहचान करने के निर्देश दिए गए हैं जो आर्कटिक द्वीप के लिए अमेरिकी रणनीतिक उद्देश्यों को सपोर्ट करते हैं।

### भारत-पाक तनाव के बीच अमेरिकी दूतावास ने जारी की चेतावनी, कहा

# सुरक्षित ठिकाने व निकासी योजना तैयार रखें अमेरिकी नागरिक

**लाहौर,** 8 मई (एजेंसियां)। लाहौर और पंजाब में ड्रोन विस्फोटों, ड्रोन गिरने और हवाई क्षेत्र में संभावित घुसपैठ की खबरों के बीच, अमेरिकी वाणिज्य दूतावास, लाहौर ने सभी अमेरिकी कर्मियों को सुरक्षित स्थान पर शरण लेने का निर्देश दिया है। वाणिज्य दूतावास को प्रारंभिक जानकारी मिली है कि स्थानीय प्रशासन लाहौर के मुख्य हवाई अड्डे के आसपास कुछ इलाकों को खाली कर सकता है।

**'ऑपरेशन सिंदूर' में भारत ने आतंकी ठिकानों को बनाया था निशाना**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना की ओर से किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत-पाक के बीच तनाव चरम पर पहुंच चुका है। ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था।

पाकिस्तान में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास ने सलाह दी है कि अमेरिकी नागरिक अगर खुद को किसी संघर्ष वाले क्षेत्र में पाते हैं, और वहां से सुरक्षित निकलना संभव हो तो वहां से निकल जाएं। अगर निकलना सुरक्षित नहीं है, तो वे स्थान



के अंदर ही रहें। दूतावास जरूरत के अनुसार अपने मैसेजिंग सिस्टम के माध्यम से अपडेट भेजेगा। साथ ही, अमेरिकी नागरिकों से अनुरोध किया गया कि वे सुनिश्चित करें कि उन्होंने स्मार्ट ट्रैवलर एनरोलमेंट प्रोग्राम में पंजीकरण भी कराया हुआ है।

यह सलाह भी दी गई है कि अमेरिकी नागरिक सुरक्षित ठिकाने की तलाश करें। अमेरिकी सरकार की सहायता पर निर्भर न रहकर अपनी निकासी योजना तैयार रखें। अपनी यात्रा दस्तावेज अपडेट करें और आसानी से उपलब्ध रखें। स्थानीय मीडिया के माध्यम से ताजा अपडेट्स पर नजर रखें। स्थानीय प्रशासन के साथ सहयोग करें।

बता दें, भारतीय सेना ने 7 मई को ऑपरेशन 'सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर सधी हुई लक्षित कार्रवाई की। इस कार्रवाई में भारतीय सेना ने इन सभी आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया। भारत ने कहा कि उसकी कार्रवाई सोच-समझकर की गई थी।

## लाहौर स्थित वाल्टन एयरपोर्ट के पास सुनाई दी धमाके की आवाज



**लाहौर।** 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान में हड़कंप मचा हुआ है। इस बीच, पाकिस्तान के लाहौर में धमाकों से जुड़ी खबरें सामने आई हैं। बताया जा रहा है कि लाहौर में एक के बाद एक कई धमाकों की आवाज सुनी गई है। लाहौर पुलिस के मुताबिक लाहौर के वाल्टन रोड पर जोरदार धमाका हुआ है। करीब 2 से 3 ब्लास्ट हुए हैं। इन धमाकों की आवाज इतनी तेज थी कि लोग घरों से बाहर निकल आए। फिलहाल धमाकों की वजह और जानमाल के नुकसान का पता नहीं चल पाया है। साथ ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है और किसी को भी घटनास्थल पर जाने नहीं दे रही है। लाहौर में धमाकों से जुड़ी यह खबर उस समय सामने आई है, जब 6-7 मई की दरमियानी रात को भारतीय सेना ने पहलगाम हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर चलाया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान स्थित नौ आतंकवादी ठिकानों को तबाह कर दिया।

## पाकिस्तान संसद में रोते हुए पूर्व मेजर बोले-'अल्लाह हमारी हिफाजत करे'

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत के करारे जवाब से पाकिस्तान में दहशत का माहौल है। वहां के लोग डरे-सहमे नजर आ रहे हैं और दुआ कर रहे हैं कि वे सुरक्षित रहें। इसका उदाहरण पाकिस्तानी संसद से भी सामने आया है, जहां चर्चा के दौरान नेशनल असेंबली के सदस्य और सेना के पूर्व मेजर रो पड़े।



**अल्लाह, तू हमें माफ कर दे। हम तेरे सामने सर झुकाते हैं, माफी मांगते हैं और इसमें कोई दो राय नहीं है कि हम तेरे बड़े गुनहगार हैं : ताहिर इकबाल, पूर्व पाकिस्तानी मेजर**

पूर्व पाकिस्तानी मेजर ताहिर इकबाल ने नेशनल असेंबली में कहा कि हम अपनी कौम से कहते हैं कि सब मिलकर चलो और अपने रब से दुआ करो कि हम सबकी हिफाजत करें। इस मुल्क की रक्षा करें। ताहिर इकबाल ने कहा कि अल्लाह ने चाहा कि पाकिस्तान बने और उन्होंने ही इस मुल्क को बनाया है। अब वही इसकी हिफाजत करेंगे। उन्होंने रोते हुए कहा कि अल्लाह, तू हमें माफ कर दे। हम तेरे सामने सर झुकाते हैं, माफी मांगते हैं और इसमें कोई दो राय नहीं है कि हम तेरे बड़े गुनहगार हैं। पूर्व पाकिस्तानी मेजर ने कहा कि अल्लाह की रहमत काम आएगी। उनकी रहमत मिलेगी तो हम कामयाब होंगे और इस मुल्क की हिफाजत करेंगे।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शुक्रवार 9 मई , 2025 बैशाख शुक्ल पक्ष 11**

### राशिफल

मेष - आज का दिन वित्तीय और व्यावसायिक दृष्टि से लाभदायक है। आपकी लंबी योजनाएं पूरी होंगी। बिजनेस में नई योजनाएं बना सकेंगे। लोकहित के लिए किए गए प्रयासों से आपका मन खुश रहेगा। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

वृषभ - आज परिश्रम की अपेक्षा कम फल प्राप्त कर सकेंगे। फिर भी आप दृढ़तापूर्वक अपना काम आगे बढ़ा सकेंगे। आप अपने व्यवहार और वाणी से लोगों को प्रभावित कर सकेंगे। उनकी तरफ से लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

मिथुन - आज आपका कुछ ज्यादा ही इमोशनल बना रहेगा। विशेष रूप से पानी वाली जगहों पर जाने से बचें। मन किसी बात को लेकर उलझन में रहेगा। आज आपमें निर्णयशक्ति का अभाव रहेगा।

कर्क - आज भाइयों से लाभ होगा। दोस्तों से मुलाकात और स्वजनों से खुशी मिलेगी। किसी सुंदर स्थल पर प्रवास की संभावना है। आज आपको हर काम में सफलता प्राप्त होगी। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी।

सिंह - पारिवारिक सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। स्त्री मित्रों से विशेष मदद मिल सकेगी। दूरस्थ मित्र और स्नेहीजनों के साथ संपर्क लाभदायक साबित होंगे।

कन्या - आज आपकी वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। मीठी वाणी से आप लाभप्रद सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर सकेंगे। उत्तम भोजन, भेंट उपहारों और वस्त्रों की प्राप्ति होगी। शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी।

तुला - आज आपको स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना पड़ेगा। आपका मन बैचेन रहेगा। आपकी लापरवाही के कारण आप कठिनाई में पड़ सकते हैं। आपको अपनी वाणी पर अंकुश में रखना होगा।

वृश्चिक - नौकरी-धंधा और व्यवसाय के क्षेत्र में आज आपको लाभ होगा। इसके साथ मित्रों, सगे- संबंधियों और बुजुर्गों से भी लाभ मिलेगा। सामाजिक समारोह, पर्यटन आदि पर जा सकेंगे। शरीर और मन से आप खूब खुश रहेंगे।

धनु - आज आपकी यश, कीर्ति तथा प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में अधिकारी के खुश रहने से पदोन्नति की संभावनाएं बढ़ेंगी। तंदुरुस्ती बनी रहेगी। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा।

मकर - आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। बौद्धिक कामों और व्यवसाय में नई विचारधारा अमल में लाएंगे। लेखन और साहित्य से संबंधित प्रवृत्तियों में आपकी रचनात्मकता दिखाई देगी।

कुंभ - नियम विरुद्ध कामों से आप दूर रहें। वाणी पर संयम बरतें। इससे पारिवारिक विवाद को आप टाल सकेंगे। प्रत्येक व्यक्ति, वस्तु या घटना को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखने की जरुरत है।

मीन - दैनिक कामों से बाहर निकल कर आज आप घूमने- फिरने और मनोरंजन के पीछे समय व्यतीत करेंगे। स्वजनों तथा मित्रों के साथ पिकनिक पर जा सकते हैं।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## अमेरिका के साथ नहीं होगी सीधी बात : ईरान

### मीडिया रिपोर्ट व अफवाहों को मनगढ़ंत व बेबुनियाद बताया

**तेहरान,** 8 मई (एजेंसियां)। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने हाल ही में एक मीडिया रिपोर्ट को खारिज कर दिया है, जिसमें यह कहा गया था कि तेहरान ने वाशिंगटन के साथ सीधे परमाणु वार्ता का प्रस्ताव दिया था। उन्होंने बुधवार को ईरान के प्रेस टीवी से बात करते हुए इजरायली न्यूज वेबसाइट वाईनेट की एक रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें दावा किया गया था कि ईरानी विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने अमेरिकी मध्य पूर्व दूत स्टीव विटकॉफ से संपर्क किया था। साथ ही उन्होंने ओमानी मध्यस्थता से निराशा के कारण सीधे परमाणु वार्ता का अनुरोध किया था।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बाघई ने इस बात से भी इनकार किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले सप्ताह सऊदी अरब की अपनी आगामी यात्रा के दौरान ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से मिल सकते हैं। प्रवक्ता ने मीडिया रिपोर्ट और



अफवाहों को मनगढ़ंत और बेबुनियाद बताया। साथ ही कहा कि ईरान की कूटनीतिक गतिविधियों, जिसमें अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता शामिल है, उसकी सारी जानकारी विदेश मंत्रालय पारदर्शी, पेशेवर और समय पर तरीके से साझा करता है। ईरान और अमेरिका के प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व अराघची और विटकॉफ कर रहे हैं, उन्होंने अब तक तीन दौर की अप्रत्यक्ष वार्ता की है।

## संरा महासभा अध्यक्ष ने भारत, पाक के बीच बढ़ती शत्रुता को लेकर जताई चिंता

**न्यूयार्क,** 8 मई (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष फिलेमोन यांग ने भारत एवं पाकिस्तान के बीच पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में सैन्य कार्रवाई ऑपरेशन सिन्दूर के बाद दोनों देशों में बढ़ती शत्रुता को लेकर चिंता व्यक्त की है और दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील की है। श्री यांग ने यहां अपने एक वक्तव्य में कहा कि मैं दोनों पक्षों से अधिकतम संयम बरतने और तत्काल तनाव कम करने का आह्वान करता हूं। मैं सभी आतंकवादी हमलों और नागरिकों तथा नागरिक बुनियादी ढांचे के विरुद्ध हमलों की निंदा करता हूं। उन्होंने कहा कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप बातचीत तथा कूटनीतिक समाधान ही मतभेदों को सुलझाने, स्थायी शांति और स्थिरता प्राप्त करने का एकमात्र तरीका है। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के पर्यटक स्थल पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में करीब 26 लोग मारे गए थे।



## हूती ने इजरायल पर ड्रोन अटैक का किया दावा

**सना,** 8 मई (एजेंसियां)। यमन के हूती समूह ने दावा किया है कि उसने इजरायल के खिलाफ ड्रोन हमले किए हैं। यह हमले अमेरिका के साथ युद्धविराम समझौते पर हस्ताक्षर करने के एक दिन बाद किए गए। समूह ने कहा कि यह समझौता इजरायल के खिलाफ उसके अभियानों पर लागू नहीं होता है। बुधवार को समूह के अल-मसीरा टीवी पर एक बयान में, हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने कहा कि समूह ने दक्षिणी इजरायल के रामोन हवाई अड्डे पर दो ड्रोन दागे, और तेल अवीव में भी एक ड्रोन लॉन्च किया। हमलों के परिणामों या उनके सटीक समय के बारे में कोई विवरण नहीं दिया गया, यद्यपि हूती टीवी ने बताया कि यह पिछले 24 घंटों में हुआ।



बुधवार को ही इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने घोषणा की है कि उसने पूर्व से आ रहे एक ड्रोन को रोक लिया है। माना जा रहा है कि वह यमन से आ रहा था।

हूती की ओर से यह हमले उस वक्त हुए जब इससे पहले इजरायली वायुसेना द्वारा हूती नियंत्रित सना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे और लाल सागर पर होदेदाह बंदरगाह पर हवाई हमले किए गए।

## ट्रंप ने की तनाव को रोकने के लिए मदद की पेशकश

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। भारत द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ठिकानों पर हवाई हमला करने के बाद दोनों देशों के बीच तनाव काफी बढ़ गया है। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चिंता जताई है और कहा है कि वह इस मामले में मदद के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ता हुआ यह झगड़ा जल्द से जल्द रुक जाए।

ट्रंप ने कहा कि यह बहुत दुखद है। मेरी स्थिति यह है कि मैं दोनों के साथ मिलकर काम करता हूं। मैं दोनों को बहुत अच्छी तरह से जानता हूं। मैं चाहता हूं कि वे आपस में मिलकर मामला सुलझाएं। उन्होंने एक-दूसरे को जवाब दिया है, लेकिन अब रुक जाना चाहिए। अगर मैं कुछ मदद कर सकता हूं तो मैं तैयार हूं। मैं उन दोनों को जानता हूं, हम दोनों देशों के साथ बहुत अच्छे से मिलकर काम करते हैं। अगर मैं इसमें कुछ मदद कर सकता हूं तो मैं इसके लिए तैयार हूं। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पीओके और पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया। यह हमला जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के जवाब में किया गया था, जिसमें 26 लोगों की मौत हो गई थी। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी कहा कि वे भारत और पाकिस्तान के बीच की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।



**अगर मैं कुछ मदद कर सकता हूं तो मैं तैयार हूं, मैं उन दोनों को जानता हूं : डोनाल्ड ट्रंप**

## आज का इतिहास

1540-मुगल शासक अकबर से संघर्ष करने वाले मेवाड़ के महाराणा प्रताप का जन्म।

1653-विश्वविख्यात ऐतिहासिक इमारत और दुनिया के अजूबों में शुमार ताजमहल का निर्माण 22 वर्ष के निरंतर परिश्रम के बाद पूरा हुआ।

1689-अंग्रेज शासक विलियम तृतीय ने फ्रांस के साथ युद्ध की घोषणा की।

1866-स्वतंत्रता सेनानी, समाजसेवी, विचारक एवं सुधारक गोपाल कृष्ण गोखले का जन्म।

1874-बंबई (अब मुंबई) में पहली बार घोड़े से खींची जाने वाली ट्राम कार शुरू हुई।

1930-प्रसिद्ध भारतीय व्यंग्यकार और लेखक रवीन्द्रनाथ त्यागी का जन्म।

1935-प्रसिद्ध हिन्दी कवयित्री स्नेहमयी चौधरी का जन्म।

1946-डॉ. राम मनोहर लोहिया की अगुआई में गोवा में पुर्तगाल के शासन के खिलाफ पहला सत्याग्रह आंदोलन शुरू हुआ।

1960-अमेरिका के खाद्य और औषधि प्रशासन ने पहली गर्भनिरोधक गोली को मंजूरी दी।

1975-पहली विद्युत टंकण मशीन बनायी गयी।

1986-पर्वतारोही तेनजिंग नोर्गे का निधन।

1998-प्रसिद्ध भारतीय गजल गायक और अभिनेता तलत महमूद का निधन।

1999-भारतीय शिक्षाविद करमशी जेठाभाई सोमैया का निधन।

2000-जाफना प्रायद्वीप के एलीफेंट दर्रे पर कब्जे के लिए लिट्टे के साथ हुए संघर्ष में श्रीलंका के 358 सैनिक मारे गये।

2002-कराची विस्फोट में पाकिस्तान के ही संगठन का हाथ होने के संकेत।

2004-चेचेन्या में एक विस्फोट में वहाँ के राष्ट्रपति अखमद कादरोव का निधन।

2005-मास्को में रूस द्वारा द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान जर्मनी सेना पर विजय की 60वीं वर्षगांठ के जलसों में भारत के प्रधानमंत्री डाक्टर मनमोहन सिंह ने भाग लिया।

### सफलता — कंधार प्लेन हाईजैक से पठानकोट हमले तक में शामिल था मारा गया आतंकवादी

# भारत की मोस्ट वांटेड आतंकवादियों की सूची में था रऊफ अजहर

**नई दिल्ली, 8 मई (एजेंसियां)। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ठिकानों को तबाह करने के लिए 7 मई को किए गए भारतीय सेना के ऑपरेशन 'सिंदूर' में मारे गए आतंकवादियों में जैश-ए-मोहम्मद का मुखिया अब्दुल रऊफ अजहर भी शामिल था। उसके साथ उसके 14 परिजन भी मारे गए हैं। रऊफ अजहर वही आतंकवादी है, जो कंधार प्लेन हाईजैक, भारतीय संसद पर आतंकवादी हमला और पठानकोट आतंकवादी हमले समेत कई आतंकी वारदातों के लिए जिम्मेदार था।**

भारत की मोस्ट वांटेड आतंकवादियों की सूची में भी उसका नाम था। भारत ने 27 अक्टूबर 2020 को यूएपीए के तहत नामित आतंकवादियों की सूची में उसे शामिल किया था।

अब्दुल रऊफ अजहर उर्फ मुफ्ती अजहर उर्फ सादा बाबा का जन्म 1 जनवरी 1977 को पाकिस्तान में हुआ था। वह आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद में शामिल हुआ और जल्द ही एक प्रमुख सदस्य बन गया। उसे 24 दिसंबर 1999 को इंडियन एयरलाइंस की उड़ान आईसी-814 के अपहरण का मास्टर माइंड माना जाता है। विमान को नेपाल की राजधानी काठमांडू से हाईजैक कर अफगानिस्तान के कंधार ले जाया गया था। इसके बाद 13 दिसंबर 2001 को भारतीय संसद पर हुए आतंकवादी हमले के



- **रऊफ अजहर के खिलाफ जारी किया गया था रेड कॉर्नर नोटिस**
- **अमेरिका ने भी साल 2010 में घोषित किया था आतंकवादी**

मुख्य साजिशकर्ताओं में वह शामिल था। वह पंजाब के पठानकोट में 2 जनवरी 2016 को वायुसेना स्टेशन पर हुए हमले के साजिशकर्ताओं में भी शामिल था। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर के कठुआ में जंगलकोट स्थित सेना के शिविर पर, कठुआ में राजबाग थाना क्षेत्र में हुए आतंकवादी हमले, सांबा जिले में सेना के शिविर पर हुए हमले और पंजाब के गुरदासपुर में दीना नगर थाना क्षेत्र और जम्मू-कश्मीर के तंगधार में सेना के शिविर पर हुए हमलों में भी रऊफ अजहर आरोपी था। रऊफ अजहर के खिलाफ साल 2000 से ही रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था। अमेरिका ने भी साल 2010 में उसे आतंकवादी घोषित किया था। भारतीय सेना ने उसे मारकर जैश-ए-मोहम्मद की कमर तोड़ दी है। यह आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई में भारत की बड़ी सफलता है। उल्लेखनीय है कि पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के खिलाफ भारत ने 6-7 मई की रात ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया था।

## सुडोकू 6907

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 9 | 3 | | | | | 2 |
| | 5 | | | | 4 | | | 3 |
| | 8 | 3 | 1 | 2 | 9 | | | |
| | 6 | | | | 7 | | | |
| | | 4 | | | | 3 | | |
| | | | 8 | | | | 1 | |
| | | | 5 | 6 | 8 | 2 | 9 | |
| 8 | | | 4 | | | | 3 | |
| 9 | | | | | 3 | 8 | | 5 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6907

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | ■ |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | ■ | २३ | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. देश के एक पूर्व प्रधानमंत्री जिनका जन्म दिवस चार वर्षों में एक बार आता है
३. गतिरोध
५. आकर्षक, उच्चकोटि का
६. किराया, भाड़ा
७. पानी से भरा, सजल
९. निवासी (उर्दू)
१०. भारतीय सेना का एक अंग
१२. तबाही, बाढ़
१३. रक्तवाहिनी, नस, नाड़ी
१४. पुलिस का सिपाही
१६. और, एवं
१८. मुर्गा के सिर का आभूषण
२०. निपुणता
२१. आवश्यकता (उर्दू)
२३. टकराव, भिड़न्त

**ऊपर से नीचे:-**

१. सौदेबाजी
२. लाल कमल
३. अप्रसन्न, खफ़ा
४. भ्रम, भ्रांति, संशय (उर्दू)
५. उत्तेजित करना, भड़काना
८. ज्यों का त्यों
१०. जीर्ण-शीर्ण
११. नौकर, खिदमतगार
१२. नम्र, प्रार्थी
१३. घुला हुआ, निर्मल
१४. प्रार्थी
१५. सामर्थ्य, शक्ति
१७. थाली
१८. परिश्रमी
१९. सियार
२२. खुशी, मजा (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6906

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ए | क | २ च | र | ■ | ■ | ३ अ | लं | ४ कृ | त |
| क | ■ | रि | ■ | ५ प | ड़ा | व | ■ | प | ■ |
| ६ प | वि | त्र | ■ | ट | ■ | ७ ग | लि | या | ८ रा |
| दी | ■ | ही | ■ | ९ रा | ह | त | ■ | ■ | ज |
| ■ | १० म | न | ११ मा | नी | ■ | ■ | १२ सु | ल | भ |
| ■ | द्धि | ■ | णि | ■ | १३ दु | वि | धा | ■ | व |
| १४ सा | म | १५ रि | क | ■ | श्म | ■ | १६ र | १७ ह | न |
| धु | ■ | श्व | ■ | १८ क | नी | १९ ज | ■ | मे | ■ |
| २० वा | हि | त | ■ | त | ■ | २१ बा | द | शा | २२ ह |
| द | ■ | ■ | २३ बे | ई | मा | न | ■ | ■ | ठ |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6907 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 9 | 3 | 5 | 6 | 1 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 1 | 7 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 |
| 6 | 8 | 3 | 1 | 2 | 9 | 4 | 5 | 7 |
| 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 4 |
| 5 | 9 | 4 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 |
| 3 | 7 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 9 |
| 4 | 3 | 7 | 5 | 6 | 8 | 2 | 9 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 4 | 9 | 1 | 7 | 3 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 7 | 3 | 8 | 4 | 5 |

## दुनिया को जानें

### दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में मिला उन्नीसवीं सदी के जहाज का मलबा

**कैनबरा,** 8 मई (एजेंसियां)। शोधकर्ताओं ने दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के तट के पास 1857 में डूबे 19वीं सदी के डच व्यापारिक जहाज़ कोनिंग विलेम डी ट्वीडे का मलबा खोज लिया है। ऑस्ट्रेलियन नेशनल मैरीटाइम म्यूज़ियम की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक 800 टन का यह डच जहाज़ ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड रश दौर में चीनी प्रवासियों को लाने में शामिल था। यह जहाज 400 से ज़्यादा चीन के खनिकों को विक्टोरिया के गोल्डफील्ड पहुंचाने के बाद दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के रोबे कस्बे के पास गीचेन बे में डूब गया था।

विज्ञप्ति के अनुसार, 25 क्रू सदस्यों में से सोलह डूब गए और लॉन्ग बीच, रोब के टीलों में दब गए। खोजी टीम ने मरीन मैग्नेटोमीटर और अंडरवाटर मेटल डिटेक्टर की मदद से जहाज़ के विंडलास, लकड़ी के तख्ते और हुल के हिस्सों की पहचान की जो अब समुद्र तल के नीचे दबे हैं। मलबे की जगह ऐतिहासिक रिकॉर्ड से मेल खाती है और आसपास किसी अन्य बड़े जहाज़ के डूबने के प्रमाण नहीं हैं। चुंबकीय आंकड़े जहाज की 42.7 मीटर लंबाई से मेल खाते हैं। मार्च 2023 में, 19वीं सदी की चीनी मिट्टी के बर्तन के टुकड़े मिलने से एक डूबे जहाज की पहचान की पुष्टि हुई है।

# खेल जगत

## यात्रा और व्यस्त कार्यक्रम के कारण आईपीएल में खेलना चुनौतीपूर्ण है : स्टार्क

**धर्मशाला।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने कहा कि लगातार यात्रा और व्यस्त कार्यक्रम के कारण 2025 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलना चुनौतीपूर्ण है। स्टार्क अब तक टूर्नामेंट में डीसी के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं, उन्होंने 11 मैचों में 14 विकेट लिए हैं। उन्होंने ब्रॉडकास्टर्स से बातचीत में कहा कि आपके पास एक ही स्थान पर सभी बेहतरीन खिलाड़ी हैं, यात्रा और खेल के कारण यह काफी कठिन है। यह उन दिनों में से एक है, जब आप सब कुछ अलग-अलग करके अपना काम शुरू करते हैं। डीसी सेट-अप में अपनी भूमिका और इम्पैक्ट प्लेयर नियम के उपयोग के बारे में बात करते हुए, स्टार्क ने कहा कि हमलावर बनो - कई बार कई प्रारूपों में यही मेरी भूमिका रही है।



# आरसीबी प्ले ऑफ में स्थान बनाने से मात्र एक कदम दूर

■ लखनऊ की कोशिश आरसीबी के खिलाफ मैच सहित बाकी तीनों मैच जीतने की

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली,** 8 मई (देशबन्धु)। विराट कोहली के दनादन क्रिकेट में नए अंदाज से बल्लेबाजी कर अब तक जड़े सात बेहतरीन अर्धशतकों की बदौलत अपने पिछले लगातार चार सहित 11 में से कुल आठ मैच जीतने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) गुजरात टाइटंस की तरह 16 अंकों के बावजूद अपनी कमतर नेट रन रेट के चलते 2025 आईपीएल में दूसरे स्थान पर है और प्ले ऑफ से बस एक जीत दूर है। आरसीबी अब लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) से लखनऊ में शुक्रवार का मैच जीत लेती है तो उसके 12 मैचों में नौ जीत के साथ 18 अंकों हो जाएंगे और उसका प्ले ऑफ में स्थान पक्का हो जाएगा। आरसीबी के लिए एक अच्छी बात यह है कि उसे लखनऊ सुपर जायंट्स के बाद अपने बाकी दो मैच अब बाहर हो चुकी सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से अपने घर बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेलने है। आरसीबी की कोशिश 11 मैचों में से मात्र 10 अंकों के साथ सातवें स्थान पर चल रही लखनऊ सुपर जायंट्स से शुक्रवार को और इससे अगले दो मैचों में से एक और जीत कर 20 अंकों के साथ शीर्ष दो में अपना स्थान पक्का करने पर रहेगी। अब फिलहाल शीर्ष पर चल रही गुजरात टाइटंस (11 मैच, 16 अंक), दूसरे स्थान पर चल रही आरसीबी और पंजाब सुपर किंग्स (11 मैच, 15 अंक) कुल तीन टीमें ही 20 या इससे ज्यादा अंक पर लीग का समापन कर सकती हैं। आरसीबी ने अपने पिछले मैच में अपने घर बेंगलुरू में विराट और उनके सलामी जोड़ीदार 21 बरस के जैकब बैथल और रोमारियो शेफर्ड के अर्धशतकों की बदौलत 20 ओवर में पांच विकेट पर 213 रन बनाने के बाद नवोदित आयुष म्हात्रे (94) और रवींद्र जडेजा (77) के तेज अर्धशतकों के बावजूद सीएसके को 20ओवर में 5 विकेट पर 211 रन पर रोक कर दो रन से रोमांचक जीत दर्ज की थी। वहीं लखनऊ सुपर जायंटस अपने पिछले मैच में पंजाब किंग्स से उसके घर धर्मशाला में 37 रन से हार गई थी। लखनऊ सुपर जायंटस की टीम अपने पिछले लगातार तीन और पांच में से कुल चार मैच हार प्ले ऑफ की होड़ से लगभग बाहर हो चुकी है। लखनऊ सुपर जायंटस यदि अपने बाकी तीनों मैच जीतती है तो उसके अधिकतम 16 अंक हो सकते है और वह यही आस कर सकती है बाकी टीमें अचानक लय खो दें। लखनऊ सुपर जायंटस की नेट रन रेट -0.469 बेहद कमजोर है। लखनऊ सुपर जायंटस की कोशिश आरसीबी के खिलाफ मैच सहित बाकी तीनों मैच की होगी।

### हमारे लिए अब बाकी तीनों मैच अहम : पाटीदार

सीएसके खिलाफ हमारा मैच खासा करीबी रहा। हमारे लिए अब बाकी तीनों मैच अहम हैं। हमारी जीत का श्रेय हमारे बल्लेबाजों की बढ़िया बल्लेबाजी को है। साथ ही हमारे गेंदबाजों ने बहुत सूझबूझ और पूरी शिद्दत से गेंदबाजी की। यश दयाल आखिर के मारधाड़ वाले ओवरों के लिए हमारे मुख्य गेंदबाज हैं। हम पहले ही तय कर चुके थे कि आखिर ओवर यश दयाल से ही कराना है और वह सीएसके खिलाफ मैच में खरे उतरे। मुझे लेग स्पिनर सुयश शर्मा पर भरोसा है और वह हमारी आरसीबी टीम के लिए बढ़िया गेंदबाजी कर रहे हैं। क्रीज पर उतरते ही जिस तरह शेफर्ड ने छक्के जड़े वह कतई आसान नहीं था। शेफर्ड के पास छक्के जड़ने की ताकत और कौशल है और हम सभी ने डगआउट में बैठ कर उनके छक्कों का आनंद लिया। लुंगी एंगिडी बहुत अनुभवी गेंदबाज हैं और मुझे उन पर भरोसा है।

### गलत समय कैच टपकाना बहुत अखरता है : पंत

पंजाब किंग्स ने हमारे सामने जीत के लिए बड़ा लक्ष्य रखा। गलत समय कैच टपकाना बहुत अखरता है। हमने शुरू में सही लेंग्थ नहीं पकड़ी। यह खेल का हिस्सा है। हमारी कम ही सही पर उम्मीद बरकरार है। हम यदि बाकी तीनों मैच जीतते हैं तो हम तस्वीर बदल सकते हैं। हमें मैच को आखिर तक ले जाने की जरूरत है।

# मैंने अभी अपने भविष्य पर कोई निर्णय नहीं लिया है : धोनी

**कोलकाता,** 8 मई (एजेंसियां)। इस जुलाई में 44 साल का होने जा रहे एमएस धोनी ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि आईपीएल 2025 उनका आखिरी आईपीएल होगा या नहीं। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मिली जीत के बाद धोनी ने कहा कि मैं साल में केवल दो महीने ही खेलता हूं। जब यह आईपीएल खत्म होगा, तो मुझे फिर से छह से आठ महीने में कड़ी मेहनत करनी होगी, ताकि मैं देख सकूं कि मेरा शरीर इस तरह का दबाव झेलने के लिए फिट है या नहीं। तो अभी मेरे लिए कुछ तय करने जैसा नहीं है, लेकिन जहां भी मैं गया हूं, वहां मुझे प्यार और अपनापन मिला है। धोनी अभी सीमित क्षमता के साथ बल्लेबाजी कर रहे हैं। सीएसके के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने भी कहा है कि उनके घुटने उन्हें ज्यादा देर बल्लेबाजी करने नहीं देते। बुधवार को, धोनी 13वें ओवर में मैदान पर आए, जब डेवाल्ड ब्रेविस एक आतिशी अर्धशतकीय पारी के बाद आउट हुए। उन्होंने शिवम दुबे का साथ निभाया और आखिरी ओवर में आंद्रे रसेल पर जरूरी छक्का लगाकर सीएसके को जीत दिलाई। इस जीत का आधार ब्रेविस और उनकी टीम के नए खिलाड़ी उर्विल पटेल ने रखा, जिन्होंने बुधवार को अपना आईपीएल डेब्यू किया। उर्विल ने पहली ही गेंद पर छक्का जड़ा और फिर अपनी 11 गेंदों की 31 रन की पारी में तीन और छक्के लगाए, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 281.81 रहा।



मैं साल में केवल दो महीने ही खेलता हूं। जब यह आईपीएल खत्म होगा, तो मुझे फिर से छह से आठ महीने में कड़ी मेहनत करनी होगी : महेन्द्र सिंह धोनी

### धोनी अभी भी सीएसके के अहम खिलाड़ी : बांगड़

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच संजय बांगड़ ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) पर दो विकेट से मिली रोमांचक जीत में एमएस धोनी के शांत स्वभाव और समझदारी की जमकर तारीफ की। बांगड़ ने कहा कि धोनी अब भी टीम के लिए मैच खत्म करने वाले सबसे अहम खिलाड़ी बने हुए हैं और कठिन हालात में भी उन्हें नजरअंदाज करना मुश्किल है। हाल के मैचों में उनका प्रदर्शन खासा असरदार रहा है। ईडन गार्डन्स में हुए इस मैच में केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 179/6 रन बनाए। जवाब में सीएसके के लिए डेवाल्ड ब्रेविस, ने 25 गेंदों में तेज 52 रन ठोककर टीम को मजबूत शुरुआत दी। इसके बाद शिवम दुबे और धोनी ने मिलकर आखिरी पलों में रन बनाते हुए मैच को रोमांचक मोड़ पर पहुंचाया। जब चेन्नई को 12 गेंदों में 18 रन चाहिए थे, तब केकेआर ने तेजी से वापसी की और दुबे (45 रन, 40 गेंद) और नूर अहमद को जल्दी-जल्दी आउट कर दिया। अब सीएसके को आखिरी ओवर में 8 रन चाहिए थे और सिर्फ दो विकेट बाकी थे। तभी धोनी ने पहली गेंद पर छक्का लगाकर दर्शकों को उनका पुराना रूप याद दिला दिया और टीम को जीत दिलाई।

# सचिन ने रोहित के टेस्ट करियर की सराहना की



| कुल मैच | रन | औसत | 50/100 |
|---|---|---|---|
| 67 | 4301 | 40.57 | 18/12 |

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने रोहित शर्मा के शानदार टेस्ट करियर की सराहना की और उन्हें भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने 2013 में ईडन गार्डन्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ रोहित को टेस्ट कैप नंबर 280 प्रदान करने की याद भी ताजा की। रोहित ने अपने डेब्यू मैच में 177 रन बनाए और इसके बाद सीरीज के दूसरे टेस्ट में नाबाद 111 रन बनाए। दोनों ही मैच भारत ने एक पारी से जीते। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया। यह तेंदुलकर का भारत के लिए आखिरी टेस्ट मैच भी था। तेंदुलकर ने गुरुवार को एक्स पर लिखा, मुझे याद है कि 2013 में ईडन गार्डन्स में मैंने तुम्हें टेस्ट कैप दी थी और फिर दूसरे मैच में वानखेड़े स्टेडियम की बालकनी में तुम्हारे साथ खड़ा था-तुम्हारा सफर शानदार रहा है। तब से लेकर अब तक तुमने एक खिलाड़ी और एक कप्तान के तौर पर भारतीय क्रिकेट को अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है। रोहित, तुम्हारे टेस्ट करियर के लिए बधाई और आगे के लिए शुभकामनाएं। रोहित के बुधवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले ने सभी को चौंका दिया, क्योंकि भारत की इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 20 जून से हेडिंग्ले में शुरू होने वाली है। हाल के मैचों में खराब फॉर्म के बावजूद उन्होंने 67 मैचों में 40.57 की औसत से 4,301 रन बनाकर अपने टेस्ट करियर का अंत किया। पिछले कुछ सालों में उन्होंने 12 शतक और 18 अर्धशतक लगाए हैं, जिसमें अक्टूबर 2019 में रांची में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 212 रन का करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर शामिल है। रोहित ने खुद को वनडे फॉर्मेट में खेलने के लिए प्रतिबद्ध किया है। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने पिछले साल टी20 विश्व कप जीत के बाद टी20आई प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी। उनके नेतृत्व में, भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी भी जीती और टूर्नामेंट में अपना तीसरा खिताब जीता। 2022 से भारत के टेस्ट कप्तान के रूप में, रोहित ने बदलाव और चोटों के एक महत्वपूर्ण चरण के माध्यम से भारत का मार्गदर्शन किया।

### लाल गेंद से रोहित शर्मा का सफर शानदार रहा: बीसीसीआई

**मुंबई।** क्रिकेट में मध्यक्रम से लेकर भारत के सबसे बेहतरीन टेस्ट ओपनर तक रोहित शर्मा का लाल गेंद का सफर शानदार रहा। उन्होंने क्रिकेट के तीनों प्रारूप में टीम का नेतृत्व कर अपनी क्षमता का लोहा मनवाया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को रोहित शर्मा को 'शानदार और प्रेरणादायक' टेस्ट करियर के लिए हार्दिक बधाई दी। जबकि वह अंतरराष्ट्रीय खेल में सबसे लंबे और सबसे छोटे प्रारूपों से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन वह एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारतीय क्रिकेट की सेवा करना जारी रखेंगे। रोहित टेस्ट और टी-20 क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। रोहित ने न केवल 4,301 टेस्ट रन, बल्कि एक ऐसी विरासत तय की जिसने देर से सफल होने के बावजूद और बड़ी सफलता का मतलब फिर से परिभाषित किया। रोहित ने 2013 में पदार्पण करने के बाद टेस्ट टीम में कई साल बिताए। वह इस धारणा से जूझते हुए कि वह केवल सफेद गेंद के विशेषज्ञ हैं। यह 2019 में निर्णायक रूप से बदल गया, जब उन्हें शीर्ष क्रम में पदोन्नत किया गया। इसके बाद जो हुआ वह एक शानदार दौर था जिसमें घरेलू मैदान पर शतक, इंग्लैंड में मास्टरक्लास और ऑस्ट्रेलिया में दमदार प्रदर्शन शामिल थे।

### गिल टेस्ट कप्तानी की दौड़ में सबसे आगे



**मुंबई।** रोहित शर्मा के संन्यास के बाद शुभमन गिल भारतीय टेस्ट कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे हो गए हैं। इंग्लैंड का दौरा एक पूर्णकालिक कप्तान के रूप में उनकी पहली सीरीज हो सकता है। यह पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 20 जून से हेडिंग्ले में शुरू होगी। गिल को कप्तानी अब लगभग तय मानी जा रही है क्योंकि जसप्रीत बुमराह आगामी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र के दौरान वर्कलोड मैनेजमेंट के कारण कुछ मैचों से बाहर भी रह सकते हैं। बुमराह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान थे और रोहित के न खेलने पर दो टेस्ट मैचों में भारत की कप्तानी भी की थी। इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम का चयन इस महीने के अंत में हो सकता है। यह सीरीज भारत के लिए अगले डब्ल्यूटीसी चक्र की शुरुआत होगी और ऐसे में चयनकर्ता दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ एक कप्तान चुनना चाहते हैं।

## सार संक्षेप

### 27 मई से इंदौर में शुरू होगी मध्य प्रदेश लीग

**इंदौर (मध्य प्रदेश)।** 27 मई से इंदौर के होलकर स्टेडियम में मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) का नवीनतम सीजन अपने नए कलेवर के साथ दर्शकों को रिझाने के लिए तैयार है। पूरे राज्य में जमीनी स्तर पर क्रिकेट प्रतिभा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही यह लीग इस बार पहले से भी ज्यादा भव्य और शानदार होने वाली है। क्रिकेट इतिहास में पहली बार ऐसी लीग का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें दर्शक पुरुषों के मैचों के साथ ही महिला क्रिकेट का भी लुत्फ ले पाएंगे। महिला प्रतियोगिता में तीन टीमें भाग लेंगी, जिनमें एक टीम राजधानी भोपाल की भी होगी। ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन (जीडीसीए) द्वारा मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित पुरुषों की प्रतियोगिता में इस बार पिछले सीजन की पांच टीमों के मुकाबलों में बुंदेलखंड और चंबल क्षेत्र की दो और टीमों को जोड़ा गया है। लीग के बारे में बोलते हुए ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष महानारायमन राव सिंधिया ने कहा कि एमपीएल के साथ एक और शानदार वर्ष की शुरुआत होने जा रही है।

### लुआन-ड्रे प्रिटोरियस हुए आरआर में शामिल

**जयपुर।** दक्षिण अफ्रीका के लुआन-ड्रे प्रीटोरियस को चोटिल नितीश राणा की जगह राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के अपने दल में शामिल किया है। विकेटकीपर बल्लेबाज प्रिटोरियस को 30 लाख रुपये के बेस प्राइस पर टीम में जगह दी गई। 19 वर्षीय प्रिटोरियस ने अभी तक अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में पर्दापण नहीं किया है, लेकिन उन्होंने इस वर्ष के एसए-20 लीग के दौरान 12 मैचों में 166.8 की स्ट्राइक रेट के साथ सर्वाधिक 397 रन बनाए थे। पिछले वर्ष प्रिटोरियस अंडर-19 विश्वकप में दक्षिण अफ्रीका की ओर से सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। आरआर इस टूर्नामेंट से सनराइजर्स हेदराबाद और चेन्नई सुपर किंग्स के साथ प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है।

# राजस्थान रॉयल्स ने चोटिल संदीप शर्मा की जगह नांद्रे बर्गर को चुना

**जयपुर,** 8 मई (एजेंसियां)। राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष मैचों के लिए संदीप शर्मा की चोट के कारण उनकी जगह लेने के लिए नांद्रे बर्गर को चुना है, फ्रेंचाइजी ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। बाएं हाथ के दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज बर्गर, जिन्होंने पहले आईपीएल 2024 में आरआर के लिए खेला था और छह मैचों में सात विकेट लिए थे, 3.5 करोड़ रुपये में आरआर में शामिल हुए। इस सीजन में आरआर के लिए 10 मैच खेलने वाले संदीप को उंगली में फ्रैक्चर के कारण टूर्नामेंट के बाकी मैचों से बाहर कर दिया गया है। पिछले महीने सवाई मानसिंह स्टेडियम में गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ आरआर के मुकाबले के दौरान संदीप को चोट लगी थी, जिसे उन्होंने आठ विकेट से जीता था। चोट लगने के बावजूद, तेज गेंदबाज ने अपना चार ओवर का स्पेल पूरा किया, जिसमें उनके आंकड़े 1-33 रहे। उस दिन किसी भी आरआर गेंदबाज के लिए उनका इकॉनमी रेट सबसे अच्छा था - 8.25 - और उन्होंने ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर का विकेट भी लिया। फ्रेंचाइजी ने कहा कि उन्होंने पिछले मैच में इस चोट के साथ गेंदबाजी जारी रखने के लिए बहुत बहादुरी दिखाई और फ्रेंचाइजी को हर कोई उनके पूरी तरह से और जल्दी ठीक होने की कामना करता है।

# मानसिकता में बदलाव कोहली के लिए बहुत कारगर साबित हो रहा है : गावस्कर

■ कोहली ने 42 गेंदों पर 67 रन की शानदार पारी खेलकर आरसीबी की अगुआई की



**मुंबई,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय बल्लेबाजी लीजेंड सुनील गावस्कर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को मुंबई इंडियंस पर 12 रन की जीत में विराट कोहली की 67 रन की पारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि पारी की शुरुआत में ही लॉफ्टेड शॉट खेलने की दाएं हाथ के बल्लेबाज की मंशा उनके लिए बहुत कारगर साबित हुई। कोहली ने 42 गेंदों पर 67 रन की शानदार पारी खेलकर आरसीबी की अगुआई की, जो इस सीजन का उनका दूसरा अर्धशतक है, जबकि कप्तान रजत पाटीदार ने 32 गेंदों पर 64 रन और जितेश शर्मा ने 21 गेंदों पर 40 रन की तेज पारी खेलकर मेहमान टीम को एमआई के खिलाफ 221/5 का मजबूत स्कोर बनाने में मदद की। कोहली ने शानदार खेल दिखाते हुए जसप्रीत बुमराह का स्वागत मिड-विकेट पर छक्का लगाकर किया और फिर विग्नेश पुथुर पर छक्का मारकर सीजन का अपना दूसरा अर्धशतक पूरा किया। उनकी सनसनीखेज पारी का अंत तब हुआ जब वे 15वें ओवर में हार्दिक पांड्या का शिकार हो गए। गावस्कर ने कहा कि पिछले डेढ़ सत्र में सबसे बड़ा अंतर यह रहा है कि वे बहुत पहले ही लॉफ्टेड शॉट खेलने लगे हैं। पहले, लॉफ्टेड शॉट पारी के आखिर में आते थे, लेकिन अब वे पहली गेंद से ही जोखिम उठाने की कोशिश कर रहे हैं और इससे बहुत फर्क पड़ रहा है। गेंदबाज जो उनके ड्राइव और फ्लिक के लिए तैयार थे, अब गेंद को इनफील्ड से बाहर जाकर बाउंड्री के लिए जाते हुए देख रहे हैं।

### रायुडू ने पाटीदार का समर्थन किया

**नई दिल्ली,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का जोरदार समर्थन किया है, उन्होंने 10 साल बाद मंगलवार रात वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस को 12 रनों से हराने के बाद उन्हें आईपीएल 2025 खिताब का गंभीर दावेदार बताया है। रायुडू को लगता है कि यह आखिरकार वह साल हो सकता है जब यह फ्रेंचाइजी अपनी क्षमता के अनुसार प्रदर्शन करेगी और 18 साल के लंबे इंतजार को खत्म करते हुए अपनी पहली आईपीएल ट्रॉफी उठाएगी। उन्होंने कहा कि अगर आप उनकी टीम को देखें, तो उनके पास एक बहुत ही बढ़िया संयोजन है। अगर आप उन टीमों को देखें जो आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही हैं, तो वे अभी भी अपने संयोजन आजमा रही हैं।

# पीएसजी ने आर्सेनल को हराकर चैम्पियंस लीग के फाइनल में प्रवेश किया

■ सातवें मिनट में इतालवी खिलाड़ी ने और भी बेहतर स्टॉप बनाया



पेरिस सेंट-जर्मन यूईएफए चैंपियंस लीग

**पेरिस,** 8 मई (एजेंसियां)। पेरिस सेंट-जर्मन यूईएफए चैंपियंस लीग के फाइनल में इंटर मिलान से खेलेगा, आर्सेनल के खिलाफ घरेलू मैदान पर 2-1 की जीत के बाद वे कुल मिलाकर 3-1 से विजयी हुए। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार आर्सेनल के पास फिर से प्रतिस्पर्धा में आने और यहां तक कि टाई को पलटने के मौके थे, लेकिन पीएसजी के गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा ने उन्हें बार-बार निराश किया। हालांकि आर्सेनल ने पिछले हफ्ते पीएसजी के तीन-मैन मिडफील्ड के खिलाफ पहले चरण को नियंत्रित करने के लिए संघर्ष किया था, लेकिन मिकेल आर्टेटा के खिलाड़ियों ने जल्दी ही दिखा दिया कि वे पहले चरण की हार को पलटने के लिए पेरिस आए थे। खेल शुरू हुए एक मिनट भी नहीं हुआ था जब जुरियन टिम्बर ने डेक्लान राइस के लिए क्रॉस किया, लेकिन हेडर से गेंद वाइड चली गई। मेहमान टीम ने मैदान में पीएसजी को पछाड़ने की कोशिश की, जिसमें बुकायो साका और गेब्रियल मार्टिनेली दोनों सक्रिय थे और मार्टिनेली ने रात में डोनारुम्मा के बेहतरीन बचावों में से पहला बचाव किया, जब उन्होंने थॉमस पार्टी के लंबे थ्रो को लगभग रोक दिया। सातवें मिनट में इतालवी खिलाड़ी ने और भी बेहतर स्टॉप बनाया, जब पार्टी का एक और लंबा थ्रो मार्टिन ओडेगार्ड के पास गिरा, जिसका लो ड्राइव नेट में जाने के लिए नियत था, जब तक कि डोनारुम्मा ने एक बढ़िया ब्लॉक बनाने के लिए नीचे नहीं आ गए। आर्सेनल ने आगे बढ़कर होम साइड को ब्रेक पर विफल दिए, जिसमें खविचा क्वारत्सखेलिया ने पोस्ट पर हिट किया, इससे पहले कि फैबियन रुइज ने 27वें मिनट में स्कोरिंग खोली। मिडफील्डर ने फ्री किक से पार्टी के हेडर क्लीयरेंस को अपने सीने पर नियंत्रित करने के लिए लपका और एक शक्तिशाली वॉली को घर में मारा, जो विलियम सलीबा से टकराया।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.793 |
| 2- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.482 |
| 3- | पंजाब किंग्स | 11 | 7 | 3 | 15 | +0.376 |
| 4- | मुंबई इंडियंस | 12 | 7 | 5 | 14 | +1.156 |
| 5- | दिल्ली कैपिटल | 11 | 6 | 4 | 13 | +0.362 |
| 6- | कोलकाता नाइट राइडर | 12 | 5 | 6 | 11 | +0.193 |
| 7- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.469 |
| 8- | सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 3 | 7 | 7 | -1.192 |
| 9- | राजस्थान रॉयल्स | 12 | 3 | 9 | 6 | -0.718 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 12 | 3 | 9 | 6 | -0.992 |

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| एचसीएल टेक | 1.05 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 0.81 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 0.80 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.69 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 0.21 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| इटरनल | 3.14 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.85 प्रतिशत |
| मारुति | 2.04 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.86 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.81 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 96,024 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 94,600 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.49 | 89.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# आयात घटाने व ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में जैव ईंधन अहम : गडकरी

■ **भविष्य के लिए एक बड़ा बाजार बनेगा सस्टेनेबल विमानन ईंधन**

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को देशव्यापी जैव ईंधन क्रांति की वकालत की। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने इसे भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बदलने, जीवाश्म ईंधन के बड़े पैमाने पर आयात को कम करने और वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सदी में एक बार मिलने वाला अवसर बताया।

इंटरनेशनल समिट एक्सपो ऑन बायोएनर्जी वैल्यू चेन में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अब समय आ गया है कि कृषि अपशिष्ट, फसल अवशेष, बांस और बायोमास को हरित ईंधन और वैल्यू-एडेड प्रोडक्ट्स में बदला जाए। गडकरी ने भारत के 22 लाख करोड़ रुपए के जीवाश्म ईंधन आयात बिल में कटौती करने, फसल अपशिष्टों को जलाने और वाहनों से निकलने वाले उत्सर्जन से होने वाले प्रदूषण को कम करने की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला।



**अब समय आ गया है कि कृषि अपशिष्ट, फसल अवशेष, बांस व बायोमास को हरित ईंधन और वैल्यू-एडेड प्रोडक्ट्स में बदला जाए : नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री**

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि भारत को ऊर्जा आयातक से ऊर्जा निर्यातक बनना होगा, सस्टेनेबल जैव ऊर्जा पहल के माध्यम से इस लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। केंद्रीय मंत्री ने विमानन जैव ईंधन के क्षेत्र में सफलता के लिए ब्राजील की प्रशंसा की और कहा कि भारत ने भी अपने हवाई अड्डों पर इसी प्रकार के ईंधन विकल्पों को लागू करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि सस्टेनेबल विमानन ईंधन भविष्य के लिए एक बड़ा बाजार है। उन्होंने क्वालिटी रिसर्च और आर्थिक रूप से व्यवहार्य टेक्नोलॉजी की जरूरत पर बल दिया। उत्तर भारत में पराली जलाने के मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि इसे समस्या के रूप में नहीं बल्कि अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाब और हरियाणा से प्राप्त चावल के भूसे को बायो-सीएनजी, इथेनॉल, बायो-बिटुमेन और यहां तक कि विमानन ईंधन में भी बदला जा सकता है। उन्होंने इंडियन ऑयल की मानपुर परियोजना को एक सफल उदाहरण बताया, जो हर साल दो लाख टन फसल अपशिष्ट को उच्च मूल्य वाले ईंधन में बदल देती है।

## मस्क की कंपनी को मिला एलओआई

**नई दिल्ली।** दिग्गज अरबपति कारोबारी एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक भारत में इंटरनेट सेवा शुरू करने के और करीब आ गई है। कंपनी को डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकॉम (डीओटी) से लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) मिल गया है। स्टारलिंक द्वारा सैटकॉम ऑपरेटरों के लिए नए राष्ट्रीय सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करने पर सहमति जताने के बाद प्रारंभिक मंजूरी दी गई। रिपोर्ट में कहा गया कि स्टारलिंक को अब भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) से एप्रूवल की आवश्यकता है और सैटेलाइट-आधारित इंटरनेट सर्विस स्पेक्ट्रम आवंटित किए जाने से पहले ही कंपनी ने इसके लिए आवश्यक दस्तावेज जमा कर दिए हैं। पिछले महीने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने देश में कंपनी की निवेश योजनाओं पर चर्चा करने के लिए स्टारलिंक के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की थी। बैठक के बाद गोयल ने एक्स पर पोस्ट किया कि स्टारलिंक के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की, जिसमें उपाध्यक्ष चाड गिब्स और वरिष्ठ निदेशक रयान गुडनाइट शामिल थे। बैठक में स्टारलिंक के अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म, उनकी मौजूदा साझेदारियों और भारत में भविष्य की निवेश योजनाओं पर चर्चा हुई।



## सीसीआई ने ई-कॉमर्स व क्विक कॉमर्स में कीमत निर्धारण को लेकर सख्त किए नियम

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने ई-कॉमर्स और क्विक-कॉमर्स सेक्टरों में अनुचित मूल्य निर्धारण से निपटने के लिए नए नियम लागू किए हैं।

इन नियमों का उद्देश्य बड़े ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म की ओर से अपनाई जाने वाली जीरो-प्राइसिंग जैसी नीतियों के संबंध में बढ़ती चिंताओं पर अंकुश लगाना है। नए फ्रेमवर्क के तहत 2009 के मौजूदा लागत नियमों में बड़ा बदलाव किया गया है। इसमें सभी सेक्टरों में गैर-प्रतिस्पर्धी कीमतों का आकलन करने के लिए एक स्पष्ट कार्यप्रणाली दी गई है। नए नियम 7 मई से लागू हो चुके हैं। नए नियमों के तहत अनुचित कीमत की पहचान के लिए औसत परिवर्तनीय लागत को प्राइमरी बेंचमार्क माना जाएगा।




■ **2009 के मौजूदा लागत नियमों में किया गया बदलाव**
■ **7 मई से लागू हो चुके है नए नियम**

हालांकि, सीसीआई के पास वैकल्पिक लागत उपायों का उपयोग करने का विवेकाधिकार रहेगा, जिसमें औसत कुल लागत, औसत टालने योग्य लागत या दीर्घकालिक औसत वृद्धिशील लागत शामिल हैं और इनका निर्धारण उद्योग की विशिष्टताओं और मामले की जटिलताओं पर निर्भर करता है। जांच प्रक्रिया में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए जांच के दायरे में आने वाली कंपनियों को अब अपने खर्च पर स्वतंत्र विशेषज्ञों की मदद लेकर लागत आकलन को चुनौती देने का अधिकार होगा।

यह कदम आक्रामक मूल्य निर्धारण रणनीतियों पर नियामकीय निगरानी बढ़ाने का संकेत देता है। इससे छोटी कंपनियों को भी बड़ी कंपनियों की तरह अपने उत्पादों को उपभोक्ताओं के सामने रखने के लिए समान अवसर मिलेंगे।

## केंद्र ने नॉन-फेरस मेटल रिसाइक्लिंग इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए लांच किया पोर्टल

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने भारत में व्यवस्थित, पारदर्शी और टिकाऊ पुनर्चक्रण (रिसाइकलिंग) इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए एक नॉन-फेरस मेटल रिसाइकलिंग वेबसाइट और हितधारक पोर्टल लॉन्च किया। नॉन-फेरस मेटल यानी अलौह धातु वे होती हैं, जिनमें लोहे की मात्रा या तो बहुत कम होती है या बिल्कुल भी नहीं होती है। एल्युमिनियम, कॉपर, जिंक और टिन नॉन-फेरस मेटल के उदाहरण हैं।

इस पोर्टल को कोयला और खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे और खान मंत्रालय और जेएनएआरडीडीसी के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में लॉन्च किया गया। इस पोर्टल की प्रमुख विशेषताओं में डिस्मेंटलर्स, रिसाइक्लर्स, ट्रेडर्स और कलेक्शन सेंटर्स की नेशनल रजिस्ट्री, रॉ मटीरियल फ्लो, प्रोडक्ट टाइप, टेक्नोलॉजी अडॉप्शन और वर्कफोर्स डेटा को ट्रैक करने के लिए टूल्स; परफॉर्मेंस बेंचमार्किंग मैकेनिज्म; रीजनल, सेक्टोरल इंफ्रास्ट्रक्चर और स्किल गैप की पहचान; स्टैंडर्ड्स, सर्टिफिकेशन सिस्टम और जागरूकता अभियानों के विकास का समर्थन शामिल है।




## केंद्र ने क्लाइमेट फाइनेंस टैक्सोनॉमी को विकसित करने के लिए मांगे विचार

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने भारत के जलवायु वित्त वर्गीकरण (क्लाइमेट फाइनेंस टैक्सोनॉमी) के विकास के लिए ड्राफ्ट फ्रेमवर्क पर एक्सपर्ट्स के कमेंट्स को आमंत्रित किया। इसका उद्देश्य क्लाइमेट-फ्रेंडली टेक्नोलॉजीज और गतिविधियों के लिए ज्यादा रिसोर्स फ्लो की सुविधा लाना है ताकि देश के 2070 तक शुद्ध शून्य (नेट जीरो) उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल किया जा सके। केंद्रीय बजट 2024-25 पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि हम जलवायु अनुकूलन के लिए पूंजी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए क्लाइमेट फाइनेंस के लिए एक टैक्सोनॉमी विकसित करेंगे। यह देश की जलवायु प्रतिबद्धताओं और ग्रीन ट्रांजिशन की प्राप्ति का समर्थन करेगा।




■ **क्लाइमेट-फ्रेंडली टेक्नोलॉजीज व गतिविधियों के लिए ज्यादा रिसोर्स फ्लो की सुविधा लाना है उद्देश्य**

इस घोषणा के बाद ही क्लाइमेट फाइनेंस टैक्सोनॉमी का एक ड्राफ्ट फ्रेमवर्क विकसित किया गया है। यह फ्रेमवर्क दृष्टिकोण, उद्देश्यों और सिद्धांतों को रेखांकित करता है, जो टैक्सोनॉमी का मार्गदर्शन करेंगे।

आधिकारिक बयान के अनुसार, इसमें भारत की जलवायु प्रतिबद्धताओं में योगदान देने वाली गतिविधियों, परियोजनाओं और उपायों को वर्गीकृत करने की कार्यप्रणाली का भी विवरण दिया गया है। साथ ही 2047 तक विकसित भारत को प्राप्त करने से जुड़े लक्ष्यों को भी ध्यान में रखा गया है।


बयान में कहा गया है कि ड्राफ्ट फ्रेमवर्क क्षेत्रीय अनुबंधों (सेक्टोरल एनेक्सर्स) को विकसित करने का आधार होगी, जो जलवायु-समर्थक माने जाने वाले उपायों, गतिविधियों, परियोजनाओं और ट्रांजिशन को बढ़ावा देने के लिए पहचाने जाने वाले उपायों की रूपरेखा तैयार करेगी।

# चौतरफा बिकवाली से शेयर बाजार में गिरावट

■ **सेंसेक्स 0.51 प्रतिशत का गोता लगाकर 80,334.81 अंक पर रहा**
■ **निफ्टी 0.58 प्रतिशत लुढ़ककर 24273.80 अंक पर बंद**

**मुंबई,** 8 मई (एजेंसियां)। विश्व बाजार में तेजी रहने के बावजूद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव से सतर्क निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरकर बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 411.97 अंक अर्थात 0.51 प्रतिशत का गोता लगाकर 80,334.81 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 140.60 अंक यानी 0.58 प्रतिशत लुढ़ककर 24273.80 अंक पर आ गया।

बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 1.90 अंक प्रतिशत की गिरावट लेकर 42,154.47 अंक और स्मॉलकैप 1.05 प्रतिशत टूटकर 46,882.73 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4032 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2548 में बिकवाली जबकि 1349 में लिवाली हुई वहीं 135 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2935 कंपनियों में से 2027 में गिरावट जबकि 820 में तेजी रही वहीं 88 में टिकाव रहा।





विश्लेषकों के अनुसार, फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों को यथावत रखने के निर्णय तथा मुद्रास्फीति एवं श्रम बाजार को लेकर सख्त रुख अपनाने के बावजूद डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन के बिडेन युग के एआई चिप प्रतिबंधों को हटाने पर विचार करने की रिपोर्ट आने से विश्व बाजार में तेजी का रुख रहा। लेकिन, भारत द्वारा सीमा पार और नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर नौ आतंकी शिविरों को निशाना बनाए जाने की खबर से निवेशकों में सतर्कता रही, जिससे बाजार पर दबाव रहा। हालांकि विश्लेषकों का मानना है कि आगे अमेरिका-भारत व्यापार समझौते में संभावित प्रगति से निर्यात-उन्मुख क्षेत्रों को अल्पकालिक राहत मिल सकती है, जिससे बाजार को कुछ स्थिरता मिलेगी। विश्व बाजार में लिवाली का जोर रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.26, जर्मनी का डैक्स 1.17, जापान का निक्केई 0.41, हांगकांग का हैंगसेंग 0.37 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.28 प्रतिशत चढ़ गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 166 अंक की तेजी के साथ 80,912.34 अंक पर खुला और दमदार लिवाली के दम पर दोपहर से पहले 80,927.99 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन कंपनियों ने नुकसान उठाया उनमें इटरनल 3.14, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.85, मारुति 2.04, बजाज फाइनेंस 1.86, टाटा स्टील 1.81, एशियन पेंट 1.29, भारती एयरटेल 1.23, बजाज फिनसर्व 1.14, पावरग्रिड 1.09, एसबीआई 0.95, एचडीएफसी बैंक 0.94, इंडसइंड बैंक 0.94, सन फार्मा 0.85, एनटीपीसी 0.72, अडानी पोर्ट्स 0.62, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.62, आईसीआईसीआई बैंक 0.60, नेस्ले इंडिया 0.34, अल्ट्रासिम्को 0.23, रिलायंस 0.08, टेक महिंद्रा 0.08, आईटीसी 0.07 और एलटी 0.05 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, एचसीएल टेक 1.05, कोटक बैंक 0.81, एक्सिस बैंक 0.80, टाइटन 0.69, टाटा मोटर्स 0.21, इंफोसिस 0.18 और टीसीएस के शेयर 0.07 प्रतिशत लाभ में रहे।

## देश में तेजी से बढ़ रहा को-लीविंग मार्केट

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। भारत का को-लीविंग मार्केट तेजी से बढ़ रहा है और इसका आकार 2030 तक 10 लाख बेड पर पहुंचने का अनुमान है। यह जानकारी गुरुवार को जारी की गई रिपोर्ट में दी गई। कोलियर्स इंडिया की रिपोर्ट में बताया गया कि मौजूदा समय में संगठित बाजार में 3 लाख को-लीविंग बेड हैं। टियर-1 और चुनिंदा टियर-2 शहरों में को-लीविंग बाजार तेजी से बढ़ रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस सेक्टर में तेजी की वजह विशेष रूप से छात्रों और युवा पेशेवरों के बीच बढ़ता शहरीकरण है। को-लीविंग का चलन शहरों में बढ़ रहा है। यह रोजगार या अच्छी शिक्षा की तलाश में बड़े शहरों का रुख करने वाले युवाओं को बेहतर आवास का विकल्प उपलब्ध कराता है। यह किफायती होते हैं। इसमें एक प्राइवेट बेड होता है और किचन और लीविंग रूम आदि को अन्य के साथ साझा करना होता है।



■ **2030 तक 10 लाख बेड्स तक पहुंचने का अनुमान**

कोलियर्स इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, महामारी के दौरान मांग घटने के बाद को-लीविंग की मांग फिर से तेजी पकड़ रही है। रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में शहरी भारत में 20 से 34 वर्ष आयु वर्ग की अनुमानित 5 करोड़ प्रवासी आबादी है। संगठित क्षेत्र में को-लीविंग बेड की मांग करीब 66 लाख पर है।

## खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख व अन्य जिंसों के भाव रहे स्थिर

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 45 रिंगिट चढ़कर 3770 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.52 सेंट की तेजी के साथ 47.85 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सूरजमुखी तेल 219 रुपये और सोया रिफाइंड 110 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया जबकि पाम ऑयल में 366 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौता

## भारत के वस्त्र क्षेत्र के लिए बनेगा गेम-चेंजर

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। भारत और यूनाइटेड किंगडम (यूके) के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते को भारत की अर्थव्यवस्था, खासकर परिधान और वस्त्र क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक और बड़ा बदलाव लाने वाला कदम है। इस समझौते के अंतर्गत भारत के 99 प्रतिशत निर्यात पर टैरिफ हटा दिए गए हैं, जिससे भारतीय उत्पादों के लिए यूके जैसे प्रीमियम बाजार में बड़े स्तर पर नए अवसर खुलेंगे।

यह समझौता परिधान, वस्त्र, समुद्री उत्पाद, चमड़ा, जूते, खिलौने आदि जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को खास फायदा देगा। खास तौर पर परिधान और वस्त्र उद्योग के लिए यह समझौता बड़ी व्यापारिक बाधाओं को हटाता है, बाजार की पहुंच बढ़ाता है। यह भारत को एक ग्लोबल हब बनाने की दिशा में मजबूत कदम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारतीय हस्तकला और नवाचार को वैश्विक मंच पर बढ़ावा देने के दृष्टिकोण के अनुसार है। डॉ. ए. सक्थिवेल, चेयरमैन, अपैरल मेड-अप्स एंड होम फर्निशिंग सेक्टर स्किल काउंसिल ने इस समझौते का स्वागत किया और माननीय प्रधानमंत्री मोदी व केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को इस ऐतिहासिक समझौते के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है जो भारत के वस्त्र निर्यात को नई रफ्तार देगी और इस क्षेत्र में रोजगार व विकास को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा। यह समझौता भारत को ग्लोबल परिधान और वस्त्र हब के रूप में स्थापित करने में मदद करेगी, खासकर ब्रेग्ज़िट के बाद यूरोप में भारत की व्यापार मौजूदगी को और मजबूत बनाएगी।



■ **भारत के 99 प्रतिशत निर्यात पर टैरिफ हटा दिए गए**
■ **भारत के वस्त्र निर्यात को मिलेगी नई रफ्तार**

मुक्त व्यापार समझौता सिर्फ माल के व्यापार तक सीमित नहीं है बल्कि यह सेवाओं के लिए भी नए रास्ते खोलता है, जिससे भारतीय डिजाइनर, पेशेवर और स्टार्टअप्स को अंतरराष्ट्रीय फैशन और खुदरा बाजार से जुड़ने का मौका मिलेगा। इस समधौते की एक और खास बात यह है कि यूके में काम कर रहे भारतीय पेशेवरों को तीन साल तक सामाजिक सुरक्षा में योगदान से छूट मिलेगी, जिससे उन्हें अधिक आमदनी होगी और दोनों देशों के बीच कौशल आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा। यह समझौता न सिर्फ आर्थिक साझेदारी को मजबूत करता है, बल्कि युवा और महत्वाकांक्षी भारतीयों के लिए वैश्विक अवसरों के नए रास्ते भी खोलता है।

### सार संक्षेप

#### अवाना कैपिटल ने हाई टाइम फूड्स में किया निवेश

**बेंगलुरु।** वेंचर कैपिटल फंड अवाना कैपिटल ने भारत से वैश्विक स्तर पर किफायती और प्रशीतन-मुक्त संयंत्र प्रोटीन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फूड-टेक स्टार्टअप हाई टाइम फूड्स के सीड फंडिंग राउंड का नेतृत्व करते हुए 12 लाख डॉलर (लगभग 1 करोड़ रुपए) का निवेश किया है। हाई टाइम फूड्स के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) आकाश शाह ने कहा कि हम भारत से दुनिया की सबसे बड़ी संयंत्र-आधारित खाद्य कंपनी बनाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं ताकि हर व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण प्रोटीन सुलभ हो सके। हम ऐसे मूल्य पर लांच कर रहे हैं, जो अंततः मांस से भी सस्ता होगा। अवाना कैपिटल की निवेश निदेशक श्रुति श्रीवास्तव ने कहा कि हाई टाइम सस्ती, स्केलेबल और टिकाऊ प्रोटीन की समस्या को हल कर रहा है। इनका नवाचार उन बाजारों के लिए बेहद प्रासंगिक है, जहां कोल्ड चेन सपोर्ट सीमित है।

#### एशियन पेंट्स का तिमाही मुनाफा 45.4 प्रतिशत लुढ़का

**मुंबई।** घरों के रंग, सजावट और फिटिंग का निर्माण करने वाली बहुराष्ट्रीय कंपनी एशियन पेंट्स लिमिटेड का 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में सकल शुद्ध मुनाफा इसके पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 1275.3 करोड़ रुपए के मुकाबले 45.5 प्रतिशत लुढ़ककर 7.83 करोड़ रुपए पर आ गया। कंपनी ने गुरुवार को शेयर बाजार को बताया कि 31 मार्च 225 को समाप्त वित्त वर्ष 224-25 की चौथी तिमाही में उसे 7.83 करोड़ रुपए का सकल शुद्ध मुनाफा हुआ, जो वित्त वर्ष 223-24 की जनवरी-मार्च तिमाही के 1275.3 करोड़ रुपए के मुकाबले 45.5 प्रतिशत कम है। इस अवधि में उसकी कुल आय 8917.87 करोड़ रुपए से 5.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8458.76 करोड़ रुपए रह गई। वहीं, उसका कुल व्यय 7319.1 करोड़ रुपए से .6 प्रतिशत कम होकर 7276.6 करोड़ रुपए पर आ गया।

#### गोल्ड खरीदारों के लिए खुशखबरी, कम हुई कीमत

**नई दिल्ली।** सोने के खरीदारों के लिए खुशखबरी है और गुरुवार को सोने के दाम में 1,4 रुपए से अधिक की गिरावट देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 1 ग्राम सोने का दाम 1,42 रुपए घटकर 96,24 रुपए हो गया है, जो कि इससे पहले 97,426 रुपए प्रति 1 ग्राम था। 22 अप्रैल को 24 कैरेट सोने का भाव 1,, रुपए प्रति 1 ग्राम पर पहुंच गया था। वहीं, 22 कैरेट सोने का दाम कम होकर 93,72 रुपए प्रति 1 ग्राम, 2 कैरेट सोने की कीमत कम होकर 85,46 रुपए प्रति 1 ग्राम और 18 कैरेट सोने का भाव कम होकर 77,78 रुपए प्रति 1 ग्राम है। सोने की कीमतों में कमी आने की वजह इंटरनेशनल बाजार में दाम गिरना है।

# शराब व जहर से हुई मौत, सर्प दंश से मौत बता लिया मुआवजा वकील, डाक्टर समेत परिजनों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर**, 8 मई (देशबन्धु)। डेढ़ साल पूर्व एक व्यक्ति की शराब और जहर के सेवन से मौत हो गई थी लेकिन मृतक के परिजन ,वकील और सिम्स की महिला चिकित्सक ने मिलीभगत कर सर्प दंश से मृत्य होना बताकर शासन से 3 लाख रुपए का मुआवजा राशि प्राप्त कर लिया ।मामले में जांच पश्चात पुलिस ने मृतक के परिजन ,डाक्टर,और वकील के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है ।

पूरा मामला कुछ इस प्रकार है कि 12 नवंबर .2023 को मृतक शिवकुमार घृतलहरे पिता परागदास उम्र 36 वर्ष साकिन पोडी थाना बिल्हा जिला बिलासपुर को बाक्क्ड़ी में उल्टी करने एवं मुंह से झाग निकलने एवं स्वास्थ्य खराब होने पर परिजनो द्वारा बिल्हा सीएचसी से चेकअप बाद रिफर किये जाने पर सिम्स मे ईलाज वास्ते भर्ती किया गया था लेकिन 14.नवंबर .2023 को शिवकुमार की ईलाज दौरान मृत्यु हो गई थी। मृतक के शव का पंचनामा एवं पोस्टमार्टम दौरान परिजनो द्वारा बाये पैर के उंगली में सांप काटने से फौत होना बताया गया था। पीएमकर्ता डाक्टर द्वारा शिवकुमार की मृत्यु बाया पैर के उंगली में सांप काटने का निशान पाया जाना एवं मृत्यु सांप काटने से ही होना पीएम रिपोर्ट में लेख की थी।

पुलिस जांच दौरान पंचनामा करने वाले पुलिस अधिकारी द्वारा पंचानो के समक्ष शव निरीक्षण दौरान सांप काटने का मृतक के पैर के उगली में निशान नही पाया था। सिम्स में शिवकुमार का ईलाज करने वाले डॉक्टर से उसके बिमारी एवं मृत्यु के संबंध में जानकारी लेने पर शराब एवं जहर सेवन से मृत्यु होना लेख कर सांप काटने से मृत्यु होने का खण्डन किया गया है। शिवकुमार को ईलाज



हेतु जहर एवं शराब सेवन से स्वास्थ बिगडने के कारण भर्ती करना पाया गया। दो अलग अलग अभिमत मृतक शिवकुमार के मृत्यु के संबंध में प्रकाश में आने पर उसके परिजनो से पुनः पुलिस द्वारा बारिकी से पूछताछ किये जाने पर यह ज्ञात हुआ कि वकील कामता प्रसाद साहू के यह कहने पर कि यदि शिवकुमार की मृत्यु सांप काटने से हुई है बताकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट तैयार करवाया जाये तो शासन से तीन लाख रुपये मुआवजा मिलेगा जिसके लालच में आकर उन्होने पुलिस को सांप काटने का झूठा तथ्य बताया है।

पुलिस जांच दौरान यह तथ्य संज्ञान में आने पर मामले की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह को दी गई। उन्होने मामले में गहन जांच के निर्देश दिये जांच पर पता चला कि मृतक शराब पीने का आदी था और कर्ज से परेशान था जिसके कारण स्वयं जहर सेवन कर लिया था यह बात उसने स्वास्थ्य खराब होने पर स्वतः परिजनो को बताया था किन्तु परिजनो द्वारा पैसे की लालच में यह तथ्य छिपा दिया गया था। इसी प्रकार डॉक्टर द्वारा मृतक के पैर में सांप काटने का कोई निशान नहीं होना जानते हुये एवं अज्ञात जहर व शराब सेवन से ईलाज वास्ते अस्पताल में उसके भर्ती होने के तथ्यो का अनदेखी करते हुये गलत पोस्टमार्टम रिपोर्ट परिजनो को मुआवजा राशि के रुप में तीन लाख रुपये दिलाकर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने एवं स्वयं लाभान्वित होने के उददेश्य से षडयंत्र मे शामिल होकर तैयार किया गया ।

मामले की जांच पर आरोपी वकील कामता प्रसाद साहू, डाक्टर प्रियंका सोनी, मृतक के पिता परागदास घृतलहरे, पत्नि नीता घृतलहरे एवं भाई हेमंत घृतलहरे द्वारा यह जानते हुये कि मृतक शिवकुमार की मृत्यु शराब एवं जहर सेवन से हुई है. साप काटने से नहीं हुई है। शासन द्वारा सांप काटने से मिलने वाले मुआवजा राशि तीन लाख रुपये षडयंत्र पूर्वक सदोष लाभ अर्जित करने की नीयत से पुलिस को झूठे तथ्य बताये गये है एवं वकील द्वारा तहसीलदार के कार्यालय में मुआवजा हेतु आवेदन दिया गया ।मामले में विवेचना कर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

### आरोपीगण

कामता साहू पिता स्व. रामलाल साहू उम्र 36 वर्ष ग्राम पेण्डारी थाना सकरी जिला बिलासपुर। डॉ. प्रियंका सोनी एमबीबीएस एम. डी. फोरेंसिक मेडिसीन सिम्स बिलासपुर। पराग दास घृतलहरे पिता स्व. बगलू उम्र 66 वर्ष साकिन पोडी थाना बिल्हा। हेमंत कुमार घृतलहरे पिता पराग दास उम्र 34 वर्ष साकिन पोडी थाना बिल्हा। श्रीमति नीता घृतलहरे पति स्व. शिवकुमार उम्र 35 वर्ष साकिन पोडी थाना बिल्हा।

# सरकार की पहल से निर्धन परिवारों की बड़ी चिंता हुई दूर-अमर अग्रवाल

## मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम में 25 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में



**बिलासपुर**, 8 मई (देशबन्धु)। एकीकृत बाल विकास परियोजना, महिला एवं बाल विकास विभाग बिलासपुर अंतर्गत 8 मई को विधानसभा बिलासपुर के 25 जोड़ो का शहीद वीर नारायण श्रमिक प्रतिक्षालय में सामुहिक विवाह का सफल कार्यक्रम आयोजित करवाया गया। जिसमे मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक अमर अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि नगर निगम महापौर श्रीमती पूजा विधानी, नगर निगम सभापति विनोद सोनी, जिलाध्यक्ष भाजपा दिपक सिंह ठाकुर, वार्ड पार्षद श्रीमती अंजनी कश्यप व सभी वार्डों के पार्षदगण, मण्डल अध्यक्ष व सदस्य ,नगर निगम समाज कल्याण अधिकारी श्रीमती रेणुका पिंगले, महिला एवं बाल विकास से जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री सूर्यकांत गुप्ता ,परियोजना अधिकारी श्रीमती दीप्ति पटेल साहू , सेक्टर पर्यवेक्षक ,आगनवाड़ी कार्यकर्ताएं व सहायिकाएं आदि उपस्थित रहे।

विधायक अमर अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह आयोजन में 50 हज़ार प्रति जोड़े हेतु शासन ने निर्धारित किये हैं जिसमे से 35 हज़ार का चेक कार्यक्रम स्थल पर ही कन्याओं को प्रदान किया जाता है शेष 7 हज़ार की राशि से जोड़ो के विवाह परिधान, श्रृंगार सामग्री, चांदी के मंगलसूत्र व बिछिया प्रदान की जाती है ,कार्यक्रम आयोजन पर शासन का उद्देश्य गरीब परिवारों को कन्या के विवाह में होने वाली आर्थिक कठनाइयों का निवारण ,सादगीपूर्ण विवाह सम्पन्न कराना, सामुहिक विवाह को प्रोत्साहित कर इसके माध्यम से गरीबों के मनोबल ,आत्मसम्मान में वृद्धि व उनकी सामाजिक स्थिति में सुधार लाना है तथा दहेज के लेन देन की रोकथाम करना है। साथ ही वर्ष में 3 से 4 बार मुख्यमंत्री कन्या विवाह के कार्यक्रम आयोजित किये जाने के विभाग को निर्देशित किये गए। नगर निगम महापौर द्वारा भी शासन का उद्देश्य बताकर जोड़ो को आशीर्वचन प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत मे प्रति जोड़ो को सभी अतिथियों के द्वारा 35 हज़ार का चेक व आर्शीवाद स्वरूप स्वयं की ओर से उपहार प्रदान किया गया। सभी जोड़ो को भोजन कराकर विदाई दी गई ।सम्पूर्ण कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास की समस्त टीम व कन्या विवाह कार्यक्रम आयोजन प्रभारी दुर्गेश पांडेय के समन्वय से सफल रहा।

## सार-संक्षेप



### कलेक्टर की उपस्थिति में रक्तदान शिविर का आयोजन, 35 लोगों ने किया रक्तदान

**बिलासपुर**, 8 मई (देशबन्धु) ।भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा बिलासपुर द्वारा विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर जल संसाधन विभाग के प्रार्थना सभा भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 35 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में कलेक्टर एवं अध्यक्ष रेडक्रास सोसाइटी श्री संजय अग्रवाल रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन करने हेतु स्वयं उपस्थित रहे। रक्तदान में जिला चिकित्सालय, एकता ब्लड बैंक एवं सिम्स की टीम उपस्थित रही। रक्तदान कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ. बी. एल. गोयल, नोडल अधिकारी डॉ. एम. ए. जीवनी, कोषाध्यक्ष अमरजीत दुआ, जिला समन्वयक सौरभ सक्सेना, प्रभारी रेड क्रॉस मेडिकल शॉप आदित्य पांडे, लक्ष्मी नारायण मिश्रा, मनीष मिश्रा, सुशील राजपूत, श्रीमती गीतेश्वरी चंद्र, ममता लहरे आदि उपस्थित थे।

### शराब कोचिया 6 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ गिरफ्तार

**बिलासपुर**, 8 मई (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक



रजनेश सिंह के द्वारा जिले में नशे के कारोबारियों पर लगातार कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) श्रीमती अर्चना झा एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कोटा श्रीमती नूपुर उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रतनपुर नरेश कुमार चौहान के द्वारा नशे के आरोपियों पर कार्यवाही करने हेतु गठित टीम गठित द्वारा बुधवार को मुखबीर से मिली सूचना पर ग्राम कलमीटार में सौंरापारा निवासी ब्रम्हा सौंरा के घर में रेड कार्यवाही कर 06 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 1200 रूपये को जप्त कर उक्त आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आब. एक्ट की कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार चौहान, उपनिरी. मेलाराम कठौतिया, आर. महेन्द्र नेताम का विशेष योगदान रहा।

### थाना पचपेड़ी के 3 स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**बिलासपुर**, 8 मई (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा पूर्व में थाना प्रभारियों की मीटिंग लेकर स्थाई व गिरफ्तारी वारंट तामील करने का आदेश दिये हैं, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनुज गुप्ता तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी लालचंद मोहले द्वारा निर्देश दिया गया है,थाना प्रभारी पचपेड़ी श्रवण कुमार टंडन द्वारा वारंट तामील हेतु विशेष टीम बनाकर रवाना किया गया था। अभियान अंतर्गत 03 स्थाई वारंटी पति ,पत्नी और बेटे को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। जिन्हें गिरफ्तार किया गया उनके नाम उदय पाटले ग्राम केवतरा,कमला बाई पाटले और आनंद पाटले ग्राम केवतरा है।।संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी पचपेड़ी श्रवण कुमार टंडन , प्रधान आरक्षक हरेंद्र खूंटे,आरक्षक रघुनाथ रेड्डी, आरक्षक गज पाल जागड़े, महिला आरक्षक यशोदा का योगदान रहा।

# भारत के हिंदवी स्वराज का इतिहास भव्य एवं गौरवशाली-कुलपति प्रो. चक्रवाल

### सीयू में विक्ट्री ऑफहिंदवी स्वराज ओवर अटक एंड मुल्तान बाय मई 8, 1758 विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान आयोजित

**बिलासपुर**, 8 मई (देशबन्धु)। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) नैक से ए. ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा 08 मई को सुबह 11 बजे विक्ट्री ऑफ हिंदवी स्वराज ओवर अटक एंड मुल्तान बाय मई 8, 1758 विषय पर ऑनलाइन माध्यम से व्याख्यान का आयोजन किया गया। ऑनलाइन व्याख्यान के मुख्य अतिथि एवं वक्ता प्रो. भगवती प्रसाद शर्मा, पूर्व कुलपति, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, नोएडा यूपी एवं विशिष्ट अतिथि प्रो. रामेन्द्रनाथ मिश्र, पूर्व विभागाध्यक्ष, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर रहे। व्याख्यान कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति महोदय प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने की।



व्याख्यान कार्यक्रम के संरक्षक एवं अध्यक्ष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि इतिहास का अवलोकन एवं लेखन सरल नहीं इसलिए संस्कृति और सभ्यताओं को जीवित रखने के लिए भारत के गौरवशाली एवं वैभवशाली इतिहास का दस्तावेजीकरण आवश्यक है। छत्रपति शिवाजी महाराज का अदम्य साहस, अद्वितीय नेतृत्व क्षमता, दृढ़ संकल्प और लोक कल्याणकारी संवेदनशील कार्यप्रणाली ने मराठाओं को शक्तिशाली बनाया। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने हिंदवी स्वराज की स्थापना करते हुए विभाजनकारी और दमनकारी इस्लामी शासन का प्रतिरोध किया।

कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने कहा कि भारतीय अस्मिता, सभ्यता और संस्कृति तभी अक्षुण्ण रहेगी जब हम एकजुट रहेंगे। मराठों ने न केवल मुगलों को हराया, बल्कि 18वीं शताब्दी के अधिकांश समय में ब्रिटिश हुकूमत को भी भारत पर कब्जा करने से रोका। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग को भारतीय इतिहास को सहेजने के लिए सकारात्मक प्रयास करना चाहिए।

मुख्य अतिथि एवं वक्ता प्रो. भगवती प्रसाद शर्मा, पूर्व कुलपति, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, नोएडा उत्तर प्रदेश ने कहा कि 08 मई, 1758 का दिन भारत का सबसे गौरवशाली दिन है। तत्कालीन भारतीय क्षेत्र के 80 फीसदी क्षेत्रफल पर हिंदवी स्वराज का अधिकार था। उन्होंने कहा कि पेशवा की सत्ता कमजोर होने से मराठों का शासन कमजोर हुआ। मुगलों या अंग्रेजों के पास फौज में अपने सिपाही कम और भारतीय सिपाही ज्यादा थे।

विशिष्ट अतिथि प्रो. रामेन्द्रनाथ मिश्र, पूर्व विभागाध्यक्ष, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर ने कहा कि भारत का इतिहास गौरवशाली एवं वैभवशाली है। अटक से कटक और कश्मीर से तंजावुर तक हिंदवी स्वराज का साम्राज्य फैला हुआ था। मुगलों से पूर्व दिल्ली के किले पर मराठों का राज था। हिंदवी स्वराज का विचार छत्रपति शिवाजी महाराज का था जिसने राष्ट्र को हिंदुत्व और गौरव से जोड़ने का काम किया। भारतीय इतिहास को अंग्रेजों ने गलत ढ़ग से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि इतिहास के पुनर्लेखन एवं पुर्नावलोकन का यह सही समय है। संकल्पित होकर नये तथ्यों के साथ युवाओं को नवीन इतिहास से अवगत कराना हमारा दायित्व है।

इस अवसर पर व्याख्यान कार्यक्रम के सह-संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. ए.एस.रणदिवे एवं प्रो. आर.के. प्रधान, अधिष्ठाता सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ ने अपने विचार व्यक्त किये। व्याख्यान कार्यक्रम की समन्वयक प्रो. सीमा पाण्डेय, विभागाध्यक्ष इतिहास विभाग ने स्वागत भाषण दिया। संयोजक प्रो. प्रवीन कुमार मिश्रा ने विषय प्रवर्तन तथा संचालन एवं धन्यावद ज्ञापन आयोजन सचिव डॉ. घनश्याम दुबे ने किया।

# अमने शिविर में 3060 आवेदनों का हुआ समाधान, निराकरण की दी गई जानकारी

### पक्के आवास सहित अन्य सुविधाओं के लिए हितग्राहियों ने जताया आभार

### विभिन्न विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की दी गई जानकारी



**बिलासपुर**, 8 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तहत आज कोटा ब्लॉक के अमने में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 3400 आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। इनमें से 3060 आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है। मौके पर ही हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित किया गया और सामग्री का वितरण किया गया। शिविर में प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, कोटा जनपद अध्यक्ष श्रीमती सूरज साधेलाल भारद्वाज, उपाध्यक्ष मनोहर सिंह राज सहित अन्य जनप्रतिनिधि, एसडीएम नितिन तिवारी, सीईओ युवराज सिन्हा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी और 10 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने शिविर का लाभ उठाया।

ग्राम अमने में आयोजित समाधान शिविर में हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत सामग्री वितरण कर लाभान्वित किया गया। इसमें राजस्व विभाग द्वारा किसान किताब, कृषि विभाग द्वारा हैण्ड स्प्रेयर, लपेटा पाईप, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड और पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को आवास की चाबी, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत समूह के दीदियों को बैंक लिंकेज की राशि जारी की गई। शिविर स्थल पर महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, खाद्य विभाग, परिवहन विभाग, पशु पालन विभाग सहित अन्य विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गई।

### मिला पक्का आवास

शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को नये आवास की चाबी सौपी गई। इनमें अमने के कल्याण जायसवाल, श्रीमती रूखमीण साहू, छेदी लाल जायसवाल शामिल हैं। प्रतीक रूप में मंच से उनके नवनिर्मित पक्के आवासों की चाबी सौपी गई तो उनकी खुशियां देखते बनती थी। बरसात के मौसम में छत से पानी टपकता था। सांप बिच्छुओं का डर, हर साल झोपड़ी की मरम्मत का बोझ बना रहता था। योजना की राशि से उन्होंने साफ-सुथरा, मजबूत पक्का घर बनवाया जहां न केवल रहने के लिए कमरे हैं बल्कि शौचालय और बिजली भी है। अब वे अपने पक्के आशियाने में सुरक्षा और सम्मान के साथ चिंता मुक्त रहेंगे।

### हैण्ड स्प्रेयर और लपेटा पाईप से खेती-किसानी में मिलेगी मदद

कृषि विभाग द्वारा अमने के ही बेनी राम यादव को हैण्ड स्प्रेयर और रामकुमार ध्रुवे को लपेटा पाईप का वितरण किया गया। बेनी राम यादव को 1460 रूपए की लागत वाला हैण्ड स्प्रेयर 50 प्रतिशत अनुदान में 730 रूपए में मिला है। उन्होंने कहा कि हैण्ड स्प्रेयर से हमें खेती-किसानी में बहुत मदद मिलेगी। इसी प्रकार रामकुमार ध्रुवे को लपेटा पाईप का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि इसकी किमत 1400 रूपए है 50 प्रतिशत अनुदान में उन्हें 1250 रूपए में लपेटा पाईप मिला है। उन्होंने सुशासन तिहार में मिली सौगात के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताया।

# मंडल रेल आपदा प्रबंधन टीम एवं राष्ट्रीय आपदा मोचन बल ने संयुक्त रूप से किया मॉक ड्रिल का प्रदर्शन

### शहडोल स्टेशन यार्ड में ट्रेन दुर्घटना के दौरान की जाने वाली राहत व बचाव कार्य का अभ्यास

### एनडीआरएफ एवं रेलवे टीम के लिए आपदा के समय अनुभव तथा विशेषज्ञता आदान-प्रदान करने और हमेशा सतर्क रहने के लिए किया जाता है यह मॉक ड्रिल

**बिलासपुर**, 8 मई (देशबन्धु)। आपदा के समय फ्रंट लाइन स्टाफ, रेल आपदा प्रबंधन टीम एवं स्थानीय नागरिक ही बचाव कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसी संदर्भ में रेलवे द्वारा अपने फ्रंट लाइन स्टाफ, रेल आपदा प्रबंधन टीम एवं स्थानीय नागरिकों को ट्रेन में होने वाली संभावित दुर्घटनाओं का प्रदर्शन कर उस आपातकालीन स्थिति में किए जाने वाले राहत व बचाव कार्य से संबंधित तरीकों को अभ्यास के माध्यम से प्रदर्शित करते हुए प्रशिक्षण दिये जाने की नियमित व्यवस्था है। इससे वे दुर्घटना के समय किए जाने वाले बचाव कार्य के तरीकों से अपडेट व अभ्यस्थ रहें व कम से कम समय में कुशलतापूर्वक राहत व बचाव कार्य कर सकें। साथ ही दुर्घटना राहत उपकरणों की कार्य पद्धति एवं रेलवे आपदा प्रबंधन टीम की तत्परता व क्रियाशीलता भी परखी जा सके।

इसी कडी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल द्वारा शहडोल स्टेशन यार्ड के गुड्स शेड के सामने में आज 08 मई को प्रातः 10 बजे से सवारी गाड़ी में बम विस्फोट होने के कारण उत्पन्न हुई आपदा से निपटने के लिए किए जाने वाली बचाव व राहत कार्य का प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में शहडोल स्टेशन यार्ड के गुड्स शेड के पास एक स्पेशल ट्रेन के एक सामान्य कोच में बम विस्फोट



होने से 01 यात्री की मौत तथा 14 यात्रियों के गंभीर रूप से घायल होने तथा कोच में आग लगने की सूचना प्रसारित की गई।

यह अभ्यास प्रदर्शन राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की 11वीं बटालियन, मंडल संरक्षा विभाग, रेल आपदा प्रबंधन टीम (एआरटी/एआरएमव्ही) तथा सिविल डिफेंस द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। साथ ही एक संदिग्ध पार्सल पेकेट देखे जाने की सूचना आरपीएफ़ तथा स्थानीय पुलिस विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही आरपीएफ़ तथा स्थानीय पुलिस की टीम दलबल के साथ मौके पर पहुंची तथा डॉग स्क्वाड की सहायता से बम होने की पुष्टि करते हुये इसे डिस्पोज किया। इसके साथ ही दुर्घटना राहत यान एवं दुर्घटना राहत चिकित्सा यान (एआरटी/एआरएमई) के साथ मंडल रेल आपदा प्रबंधन टीम एवं राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) टीम तथा फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा घटना स्थल पहुँच कर राहत व बचाव कार्य करने की पूरी प्रक्रिया को दिखाया गया। ग्रीन कॉरीडोर बनाकर एम्बुलेंस द्वारा गंभीर रूप से घायल यात्रियों को त्वरित चिकित्सा प्रदान करने के लिए रेलवे अस्पताल पहुंचाया गया। इस दौरान यह बताया गया कि ऐसी आपातकालीन स्थिति में कैसे पीडितों को सुरक्षित बाहर निकाला जाय एवं उनकी सहायता की जाय। साथ ही आग को बुझाने के विभिन्न तरीकों को भी जीवंत रूप में दिखाया गया। इस अभ्यास प्रदर्शन के माध्यम से किसी भी आपदा की स्थिति से निपटने हेतु राहत एवं बचाव कार्यों की गतिविधियों को भी दिखाया गया। इस दौरान सभी विभागों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया।

इस बम विस्फोट के कारण उत्पन्न हुई आपदा से निपटने के लिए किए जाने वाली बचाव व राहत कार्यों के तैयारियों की मानीटरिंग महाप्रबंधक महोदय के मार्गदर्शन में मुख्यालय वार रूम से अपर महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षों द्वारा तथा मंडल वार रूम से मंडल रेल प्रबंधक व शाखाधिकारियों द्वारा की गई। साथ ही यात्रियों को घटना की त्वरित व सटीक जानकारी प्रदान करने हेतु मंडल के बिलासपुर, अनूपपुर, उसलापुर, चांपा, कोरबा, रायगढ़, ब्रजराजनगर सहित सभी प्रमुख स्टेशनों में क्या मैं आपकी मदद कर सकता हूँ? बुथ तथा हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए।

अभ्यास प्रदर्शन के दौरान लगाए गए प्राथमिक उपचार केंद्र, पूछताछ केंद्र, सहायता केंद्र व सभी राहत स्टालों का अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। साथ ही रेलवे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उपस्थित नागरिकों को आपदा के समय की जाने वाली राहत व बचाव कार्यों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्थानीय मीडिया के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

इस संयुक्त अभ्यास प्रदर्शनी में संरक्षा विभाग, एनडीआरएफ, सिविल डिफ़ेंस, स्काउट-गाइड, सेंट जोन्स ऐंबुलेंस, एटीआर स्टाफ, एआरएमई स्टाफ, आरपीएफ, वाणिज्य विभाग, चिकित्सा विभाग सहित सभी विभाग के कर्मचारियों द्वारा विशिष्ट योगदान दिया गया। इस अभ्यास प्रदर्शन में अपर मंडल रेल प्रबंधक चंद्रभूषण, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी साकेत रंजन सहित मुख्यालय व मंडल के सभी संबंधित विभाग के अधिकारी एवं बडी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

### नदी किनारे मिली युवक की संदिग्ध लाश

**बिलासपुर**, 8 मई (देशबन्धु)। शहर के गोड़पारा इलाके में नदी किनारे स्थित एक लकड़ी टाल परिसर में एक युवक की लाश संदिग्ध हालत में मिलने से सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस पहुँची और मामले की जांच शुरू कर दिया। मर्ग कायम कर पंचनामा कार्रवाई पूरी की। मृतक की पहचान जांजगीर जिले के सारागांव थाना क्षेत्र के ग्राम दादरा निवासी राजेश महंत के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि राजेश पहले इसी लकड़ी टाल में काम करता था, लेकिन बाद में उसने पेंटिंग और मजदूरी का काम शुरू कर दिया था।

**NECC**

| 09.05.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
| --- | --- | --- | --- |
| फार्म | 501 | 70 | 135 |
| चिल्हर | 6.00 | 100 | 160 |
| डिलीवरी | 516 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771